ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज-12

वैशाख कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | रांची, रविवार, 28 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-86, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 73,730.16 ▼-609.28
डॉलर 83.404 ▲ +0.133

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 67,250
चांदी (1 किलो) 88,000

आज के मैच

समय : 28 अप्रैल, 3:30 बजे से
स्थान : अहमदाबाद

समय : 28 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : चेन्नई

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

एक नजर

झामुमो ने खेलगांव को हेलीकॉप्टर पार्किंग बनाया भाजपा पहुंची आयोग

रांची। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को चुनाव आयोग पहुंचा और झामुमो द्वारा खेलगांव में हेलीकॉप्टर पार्किंग बनाने पर विरोध दर्ज कराते हुए मुख्य चुनाव पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामलों के उप प्रमुख प्रकाश झा और अधिवक्ता शिव कुमार शर्मा शामिल थे। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की झामुमो ने खेलगांव को हेलीकॉप्टर पार्किंग बना लिया है। यह किसके आदेश पर किया गया, अभी तक कितना बार यहां से हेलीकॉप्टर उड़ा और क्या-क्या हेलीकॉप्टर से लाया ले जाया गया। उन्होंने हेलीकॉप्टर से भारी मात्रा में पैसे के आवागमन की आशंका जताई। पूछा झामुमो पार्किंग का कितना भाड़ा दे रही है किसको दे रही है ये सब स्पष्ट किया जाना चाहिए।

आजकल

झारखंड में लू का यलो अलर्ट जारी

■ सरायकेला का तापमान पहुंचा 45 डिग्री, अगले 5 दिनों तक लगातार बढ़ेगा हीट वेव का असर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य के लगभग सभी जिलों का अधिकतम तापमान शनिवार को 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक चल रहा है। इस कारण लोगों को पूर्वाह्न दस बजे के बाद से घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

पिछले 24 घंटे की बात करें, तो सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां का 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गोड्डा और बहरागोड़ा का तापमान 44 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर और पाकुड़ का तापमान 43 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सिमडेगा, साहेबगंज, पलामू एवं जामताड़ा का तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह और रामगढ़ का तापमान 41 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। धनबाद, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा और रांची का तापमान 39.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इसमें बताया गया है कि 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव (लू) का असर लगातार बढ़ता रहेगा। हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में 28 से 29 के बीच भी देखा जाएगा। आने वाले पांच दिनों के दौरान राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा। इसमें पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में भी कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी।

इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। साथ ही, लोगों को सलाह दी है कि दिन के दिन में 11:00 बजे से लेकर 04:00 बजे तक बाहर नहीं निकलें। समय-समय पर पानी पीते रहें। साथ ही, कॉटन कपड़े का इस्तेमाल करें। बाहर निकलने से पहले शरीर को अच्छी तरह ढक लें।

रांची का तापमान 39.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया

शिक्षा विभाग अलर्ट स्कूलों में दो बार बजेगा वाटर बेल

राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूलों में बच्चों को दो बार कम से कम एक-एक ग्लास पानी पिलाना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने सभी जिलों के डीईओ और डीएसई को पत्र लिखा है। स्कूलों में 8:30 और 10:30 बजे वाटर बेल बजाने के लिए कहा गया है। यह आदेश सरकारी के साथ निजी स्कूलों में भी लागू होगा।

चालक फोन पर कर रहा था बात तीखे मोड़ पर पलट गई स्कूल बस

बस पर सवार थे तीस बच्चे, एक बच्ची के सिर में गंभीर चोट, कराया सीटी स्कैन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मांडर थाना क्षेत्र के ब्रांबे के पास शनिवार को सुबह छह बजे संत मारिया स्कूल की बस पलट गई। इस हादसे में एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस चालक फोन पर बाते करते हुए तेज गति में गाड़ी मोड़ने का प्रयास कर रहा था। तभी गाड़ी का चक्का स्केट करते हुए एक तरफ झुक गया और वह खेत में जा गिरा। मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को बस से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घटना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

लोगों ने की मदद

दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने बच्चों को बस से निकाला। मांडर पुलिस के साथ स्थानीय लोगों ने बस का पिछला शीशा तोड़ा और सभी बच्चों को बाहर निकाला। बच्चों को एंबुलेंस और पुलिस वाहन से तुरंत नजदीकी के अस्पताल पहुंचाया गया।

ग्रेटर नोएडा में 50 बच्चों से भरी बस पलटी, 10 गंभीर रूप से घायल

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में शनिवार को करीब 50 बच्चों से भरी एक स्कूल की बस पलट गई। इस घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो तत्काल टीम मौके पर पहुंची। सभी बच्चों को बस से बाहर निकला गया। बस का इमरजेंसी गेट तोड़कर बच्चों को कड़ी मेहनत के बाद बाहर निकाला गया। आसपास मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हालांकि, पुलिस ने इसको लेकर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मोदी ने कहा- इंडी गठबंधन 5 साल में पांच प्रधानमंत्री बनाएगा

तुष्टिकरण मंत्र, सरकार बनाओ नोट कमाओ, यही इनकी सोच

याकूब मेनन की कब्र को संवारने वाले लोग महाराष्ट्र का भाग्य नहीं संवार सकते

तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी ठुकरा दिया

एजेंसी। नई दिल्ली

इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर प्रधानमंत्री लगातार हमलावर हैं। कांग्रेस मेनिफेस्टो को मुस्लिम लीग की सोच से जोड़ते और कांग्रेसी नेताओं के विरासत कर संबंधित विवादित बयानों से वह गठबंधन को लगातार कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में प्रधानमंत्री ने एक बार फिर कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो वो महिलाओं के सोने-चांदी की जांच करवाएगी और इसे अल्पसंख्यकों में बांट देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ।

पीएम ने कहा कि इनकी सोच और समझ में ही तुष्टिकरण है। याकूब मेनन की कब्र को संवारने वाले लोग महाराष्ट्र का भाग्य नहीं बदल सकते। ये कहते हैं हमारी सरकार आई तो सीएए को खत्म कर देंगे। कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस लाएंगे।

बीजेपी और एनडीए 2-0 से आगे

पीएम बोले, कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद बीजेपी और एनडीए 2-0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं इसलिए ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

कांग्रेस ने राम मंदिर बनाने का विरोध किया

प्रधानमंत्री ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना पूरा हुआ है। दशकों तक राम मंदिर को बनने से रोकने वाली कांग्रेस ने उसका भी बहिष्कार किया। कांग्रेस वालों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। ये सब तुष्टिकरण की सोच के कारण हुआ।

कांग्रेस के करीबी सनातन को डेंगू-मलेरिया कहते हैं

कांग्रेस की काफी करीबी डीएमके पार्टी डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। जो लोग सनातन धर्म को नष्ट करने की बात करते हैं, उन्हें इंडी एलायंस ने महाराष्ट्र में आमंत्रित किया है और उनका यहां स्वागत किया जाता है।

टिकट नहीं मिला तो एक महीने के अंदर रामटहल ने कांग्रेस को किया बाय-बाय

कहा, मीर और राहुल गांधी ने खुद दिया था टिकट का भरोसा अपनी बात से मुकरे तो मैंने छोड़ी पार्टी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अभी एक माह भी नहीं हुए थे कि टिकट की आस में नई दिल्ली जाकर कांग्रेस का दामन थामने वाले भाजपा के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस को बाय-बाय कर दिया। रांची प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पूर्व सांसद ने इस्तीफे की घोषणा की। पूर्व सांसद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। पूर्व सांसद पिछले माह 28 मार्च को ही कांग्रेस में शामिल हुए थे। रामटहल चौधरी ने कहा कि रांची लोकसभा सीट से टिकट देने की शर्त पर वे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

5 साल तक भाजपा का नहीं खटखटाया दरवाजा

पूर्व सांसद ने कहा कि बिहार के सीएम नीतीश ने उन्हें अपनी पार्टी में तब आने का न्यौता दिया था, जब वे इंडिया गठबंधन में थे और रांची से टिकट देने का वादा किया था। लेकिन तब पेंच यही था कि रांची कांग्रेस की सीट है, तब उन्हें कैसे टिकट मिलेगी, इसलिए वे नहीं गए, उसी के बाद कांग्रेस के नेता मेरे संपर्क में आए और सुबोधकांत सहाय की जगह उन्हें टिकट देने का भरोसा दिया। पूर्व सांसद ने कहा कि पांच साल तक किसी पार्टी के दरवाजे पर टिकट मांगने नहीं गए। यहां तक भाजपा के पास भी नहीं, जिसे उन्होंने 50 साल तक सींचा। पूर्व सांसद ने कहा कि फिलहाल उन्होंने न तो वे किसी पार्टी को समर्थन देने की सोची है और ना ही निर्दलीय चुनाव लड़ने के बारे में कोई फैसला किया है।

गढ़वा में फंदे से लटकता मिला बीडीओ का शव

पुलिस हत्या और आत्महत्या के एंगल से कर रही है जांच

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा जिले के विशुनपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्नान केरकेटा का शव शनिवार की दोपहर उनके आवास पर फंदे से झूलता मिला। जैसे ही यह खबर फैली प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही आमलोगों में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार जब ब्लॉक स्टाफ दोपहर तीन बजे किसी कागजात पर उनसे हस्ताक्षर कराने गए तो दरवाजा बंद था।

फाइल फोटो

कर्मियों ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाने को दी। सूचना पर थाना प्रभारी राहुल सिंह बीडीओ आवास पर पहुंचे। आवास के खिड़की से देखा तो बीडीओ का शव रस्सी से झूलता पाया। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

गुमला जिले के सिसई थाने का मुंशी घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

रांची। एसीबी, रांची की टीम ने शनिवार को गुमला जिले के सिसई थाना के मुंशी को मधुसूदन झा को नौ हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस संबंध में रांची के ईटकी निवासी सौरभ कुमार गुप्ता ने लिखित आवेदन दिया था कि उन्हें एक मामले में सिसई थाना के जरिये गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तारी के समय सौरभ का मोबाईल, लैपटॉप एवं अन्य समान को सिसई थाना ने जब्त किया था। न्यायालय से जमानत लेने के बाद जब्त सामानों का रिलीज आर्डर लेकर सौरभ जब सिसई थाना गये तो सामानों को रिलीज करने के एवज में सिसई थाना के मुंशी मधुसूदन झा ने उनसे दस हजार रिश्वत की मांग की।

रांची में बर्ड फ्लू संक्रमित दो चिकित्सकों सहित छह को किया गया क्वारंटाइन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। इस बाबत प्रक्षेत्र के डॉ. गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किए हैं, जिसकी जांच की जायेगी। जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ. रजनीश गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

साहिबगंज में कार से 4.33 लाख बरामद

साहिबगंज। लोकसभा चुनाव को देखते हुए साहिबगंज जिला प्रशासन ने राधानगर हाईस्कूल चौक के समीप चेकपोस्ट बनाया है। इस चेकपोस्ट पर शनिवार की दोपहर वाहनों की जांच के दौरान एक गाड़ी से 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए गए। जांच के दौरान पुलिस ने चार पहिया वाहन (जेएच 05डीएच 5198) की तलाशी ली। इससे पुलिस ने 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये पैसे राजमहल के एक सीमेंट व्यवसायी के हैं। चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट बीएफटी अब्दुल रजाक अग्रिम कार्रवाई कर रहे हैं।

इंडिया

सबसे महंगे और सुविधायुक्त चुनाव में बढ़ेगी भागीदारी ?

सुनील बादल

चुनाव आयोग, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अनुसार 2024 के चुनावी खर्च का अनुमान है कि यह सबसे महंगा चुनाव होगा जिसमें बूथों में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराकर वोटरों को यह संदेश देना है कि असुविधा के कारण कोई वोटर बूथ में जाने से हिचके नहीं। प्रति मतदाता खर्च रुपये में इस कारण रिकॉर्ड वृद्धि हुई है पर क्या रिकॉर्ड मतदान सुविधाएं बढ़ाकर होगा? क्योंकि कुछ वोटर सुविधाओं की कमी से नहीं जाते पर मतदान का प्रतिशत कम होने के अन्य कई कारण भी हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की घोषणा करते हुए कहा था कि इस बार हर बूथ पर महिला और पुरुष के लिए शौचालय,दिव्यांगों के लिए रैंप और पीने के पानी जैसी आवश्यक हर सुविधा भारत के चारों कोने में चाहे वो कितने भी सुदूरवर्ती इलाके हों उपलब्ध कराई जाएगी। घर बैठे 85 वर्षीय बुजुर्ग और 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग को वोट दिलाना भी अत्यंत खर्चिला है और अनेक स्थानों पर हेलिकॉप्टर या चार्टर्ड प्ले न के उपयोग से चुनाव बहुत ही महंगा साबित होने वाला है। विचारणीय यह है कि क्या सुविधाओं की कमी के कारण लोग कम वोट देने जाते हैं? या रोजी रोजगार की तलाश में बहुत बड़ी संख्या में स्थायी और अस्थायी जो पलायन होता है।उससे गांव के गांव या कस्बे खाली हो जाते हैं और उसमें से कम लोग ही ऐसे होते हैं जो चुनाव के समय अपनी जिम्मेदारी समझते हुए गांव वापस लौट पाते हैं। यह एक बड़ा कारण है, खास तौर पर झारखंड में। जिसके कारण मतदान का प्रतिशत कम हो जाता है। और कई बार बहुत सारे लोग अपनी सक्रियता से या पार्टियों की सक्रियता से वोट का प्रतिशत अपने अपने हिस्से के लिए बढ़ाते हैं जिससे मतदान प्रभावित होता है। जबकि परिणाम देखकर यह लगता है कि जनता ने किसी एक खास पार्टी या विचारधारा को चुना है जबकि यह बूथ मैनेजमेंट कहा जाता है। कार्यकर्ता घर घर पर्ची पहुंचाकर अनुनय विनय कर उन्हें प्रेरित कर बूथ तक ले जाते हैं यह सिलसिला विरोधी समझे जाने वाले वोटरों के पास नहीं की जाती है। इसपर भी चुनाव आयोग को विचार करना चाहिए।18वीं लोकसभा के लिए हो रहा चुनाव पूरी प्रक्रिया के हिसाब से ही नहीं, मतदाता पर होने वाले खर्च के हिसाब से भी सबसे महंगा चुनाव होने वाला है। इस बार 96.88 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार सुचारु रूप से मतदान कराने पर इस बार भारत सरकार करीब 24 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। इस लिहाज से हर मतदाता पर करीब 243 रुपये खर्च होने का अनुमान है।अब बात पहले आम चुनाव 1952 की करें, तो 17.32 करोड़ लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। कुल 10.45 करोड़ रुपये खर्च हुए और हर मतदाता पर 60 पैसे की लागत आई। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के अनुसार, 2019 के आम चुनावों में सरकार ने करीब 12 हजार करोड़ रुपये खर्च किए और हर मतदाता पर 93 रुपये खर्च हुए।आंकड़ों पर नजर डालें, तो शुरू के छह आम चुनावों में प्रति मतदाता लागत एक रुपये से भी कम थी। मगर, बढ़ती महंगाई और रुपये के कमजोर होने से हर बार चुनाव के खर्च में बेतहाशा वृद्धि होती है। चुनाव आयोग हर साल मतदाता जागरूकता अभियान, वोटर कार्ड बनाने से लेकर ईवीएम के रखरखाव पर बहुत खर्च करता है। 2014 में पहली बार मतदाता सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का उपयोग किया गया, इस वजह से भी लागत में वृद्धि हुई। लोकसभा चुनाव पर होने वाला पूरा खर्च भारत सरकार वहन करती है, जबकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने का खर्च संबंधित राज्य सरकारों की ओर से वहन किया जाता है।

झारखंड में बच्चों के जरिए ड्रग पैडलिंग

40 लाख की अफीम के साथ नाबालिग गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

ड्रग पैडलर अब अफीम, ब्राउन शुगर, गांजा की खेप एक से दूसरी जगह पहुंचाने के लिए बच्चों का इस्तेमाल कर रहे हैं। झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत सिमरिया में पुलिस ने एक नाबालिग बालक को 40 लाख रुपये की अफीम के साथ पकड़ा है। सिमरिया एसडीपीओ अजय केसरी ने बताया कि नाबालिग के जरिए तस्करी कराने वाले माफिया को चिन्हित कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि अफीम की बड़ी खेप तस्करी के लिए हजारीबाग ले लाई जा रही है। इसपर टीम गठित की गई, जिसने चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित बलबल मंदिर के समीप बस का इंतजार कर रहे नाबालिग से शक के आधार पर पूछताछ कर तलाशी ली।

तलाशी के दौरान उसके पास से आठ किलोग्राम अफीम बरामद किया गया। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

14 मतदान केंद्रों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की गई समीक्षा

लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा जश्न : सीओ

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो लोकसभा आम चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा जश्न है और संपूर्ण तैयारी किए बिना जश्न की सफलता संभव नहीं है। उक्त बातें निर्वाचन से संबंधित बुधवार को आयोजित की गई समीक्षात्मक बैठक के दौरान बेड़ो के अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने कही। वे राजकीय प्राथमिक विद्यालय लमकाना और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जहानाबाज में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने मतदान केंद्र संख्या 295, 296, 297, 298, 299, 305, 306, 307, 308, 309, 310, 311, 312, 313, और 316 कल 14 मतदान केंद्रों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि यह अति आवश्यक है कि हम सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराऐं ताकि मतदान कर्मी, चुनाव कर में लगे सुरक्षाकर्मी और मतदाता को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी शौचालय के साथ-साथ पर्याप्त चार्जिंग पॉइंट, पंखा सहित अन्य सुविधा की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित किया जाना है।

भाजपा ने सोसाई मैदान में भरी हुंकार

भारी मतों से जीतने का किया दावा

नवीन मेल संवाददाता। मांडर प्रखंड स्थित प्रखंड स्थित सोसई मैदान में शनिवार को भाजपा ने चुनावी जनसभा की। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड से कांग्रेस का सफाया होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शिता के कारण भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। भाजपा सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। मोदी सरकार ने ग्रामीण जीवन को उन्नत बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय की व्यवस्था समेत अन्य कल्याणकारी योजनाएं दी है। वहीं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव ने भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में सेवा के चलते आया हूं। पहली बार ऐसे प्रधान मंत्री मिले हैं जो समाज के लिए करता है। अगर हमको आप अवसर देते है तो आपके आवाज को दिल्ली में उठा सकूं और आपका हित में कार्य कर सकूं। आप लोग मुझे एक बार सेवा का मौका दें। सभा को लोहारदगा लोकसभा के सह संयोजक सन्नी टोप्पो ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारा देश कितना आगे बढ़ गया है। इसे हमे सोचने समझने की जरूरत है। उन्हें जिताने के लिए अभी कार्यकर्त्ता को एकजुट होकर मोदी के बारे बताना होगा । उनकी उपलब्धि को गिनाना होगा। पूर्व विधायक गंगोत्री ने भी संबोधित किया। मौके पर खदी उरांव, अशोक साहू, सतन्नाद सिंह, विजय महतो, राम बालक ठाकुर, अरविंद सिंह, मुकेश प्रसाद, राजनाथ सिंह, अविनाश गुप्ता, कैलाश साहू, अमरनाथ महतो, पवन साहू, भोगेन सोरेन, सोनी तबस्सुम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

दहेज हत्या के दोषी पति को 14 साल सश्रम कारावास 30 हजार जुर्माना

कोडरमा। दहेज हत्या के दोषी पति को 14 साल की सजा सुनायी गयी है। दहेज के लिए हत्या मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को दोषी पति मोहम्मद जावेद को 304 (बी) आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी। इसके साथ ही 30 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2020 का है। मृतका के पिता मोहम्मद शहजाद ने चंदवारा थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था। उनका कहना था कि पुत्री अफसाना खातून की शादी 27 जून 2019 को मो जावेद के साथ की थी। तीन माह तक वह ससुराल में ठीक से रही। इसके बाद उसे एक मोटरसाइकिल और 50 हजार रुपए के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पंचायती भी हुई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 23 जून 2020 की सुबह 6 बजे फोन से सूचना मिली कि आपकी पुत्री की मौत हो गयी है।

शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का निधन

अंतिम संस्कार में शामिल होंगे मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का शनिवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। राजाराम सोरेन का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव रामगढ़ में शामिल होंगे। जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा गांव में लाया गया है। नेमार गांव में ही राजाराम सोरेन का अंतिम संस्कार होगा। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन राजाराम सोरेन के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

जल, जंगल जमीन और संविधान बचाने का है यह चुनाव : दयामनी बारला

खूंटी। कांग्रेस नेत्री दयामनी बारला ने लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष मे शनिवार को कर्रा प्रखंड के जबड़ा गांव सहित कई अन्य गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर इंडी गठबंधन के कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल जमीन के साथ ही संविधान बचाने के लिए है।

ट्रांसफार्मर खराब रहने से ग्रामीण परेशान

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के सिल्ली पंचायत के कड़ाकाटा गांव में एक माह से ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खास करके इस गर्मी के दिनों में रात के अंधेरे में कई प्रकार की परेशानी झेलने को विवश होना पड़ रहा है। इस टोला में 25 केवी का ट्रांसफर लगाया गया था । जहां बीते 1 महीने से खराब हो गया है जिसके कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश है। आगे बताया कि ट्रांसफार्मर से लगभग 50 घर के उपभोक्ता को बिजली का लाभ मिल रहा था, जहां लो वोल्टेज की समस्या से भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया कि इसकी जानकारी विधायक को दूरभाष पर दी गई है। साथ ही ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विभाग को भी दी है,ताकि नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जा सके। ग्रामीणों ने विधायक से कम से कम 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्विवाद बिजली मिल सके एवं लो वोल्टेज की समस्या से भी राहत मिल सके।

चैत्र पर्व व फूलखुंदी धूमधाम के साथ संपन्न

दहकते अंगारों पर चलकर अपनी अटूट भक्ति का परिचय देते हैं भोक्ता

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली सिल्ली के लगाम गांव में शनिवार को धूमधाम के साथ चैत्र पर्व संपन्न हो गया। इसको लेकर गांव के शिव मंदिर परिसर में को मेले का आयोजन किया गया। जहां लोग रात भर छऊ नृत्य तथा मेले का आनंद लिया। वहीं सुबह फूलखुंदी (दहकते अंगारों में चलना) का आयोजन किया गया। व्रती सभी भोगता अहले सुबह मंदिर के निकट तालाब में स्नान कर दहकते अंगारों पर चलकर एवं शिव जी का पूजा उपरांत प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोड़ते हैं। वहीं उपवास की हुई महिलाएं भी इस आग पर चलती है।

आस्था का अद्भुत प्रतीक है फूलखुंदी : फूलखुंदी में भोगता नंगे पांव आग पर चलते हैं। लगभग 5 -7 फीट लंबा 2 फीट चौड़ा नाला बनाया जाता है ।इसे सूखी लकड़ियों से पाट दिया जाता है ।एवं आम के पत्तों से हवा करके उस नाले में अंगार तैयार किया जाता है। भोगता मंदिर के निकट तालाब से स्नान कर इस आग पर पूजा अर्चना कर अंगारे में गुजरकर व्रत पूर्ण करते हैं।

लोक अदालत में 46 मामलों का निष्पादन, 32.39 लाख राशि का सेटलमेंट

खूंटी। व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत एवं बिजली और एनआई एक्ट से संबंधित वादों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए कुल पांच बैंचों का गठन किया गया। इनमें दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, एनआई एक्ट और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये।

अब डीएसपी कार्यालय की ओर बनेगा थाना भवन, बैंक की ओर से अस्पताल

नवीन मेल संवाददाता। खलारी अंचल क्षेत्र के खलारी मौजा में खलारी थाना के नए भवन व सीएचसी खलारी भवन के लिए चयनित भूमि में थोड़ा परिवर्तन किया गया है। बैंक आफ इंडिया की खलारी शाखा से उत्तर डीएसपी खलारी कार्यालय के बीच के खाली भूमि को खलारी सीएचसी तथा खलारी थाना भवन के लिए चयन किया गया है। पूर्व में बैंक की ओर से थाना भवन बनना था और डीएसपी कार्यालय की ओर से

सीएचसी भवन बनना तय हुआ था। आम लोगों की सुविधा को देखते हुए शनिवार अपराह्न एक निर्णय लेकर इसमें थोड़ा परिवर्तन कर दिया गया। नए निर्णय के अनुसार अब डीएसपी कार्यालय की ओर से खलारी थाना का भवन बनेगा। इससे पूर्व पूर्वाह्न में थाना भवन के लिए विधिवत भूमि पूजन किया गया। पुजारी विनोद मिश्रा ने भूमि पूजन कराया। अतिथियों ने नारियल फोड़कर कार्य आरंभ की औपचारिकता पूरी की। भूमि पूजन के मौके पर थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह, थाना प्रभारी, अंचल अमीन कृष्णा तिर्की, डा इरशाद, संवेदक व अन्य मौजूद थे।

चान्हो शिव मंदिर निर्माण के समापन समारोह में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो चान्हो के रघुनाथपुर में पंच दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा चल रही थी। सर्वप्रथम कलश यात्रा एवं प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद आज समापन कार्यक्रम में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने सभी लोगों के सुख शांति के लिए पूजा अर्चना किये एवं पृथ्वी में मनुष्य के साथ जितने भी जीव जंतु है सभी के खुशहाली के लिए भी प्रार्थना किए।

मृतक के मिट्टी में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर भगत

चान्हो। चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुर्गा में कोइली उरांव की अकास्मिक निधन हो गई जिसकी खबर जैसे ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत को मिली इन्होंने मृतक के मिट्टी में शामिल होने उनके गांव पहुंचे। साथ ही शोक व्यक्त करते हुए परिजनों ढांढस बंधाया।

रामगढ़ में सीसीएल कर्मी ने की खुदकुशी

रामगढ़। रामगढ़ जिले के बरकाकाना में एक सीसीएल कर्मी ने फंदे से झूलकर खुदकुशी कर ली। वह पिछले लंबे समय से तनाव में चल रहा था। उसकी पहचान केंद्रीय कर्मशाला के कर्मचारी राजेश कुमार मिश्रा के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी संतोषी मिश्रा ने बताया कि उनका परिवार सीसीएल कॉलोनी के बैंक मोहल्ला में क्वार्टर संख्या 1बी/5 में रहता है। वह शुक्रवार की शाम बेटे के साथ बाजार निकली थी। इस बीच उसकी सास भी बाहर टहलने चली गई। जब वे लोग घर लौटे तो दरवाजा खुला देखकर चौंक गए। जब अंदर कमरे में घुसे तो राजेश को पंखे से फंदे पर झूलता पाया। राजेश कुमार शुक्रवार शाम ड्यूटी से घर लौटे थे। सूचना पर बरकाकाना ओपी पुलिस पहुंची और शव को शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजेश कुमार मिश्रा किस बात को लेकर तनाव में थे यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन परिवार वालों की बात से ऐसा लगा कि वे आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे।

यशस्विनी का खलारी के केडी मार्केट में नागरिक अभिनंदन

खलारी को विस्थापन, बेरोजगारी प्रदूषण से निजात दिलाऊंगी

नवीन मेल संवाददाता। खलारी रांची लोकसभा क्षेत्र से आइएनडीआइए की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का खलारी के केडी मार्केट में नागरिक अभिनंदन किया गया। शुक्रवार रात खलारी पहुंचने पर कांग्रेस सह इंटक नेता राजनसिंह राजा के नेतृत्व में गठबंधन के सभी दल, विभिन्न सामाजिक संगठनों, ट्रेड यूनियन के लोग, व्यवसायियों व आमजनों ने दोनो का स्वागत किया। इस मौके पर यशस्विनी सहाय ने कहा कि अगर खलारी कोयलांचल के लोग उनपर भरोसा करते हैं तो यहां की सबसे बड़ी समस्या विस्थापन, बेरोजगारी, प्रदूषण व स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी आदि समस्याओं को दूर करूंगी। बेरोजगारी के कारण जो पलायन हो रहा है उसे रोकने का शत प्रतिशत प्रयास करूंगी। महिलाओं और बच्चों के हित के लिए विशेष तौर पर काम होगा। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को वेज वोर्ड के अनुसार वेतन व अन्य सुविधा दिलाऊंगी, महिला मजदूर को पुरुषों के बराबर वेतन मिले, इस मुद्दे को सदन में उठाऊंगी। इस अवसर पर ललन सिंह, राजनसिंह राजा, बीएन पांडेय, राजेशसिंह मिंटू, ईंदिरा देवी, जालिम सिंह, साबिर अंसारी, तनवीर आलम, धीरज बहादुर, इसराइल अंसारी, रौशन लाल, सुल्तान अंसारी, फिरोज आलम, रमेश चौहान, राजेश वर्मा, रतन मिश्रा, पप्पू खां, रवि सिंह, कृष्णा ठाकुर, पवनराज सिंह, रूबी यादव, मोनू सिंह, बबलू सिंह, विकास सिंह, मनोज यादव, राजा केशरी, अशोक कुमार, रितेश सिंह, छोटू सिंह, राहुल ठाकुर, अरूण यादव, पंकज सिंह आदि उपस्थित थे।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

आम सूचना

'लोक सभा निर्वाचन-2024' के सफल संचालन के उद्देश्य से राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष 24x7 कार्यरत है। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत एवं जानकारी हेतु राज्य मुख्यालय, राँची में अवस्थित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के टॉलफ्री नं० - 1800-331-1950 एवं Voter Helpline Number - 1950 पर आवश्यकतानुसार संपर्क किया जा सकता है।

जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

क्रम सं0	जिला		सम्पर्क दूरभाष
1.	साहेबगंज	-	06436-356485, 06436-222101
2.	पाकुड़	-	06435-222064, 9262216191
3.	दुमका	-	06434-295042
4.	जामताड़ा	-	06433-222004, 06433-222006, 06433-222007
5.	देवघर	-	06432-275733, 1800-345-0733
6.	गोड्डा	-	06422-222002
7.	कोडरमा	-	06534-252219
8.	हजारीबाग	-	06546-265233
9.	रामगढ़	-	06553-261417, 06553-261427
10.	चतरा	-	06541-253219
11.	गिरिडीह	-	06532-228829, 9693143157
12.	बोकारो	-	06542-242402, 06542-221125
13.	धनबाद	-	03262-222045
14.	पूर्वी सिंहभूम	-	06572-440111, 0657-2221718, 0657-2221717
15.	सरायकेला खरसावां	-	1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483
16.	पश्चिमी सिंहभूम	-	06582-296128
17.	रांची	-	8987790664, 9798300836
18.	खूँटी	-	06528-221755, 9262998530
19.	गुमला	-	06524-223686
20.	सिमडेगा	-	06525-299908
21.	लोहरदगा	-	06526-224014
22.	लातेहार	-	06565-247981
23.	पलामू	-	06562-230003, 06562-222295, 06562-230002
24.	गढ़वा	-	06201-261084

आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपरोक्त दूरभाष नम्बरों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के० रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

इस बार दिन भर मतदान

PR No. 324145 (Election) 2024-25

नागरमल मोदी सेवा सदन ने प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

नागरमल मोदी सेवा सदन परिवार ने विगत 7 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर इस वर्ष के थीम 'माई हेल्थ, माई राइट' पर चित्र/पेंटिंग तथा लेख/कविता आमंत्रित किया था। इसके तहत इस वर्ष के थीम 'माई हेल्थ माई राइट' पर चित्र/पेंटिंग और लेख/कविता प्राप्त हुए थे। समुचित निर्णय के बाद 23 प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को एक समारोह में पारितोषिक वितरण किया गया।

प्रतियोगिता में चित्र/पेंटिंग के लिए कुमारी क्षितिज को प्रथम पुरस्कार, सदन की डायटिशियन श्वेता जायसवाल को द्वितीय पुरस्कार तथा हार्ट सेंटर की रंजीता जेस को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। लेख/कविता में हार्ट सेंटर की किरी कंडुलना को प्रथम पुरस्कार, सदन की वार्ड अटेंडेंट बसंती मेहता को द्वितीय पुरस्कार तथा हार्ट सेंटर की प्रीति मिंज को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुए।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सेवा सदन परिवार को कलात्मकता और साहित्य से जोड़ना, आकृष्ट करना और प्रेरित रखना था। पुरस्कार वितरण सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया, उपाध्यक्ष रेखा जैन, आलोक तुलस्यान एवं वरुण जालान, सदन के सीएमए, डीएचए, एनएस ने किया। समारोह का संचालन वरुण जालान ने किया। प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष अरुण अवधरिया ने किया।

एडवांस होल्डिंग टैक्स पर नगर निगम दे रहा है 10 % तक की छूट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची नगर निगम के जिम्मे शहर के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। नगर निगम सफाई से लेकर फॉगिंग, स्ट्रीट लाइट, पीने का पानी जैसी सुविधाएं देने के लिए लोगों से होल्डिंग टैक्स लेता है। टैक्स भरने का सिलसिला तो सालों भर चलता है, लेकिन रांची नगर निगम अभी हाउस होल्डर्स को एडवांस टैक्स भरने पर भारी डिस्काउंट दे रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के होल्डिंग टैक्स का एकमुश्त पेमेंट 30 जून 2024 तक करने पर टैक्स देने वालों को टैक्स की राशि पर अधिकतम 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इधर, रांची नगर निगम ने शहर के लोगों से ऑनलाइन या ऑफलाइन एडवांस होल्डिंग टैक्स जमा करने की अपील की है।

यह है टैक्स छूट की दर

- 30 जून तक ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से भुगतान करने पर कर की राशि पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी।
- जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से भुगतान करने पर टैक्स की राशि पर 7.5 प्रतिशत की छूट मिलेगी।
- डोर-टू-डोर टैक्स कलेक्टर के माध्यम से भुगतान करने पर टैक्स की राशि पर 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी

नगर निगम क्षेत्र में बड़ी आबादी रहती है। 53 वार्डों में सवा दो लाख से अधिक हाउस होल्डर नगर निगम में रजिस्टर्ड हैं। कुछ को छोड़कर सभी हाउस होल्डर होल्डिंग टैक्स नगर निगम में जमा कराते है।

सुप्रभात रांची

मैं वार्ड-4 की निवर्तमान पार्षद हूं। मुझे आपसे कहना है कि लोकसभा चुनाव 2024 प्रगति में है। झारखंड में चार चरणों में 13 मई से चुनाव शुरू होगा। रांची में 25 मई 2024 को मतदान होगा। मैं आपसे अपील करती हूं कि आप 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। यह हमारे लोकतंत्र का महत्वपूर्ण पहलू है। हमें लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपनी भूमिका अवश्य निभानी चाहिए। याद रखें, आपका एक मत देश के भविष्य को निर्धारित करता है। इसलिए, मतदान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और देश के लोकतंत्र को मजबूत करें। मतदान करते वक्त अपने मूल्य, अधिकार और जरूरत को देखकर कर अपने लीडर चुनें। किसी के बहकावे में आकर या धर्म-जाति देखकर वोट नहीं दें। आप अपने बेहतर भविष्य के लिए सोच-समझ कर मतदान करें।

हुस्ना आरा, निवर्तमान वार्ड पार्षद, वार्ड-4
रांची नगर निगम, रांची

पीजी परीक्षा शुल्क में बढ़ोतरी के खिलाफ छात्र आजसू ने किया कुलपति का घेराव

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने पीजी परीक्षा शुल्क बढ़ोतरी को लेकर शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया। कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि इस मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए छात्र हित में उचित निर्णय लिया जाएगा। मौके पर छात्र आजसू की रांची विवि इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पिछले 5 मार्च को छात्र आजसू के विरोध के बाद रांची विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क कम करने का नोटिफिकेशन निकाला गया था, लेकिन परीक्षा शुल्क कम करने की जगह बढ़ा दिया गया है। यह विद्यार्थियों के हित में किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। यह निर्णय गरीब तबके के छात्र-छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला है। छात्र आजसू के प्रियांशु शर्मा ने कहा कि छात्र हित में अगर परीक्षा शुल्क कम नहीं किया गया, तो छात्र आजसू आंदोलन एवं तालेबंदी करेगी।

सीआईडी ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में दुमका जिला के रहने वाले साजिद अंसारी और देवघर जिला के रहने वाले जमालुद्दीन अंसारी शामिल हैं। इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम कार्ड, तीन पासबुक, एक चेकबुक, एक एटीएम और एक पैनकार्ड बरामद किया गया है। साइबर क्राइम थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि मीशो एप का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। सीआईडी की साइबर सेल की टीम ने यह कार्रवाई की है। इस संबंध में 20 फरवरी को रांची के साइबर क्राइम थाने में एक महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिक्की में बताया गया था कि अज्ञात साइबर अपराधियों की ओर से मीशो एप का कस्टमर केयर बनकर एनी डेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड करा कर दो लाख छह हजार 496 रुपये की ठगी कर ली गई थी।

नशे की गतिविधियों की सूचना व्हाट्सएप पर दें : एसएसपी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

नशे के जाल से युवाओं को बचाने में समुदाय के सहयोग को रेखांकित करते हुए और समाज की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें प्रेरित करते हुए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को एक वीडियो संदेश रिलीज किया है। वीडियो के माध्यम से उन्होंने नशे के विरुद्ध युद्ध में समाज को सजग भूमिका निभाने और जड़ से इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रेरित करते हुए तकनीक का उपयोग करने का अनुरोध किया है।

एसएसपी ने व्हाट्सएप के माध्यम इस तरह की गतिविधियों की सूचना रांची पुलिस को व्हाट्सएप नंबर 9153886238 पर देने की अपील की है। इसके साथ बताया कि यदि किसी को ऐसी गतिविधियों के अड्डे या स्थान का पता है, तो उस स्थान पर जाकर उसका करेंट लोकेशन उपरोक्त नंबर पर भेज कर पुलिस की मदद कर सकते हैं। एसएसपी ने हिदायत दी कि लोकेशन भेजने के लिए उस स्थान पर तब जाएं, जब वहां इस तरह की असामाजिक गतिविधियां न हो रही हों। यदि किसी नशे के सौदागर का फोटो, नाम, पता किसी के पास उपलब्ध है, तो उसे भी शेयर करने की अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले की गोपनीयता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इस वीडियो के माध्यम से उन्होंने नशे के हानिकारक प्रभावों को दर्शाया है और युवाओं को इस खतरे से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को समर्थन देने का आग्रह किया है। एसएसपी ने बताया कि बीते दिनों रांची पुलिस के विशेष अभियान में 50 से भी अधिक नशा कारोबारी जेल की सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं।

अफीम और ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

रांची। रांची के लोअर बाजार थाना पुलिस लगातार अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने दो नशा कारोबारियों को अफीम और ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। इनमें नजरूल आलम उर्फ सोनू और अरशद अयूब उर्फ विक्की शामिल है। इनके पास से अफीम 37.50 ग्राम, ब्राउन सुगर 10.66 ग्राम, 32 हजार 300 रुपये नकद, तीन मोबाइल, एक स्कूटी बरामद किया गया है। यह जानकारी एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में दी।

कहीं फंड के अभाव में सूख गए, तो कहीं भू-माफिया के हो गए शिकार

अमित कुमार। रांची

राजधानी रांची में अभी प्रचंड गर्मी शुरू ही हुई है और शहर के दर्जनों तालाब सूख गए हैं। कई तालाबों का जलस्तर तेजी से नीचे चला गया है। रातू रोड से पंडरा तक चार तालाब सूख गए हैं और कुछ का तो अस्तित्व ही समाप्त हो चला है। इन सूखे तालाबों की जमीन पर बच्चे कहीं फुटबॉल खेल रहे हैं, तो कहीं क्रिकेट। बता दें कि मार्च माह में ही रांची के छह तालाब सूखने लगे थे। राजधानी रांची में सबसे खराब हालत में चुटिया का खिजुरिया तालाब, गाड़ीखाना का पाहन टोली तालाब और हरमू का चाला नगर तालाब है। इन तालाबों में मार्च के अंतिम सप्ताह में ही पानी काफी नीचे चला गया था। रांची में कहीं तालाब फंड के अभाव में सूख गए हैं, तो कहीं भू माफिया के शिकार हो गए हैं। हेहल स्थित हेहल तालाब में पिछले पांच सालों से जलकुंभी भरा हुआ है। इसके अलावा, कोकर का तिरिल और भाभानगर तालाब, बरियातू का यूनिवर्सिटी कॉलोनी तालाब, कडरू स्थित हज हाउस के पीछे का तालाब, बड़गाई स्थित भुतिया तालाब, सिंह मोड़ स्थित कचनार टोली तालाब का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। गाड़ी होटवार में गांव का तालाब अब खत्म हो चुका है। जतरा मैदान के पास वाले तालाब का अस्तित्व भी खतरे में है।

तालाबों को बचाने के लिए कड़े कानून की जरूरत : सुजाता कच्छप : निवर्तमान वार्ड पार्षद सुजाता कच्छप ने कहा कि तालाबों के अस्तित्व से खेलने का मतलब है कि आने वाले समय में पानी के लिए लोगों को पलायन करना पड़ सकता है। लेकिन, राजधानी में जमीन दलालों की दबंगई के सामने सारा सिस्टम लाचार है। हमारे पूर्वजों ने गाड़ी होटवार में गांव की जमीन को तालाब के लिए दान किया था। उस तालाब को बचाने में लगे मेरे पति आनंद कच्छप की हत्या कर दी गई। ऐसे में सरकार द्वारा तालाब बचाने के लिए कड़े कानून बनाने की जरूरत है।

तालाबों का सुंदरीकरण और गहरीकरण जरूरी : हुस्ना आरा निवर्तमान वार्ड पार्षद हुस्न आरा ने कहा कि तालाबों के अस्तित्व को बचाने के लिए रांची नगर निगम को इस पर प्राथमिकता के साथ काम करने की जरूरत है।

करोड़ों खर्च के बाद भी हालत में सुधार नहीं

जलकुंभी से भरा हेसल तलाब।

रांची के सभी तालाबों को संवारने के नाम पर नगर निगम करीब 30 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। शहर के कुछ प्रमुख तालाबों को छोड़ दिया जाए, तो अन्य सभी की हालत दयनीय है। शहर के तालाबों को बचाने और वाटर लेवल को बढ़ाने के लिए कई बार गहरीकरण से लेकर सौंदर्यीकरण तक किया गया है। लेकिन, इसका कोई फायदा दिखाई नहीं पड़ रहा है।

> नगर निगम द्वारा कई तालाबों की सफाई कराई गई है। कई तालाबों में पानी अधिक होने से अभी वहां सफाई कार्य रुका हुआ है। जल्द ही सभी तालाबों की सफाई हो जाएगी। नगर निगम की सूची में जो तालाब हैं, वे आज भी सुरक्षित हैं।
>
> अमित कुमार, प्रशासक, रांची नगर निगम।

देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर

DEVANIKA HOSPITAL

ऐन्सलेरी चौक, तुपुदाना, इंडस्ट्रीय एरिया, रांची -834003

- 250 बेड का अस्पताल
- 70 बेड का आईसीयू (कार्डियक सर्जिकल, स्ट्रोक एवं न्यूरो)
- 65 जेनरल बेड की सुविधा
- 8 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर

- नेफ्रोलॉजी (17 बेड डायलिसिस)
- सम्पूर्ण कार्डियोलॉजी, कैथलैब + कार्डियक OT के साथ
- हर तरह की न्यूरो सर्जरी
- एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी
- न्यूरोलॉजी
- ऑर्थोपेडिक
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (लैप्रोस्कोपी)
- 14 बेड का अत्याधुनिक बर्न यूनिट
- डायबेटिक फूड सर्जरी
- प्लास्टिक सर्जरी
- ई0एन0टी0 सर्जरी
- हाथ की सर्जरी
- स्ट्रोक यूनिट (लकवा का इलाज)
- स्त्री रोग विशेषज्ञ
- फिजियोथेरेपी



निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर

कैम्प का तारीख : 28.04.2024 और 01.05.2024 | समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक

- 24 घंटे फारमेसी एवं एम्बुलेंस
- 24 घंटे अत्याधुनिक लैब की सुविधा

CT Scan | X-Ray

+91 7209948555
+91 7209958555

ऐन्सलेरी चौक, तुपुदाना, इंडस्ट्रीयल एरिया, रांची-834003

बगावत से इंडी गठबंधन में बेचैनी

उपेंद्र गुप्ता। रांची

झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन ने अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। राज्य के सभी सीटों पर इन्हीं दोनों गठबंधन के बीच सीधी लड़ाई है। इंडी गठबंधन में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के बाद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। चार सीटों पर बागियों ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडी गठबंधन को परेशानी में डाल दिया है। वहीं रांची प्रत्याशी को लेकर भी पार्टी में मतभेद है।

जयप्रकाश वर्मा को भी नहीं मिला टिकट

कमोवेश गिरिनाथ सिंह की तरह गांडेय के पूर्व भाजपा विधायक जयप्रकाश वर्मा की भी है। 2019 में चुनाव हारने के बाद जयप्रकाश वर्मा झामुमो में इस उम्मीद में शामिल हो गए कि कोडरमा से लोकसभा चुनाव में उन्हें टिकट मिलेगा, लेकिन अंतिम समय में कोडरमा सीट भाकपा माले के विनोद सिंह के पास चला गया, जिससे नाराज जयप्रकाश वर्मा निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। जयप्रकाश वर्मा कोइरी समाज से आते हैं, जिसकी इस क्षेत्र में काफी संख्या है और उनके पिता रीतलाल वर्मा कोडरमा से भाजपा के टिकट पर 6 बार सांसद रह चुके हैं। ऐसे में कोडरमा में इंडी गठबंधन के जयप्रकाश वर्मा एक बड़ी चुनौती खड़ा कर सकते हैं।

राजमहल से लोबिन ने बढ़ाई इंडी की

लोहरदगा की तरह राजमहल में भी झामुमो विधायक और कद्दावर आदिवासी नेता के बागी तेवर से इंडी गठबंधन में बेचैनी देखी जा रही है। चमरा की तरह लोबिन काफी पहले से टिकट की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन लोबिन को भी निराशा ही हाथ लगी, नतीजा वे भी मैदान में निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। उनकी घोषणा से तीसरी बार झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा की नैया डगमगाने लगी है। लोबिन लगातार विजय हांसदा पर हमलावर हैं और उन्हें सांसद की जगह व्यवसायी की संज्ञा देकर घेरने में लगे हैं। विजय हांसदा दो बार से राजमहल से चुनाव जीत रहे हैं। झामुमो ने तीसरी बार उन्हें उम्मीदवार घोषित किया है।

ना घर के ना घाट के रहे गिरिनाथ सिंह

टिकट की लालसा में पूर्व विधायक और मंत्री गिरिनाथ सिंह कुछ दिन पहले ही भाजपा छोड़ कर राजद में शामिल हो गए थे, उन्हें पूरा भरोसा था कि लालू यादव उन्हें चतरा से राजद का टिकट देंगे, लेकिन अंतिम समय में चतरा सीट कांग्रेस कोटे में चला गया, जिससे उनके उम्मीदों पर पानी फिर गया और अब वे निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, वैसे जानकारों के अनुसार गिरिनाथ सिंह बहुजन समाजवादी पार्टी के संपर्क में भी हैं। गिरिनाथ सिंह गढ़वा से चार बार विधायक रह चुके हैं, उनके पिता गोपीनाथ सिंह भी गढ़वा से चार विधायक रह चुके हैं। राबड़ी देवी और शिबू सोरेन की सरकार में वे मंत्री भी रहे। राजद में रहते हुए जब चतरा से टिकट नहीं मिला तो गढ़वा विधानसभा सीट पर उनकी उम्मीदवारी पर भी संशय है,गढ़वा सीट झामुमो के कोटे में हैं और वहां से मिथिलेश ठाकुर राज्य में मंत्री हैं। ऐसे में उनकी स्थिति ना घर की है और ना घाट की।

मुश्किल में लोहरदगा से कांग्रेस प्रत्याशी

झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने लोहरदगा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन कर इंडी गठबंधन को टेंशन दे दिया है। पार्टी के चेतावनी और कार्रवाई का भी चमरा लिंडा पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। चमरा लिंडा के मैदान में उतरने से कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किलें बढ़ गई है। चमरा लिंडा पहली बार 2004 में लोस चुनाव लड़े थे और तीसरे स्थान पर रहकर 58,947 वोट हासिल किया था, तब कांग्रेस के उम्मीदवार रामेश्वर उरांव की जीत हुई थी। 2009 में चमरा लिंडा में पूरी ताकत से चुनाव लड़ा और 1,36,345 वोट हासिल दूसरे स्थान पर रहे, और कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव को हार का सामना करना पड़ा। वे तीसरे स्थान पर चले गए। 2014 में चमरा लिंडा तीसरी बार फिर से मैदान में उतरे और उनके कारण कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव को फिर से हार का सामना करना पड़ा। इस बार उन्हें 1,18,355 वोट मिले थे।

राहुल गांधी का खूंटी और गुमला में तीन मई को चुनावी रैली

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का अगले माह तीन मई को लोकसभा को लेकर दो चुनावी रैली करेंगे। उनके प्रस्तावित रैली को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला जिले के बसिया में जनसभा को लेकर स्थल निरीक्षण किया और प्रस्तावित रैली को लेकर सभी कार्यकताओं को होमवर्क में जुट जाने का निर्देश दिया। स्थल निरीक्षण के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव-2024 के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि रैली से कांग्रेस कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों, महिलाओं, आदिवासियों के बीच राहुल गांधी जी की प्रस्तावित रैली को लेकर काफी उत्साह है, जनता को भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की सरकार ही उनका दर्द को कम कर सकती है। बीजेपी के पास केवल धन-बल है, नैतिक बल नहीं है। सभी सीटों पर जीत की संभावना बताते हुए कहा कि गांव के लोग महंगाई और बेरोजगारी से निजात पाना चाहते है और यही कारण है कि लोगों को भरोसा कांग्रेस और इंडिया एलायंस के पक्ष में है।

सत्ता परिवर्तन के लिए महिलाएं व युवा कर रहे मतदान : कैलाश यादव

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने देश में हो रहे 2024 लोकसभा आम चुनाव में औसतन कम वोटिंग होने पर चिंता जताई है। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश में प्रचंड बेरोजगारी,महंगाई, डिग्री प्राप्त युवाओं का भविष्य, किसान,मजदूर, महिला सुरक्षा एवं बढ़ती गंभीर के इलाज हेतु स्वास्थ चिकत्सा जैसे ज्वलंत एवं महत्वपूर्ण मुद्दे को छोड़ मंगलसूत्र,बजरंगबली, हिंदू मुस्लिम कर ध्रुवीकरण करने जैसे अनर्गल बातें करने से देश की जनता जनार्दन काफी नाराज है। जिस कारण वोटिंग करने में बहुत ज्यादा रुचि नहीं दिखाई दे रहे हैं, निश्चित रूप से भारतीय लोकतंत्र के लिए चिंताजनक विषय है। ज्ञात हो कि पिछले 10 वर्ष पहले 2014 में जब देश के प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को कहा था कि अब देश में बेरोजगारी,महंगाई, महिला सुरक्षा,युवाओं,मजदूरों, किसानों की बदहाली दूर कर एक कीर्तिमान स्थापित करेंगे, इन सभी बातों से देश की सभी वर्गो के लोगो ने भरोसा जताकर आपार जनसमर्थन दिया एवं पूर्ण बहुमत देकर ऐतिहासिक परिणाम दिया था।

ढुल्लू महतो पर अनुपमा सिंह ने साधा निशाना

ढुल्लू किसी के ड्राइंग रूम में बैठने लायक भी नहीं

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद

धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी व बीजेपी उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर जमकर निशाना साधा है। अनुपमा ने कहा, संसद जाने का ख्वाब देख रहे ढुल्लू महतो किसी आम व्यक्ति के घर के ड्राइंग रूम में बैठने लायक भी नहीं हैं। वह तो कभी ढुल्लू महतो जैसे चरित्र को देखना भी नहीं पसंद करेंगी। मेरा चुनाव लड़ने का निर्णय सिर्फ ढुल्लू महतो जैसे चरित्र को रोकने के लिए है। ढुल्लू महतो अनुपमा सिंह के लिए कोई भी चुनौती नहीं है।

अनुपमा ने बीजेपी को भी आड़े हाथों लिया

उन्होंने कहा, इतने सालों से धनबाद में बीजेपी ने सत्ता की मलाई चखी, लेकिन अफसोस आज तक जनता के हित में कोई भी काम नहीं किया। उन्होंने कहा, धनबाद के लोगों की बेबसी का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि ना ही यहां सुचारू सड़क की व्यवस्था है और ना ही मूलभूत चिकित्सकीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई अच्छा अस्पताल है। जनता के हित से जुड़े कई मुद्दे आज भी ठंडे बस्ते में पड़े हैं। अनुपमा का दावा है कि उन्हें धनबाद के लोगों का अपार प्यार और समर्थन मिल रहा है। उन्हें विश्वास है कि इस चुनाव में वो जीत का पताका फहराकर रहेंगी। उन्होंने कहा, पिछले 70 वर्षों में कांग्रेस ने जो काम किया, उसे बीजेपी ने चंद वर्षों में बर्बाद कर दिया है। जनता का जीना मुहाल हो चुका है।

अकाउंटेंट हत्याकांड में सुशीला ने दाखिल किया जमानत याचिका

रांची। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट में बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्याकांड के मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर ने शनिवार को जमानत याचिका दाखिल की। अदालत ने मामले में सुनवाई की तिथि 29 अप्रैल निर्धारित की है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर षड्यंत्र रचकर अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को शूटरों ने ऑफिस से घर लौटने के दौरान अकाउंटेंट संजय कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्या की घटना के बाद एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 11 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए और इंडिया के बीच सीधा मुकाबला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। इसे लेकर एनडीए और आईएनडीआईए ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर दोनों गठबंधनों ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। दोनों गठबंधनों के बीच रोचक मुकाबले की बिसात भी बिछ गई है। राज्य में आईएनडीआईए में चार राजनीतिक पार्टियों कांग्रेस, झामुमो, राजद और सीपीआई माले को जगह मिली है। इन सबके बीच 7-5-1-1 फॉमूर्ले पर सीट शेयरिंग भी हुई है। लेफ्ट की दो अन्य पार्टियों सीपीआई और सीपीएम को गठबंधन में जगह नहीं मिलने की वजह से कुछ स्थानों पर दोनों दलों ने अपने-अपने प्रत्याशी भी उतारे हैं। लेकिन इस बार जो स्थितियां बन रही हैं, उसमें मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच ही दिख रहा है। इस संबंध में प्रदेश भाजपा के नेता प्रदीप सिन्हा कहते हैं कि राज्य में इस बार मुकाबला 2019 से भी बेहतर होगा। इस बार एनडीए पूरी तरह से इंडी गठबंधन का सफाया करेगा। उन्होंने राजमहल और सिंहभूम सीट पर भी भाजपा की जीत का दावा किया है। दूसरी तरफ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा सभी सीटें जीतने की मुगालते में है। यह 2019 नहीं, बल्कि 2024 है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को अपने 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां बतानी होगी। इसके साथ बेरोजगारी, महंगाई, इलेक्टोरल बांड्स मामले पर जनता के सवालों का जवाब देना होगा।

इनके बीच होगा मुकाबला

रांची लोकसभा सीट	**राजमहल लोकसभा सीट**
यशस्विनी सहाय- कांग्रेस	विजय हांसदा-झामुमो
संजय सेठ- भाजपा	ताला मरांडी-भाजपा
लोहरदगा लोकसभा सीट	लोबिन हेंब्रम-निर्दलीय
सुखदेव भगत- कांग्रेस	**दुमका लोकसभा सीट**
समीर उरांव- भाजपा	नलिन सोरेन- झामुमो
चमरा लिंडा -निर्दलीय	सीता सोरेन-भाजपा
चतरा लोकसभा सीट	**गोड्डा लोकसभा सीट**
केएन त्रिपाठी- कांग्रेस	प्रदीप यादव- कांग्रेस
कालीचरण सिंह - भाजपा	निशिकांत दुबे-भाजपा
पलामू लोकसभा सीट	**गिरिडीह लोकसभा सीट**
ममता भुईयां- राजद	मथुरा प्रसाद महतो- झामुमो
वीडी राम- भाजपा	चंद्र प्रकाश चौधरी-आजसू
खूंटी लोकसभा सीट	**कोडरमा लोकसभा सीट**
कालीचरण मुंडा- कांग्रेस	विनोद सिंह-सीपीआई माले
अर्जुन मुंडा - भाजपा	अन्नपूर्णा देवी-भाजपा
सिंहभूम लोकसभा सीट	**धनबाद लोकसभा सीट**
जोबा मांझी- झामुमो	अनुपमा सिंह-कांग्रेस
गीता कोड़ा- भाजपा	ढुल्लू महतो-भाजपा
जमशेदपुर लोकसभा सीट	**हजारीबाग लोकसभा सीट**
समीर मोहंती- झामुमो	जेपी पटेल-कांग्रेस
विद्युत वरण महतो- भाजपा	मनीष जायसवाल-भाजपा

लोक आदलत में 3250 मामलों का निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में चेक बाउंस और बिजली से सम्बंधित मामलों के सम्बन्ध में विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें कुल 24727 प्री लिटिगेशन एवं कुल 3250 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही कुल 270528545 रुपये का निष्पादन किया गया। झालसा की ओर से इस विशेष लोक अदालत के आयोजन की तैयारी एक माह से की जा रही थी। झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना की ओर से भी 22 अप्रैल को सभी जिलों के सम्बंधित न्यायिक पदाधिकारियों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी थी। झालसा की ओर से सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को पत्र के माध्यम से उक्त विशेष लोक अदालत आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। इसके अलावा एसओपी भी जारी किया गया था जिसके बाद छह अप्रैल को सम्बंधित डालसा अध्यक्ष की ओर से न्यायिक पदाधिकारियों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। पक्षकारों को नोटिस जारी किये गये थे। उल्लेखनीय है कि झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर झालसा की ओर से इस विशेष लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

न्यूज बॉक्स

आजसू मिलन समारोह का आयोजन आज

रांची। 28 अप्रैल दिन रविवार को बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तेलो, बाजार टांड में मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। मिलन समारोह में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। इस दौरान कई क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और कई समाजसेवी सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

रामटहल चौधरी के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा : राकेश सिन्हा

रांची। कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि रामटहल चौधरी का कांग्रेस की सदस्यता लेना और छोड़ कर जाना उनका खुद का निजी मामला है। सिन्हा ने शनिवार को कहा कि चौधरी ने दिल्ली में पार्टी की सदस्यता लेने के बाद वह मीडिया में बयान दिये कि हम निःस्वार्थ रूप से सेवा करने आये हैं और उन्होंने साफ कहा कि हमें पार्टी के किसी नेता ने कोई आश्वासन नहीं दिया है, जहां तक टिकट की बात रही तो उनसे कोई वादा नहीं किया गया था। जिस भी पार्टी में जायें अच्छे से रहें और दीघार्यु रहें। उनके पार्टी छोड़ कर जाने से कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

हेमंत सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत

रांची। ईडी की अदालत ने शनिवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सोरेन ने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए यह याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने अंतरिम जमानत नहीं दी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी।

अफसर अली की दो दिनों की रिमांड अवधि बढ़ी

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में 12 दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में शनिवार को पेश किया। ईडी ने अफसर अली से और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए दो दिनों की और रिमांड देने का कोर्ट से आग्रह किया। इस पर अदालत ने दो दिनों की रिमांड प्रदान की । ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में रिमांड पर लिया था।

रास उपसभापति आज करेंगे पुस्तक का विमोचन

रांची। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश 28 अप्रैल को मृत्युंजय शर्मा के द्वारा लिखित पुस्तक ब्रोकेन प्रोमिसेजः कास्ट, क्राइम एंड पॉलिटिक्स इन बिहार (टूटे वादेः बिहार में जाति, अपराध और राजनीति') का विमोचन सुबह 10:30 बजे ऑड्रे हाउस आर्ट गैलरी में करेंगे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पदमश्री अशोक भगत मौजूद रहेंगे।

कोडरमा से इंडी प्रत्याशी विनोद सिंह एक मई को करेंगे नामांकन

कोडरमा। कोडरमा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी भाकपा माले के विधायक विनोद कुमार सिंह एक मई को नामंकन करेंगे । इस आशय की जानकारी भाकपा माले राज्य कमेरी के सदस्य राजेश यादव ने दी। बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह बगोदर विधानसभा क्षेत्र का तीन बार प्रतिनिधित्व करने के बाद इस बार लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमाने जा रहे हैं। इंडी गठबंधन ने कोडरमा लोस क्षेत्र को भाकपा माले के खाते में दे दी है। भाकपा माले ने पहली बार बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस तरह से भाकपा माले गठबंधन का कोडरमा लोस का उम्मीदवार बनाए गए हैं। उनके उम्मीदवार बनाए जाने की घोषणा के बाद कोडरमा लोससभा क्षेत्र में सियासी हलचल बढ़ गई है। चुनाव परिणाम की संभावानाओं पर भी चर्चा होने लगी है।

झामुमो ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

रांची । राज्य में चार चरणों में लोकसभा का चुनाव होना है। नामांकन की प्रकिया शुरू हो गयी है। इस बीच जेएमएम ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को मुख्य प्रचारक बनाया गया है। वहीं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन के अलावा नलिन सोरेन, प्रो. स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैजनाथ राम, विनोद कुमार पाण्डेय, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनु, मिथिलेश कुमार ठाकुर, चमरा लिण्डा, योगेन्द्र महतो, अभिषेक कुमार पिंटु, नन्दकिशोर मेहता, जोबा मांझी, समीर मोहन्ती, विजय हांसदा, महुआ माजी, लिस्ट में शामिल किया गया है।

चौथे चरण के चुनाव के लिए वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू

पारदर्शी मतदान के लिए आयोग तत्पर : रवि कुमार

मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा।

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें, तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।

उनहोंने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जाएगी, ताकि शत प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए एएसडी (आफसेंट, सिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है, ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे, ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। वहीं सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालिंटियर के रूप में रखा जाएगा। ये जहां मतदाताओं को गाइड करेंगे वहीं भविष्य के कुशल मतदाता के रूप में तैयार होंगे। ऐसे वालिंटियरों का चयन कर ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भ्रामक खबरों (फेक न्यूज) के प्रकाशन, प्रसारण सहित सोशल मीडिया पर उसके पोस्ट की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक खबर मिलने पर संबंधित संस्थान, व्यक्ति पर कारवाई की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।

अलग राज्य एनडीए की देन, कांग्रेस राज में लोग लाखों हुए विस्थापित : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मांडर स्थित सोसई आश्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा झारखंड एलग राज्य एनडीए की देन है। कांग्रेस चाहती तो बहुत पहले एलग राज्य बना सकती थी, अलग राज्य की मांग देश की आजादी के बाद ही शुरू हो गई थी। लेकिन जब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनी तब झारखंड अलग राज्य बना। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के राज में झारखंड के सबसे अधिक लोग विस्थापित हुए। कांग्रेस के कार्यकाल में झारखंड में बड़े-बड़े कल कारखाने लगे। बड़ी-बड़ी खदान खुली। इसके कारण लोग भी विस्थापित हुए। इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में कितने लोग विस्थापित हुए, यह सबको पता है। आज देश में जिनकी राजनीतिक दुकान बंद हो रही हैं, वे लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने हर वर्ग का किया विकास : बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। मोदी ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। किसी भी वर्ग को नहीं छोड़ा। सबके विकास के लिए काम किया। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। यह सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है।

भारत को विकसित और समृद्ध बनाना लक्ष्य : मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का मकसद भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाना है। जब वह विकसित और समृद्ध भारत की बात करते हैं तो सभी लोगों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध करने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने इस दिशा में काम शुरू किया। पहले लोगों के लिए घरों में शौचालय उपलब्ध कराया। गैस कनेक्शन की सुविधा दी। घर-घर में बिजली पहुंचाई। अब लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

4 करोड़ लोगों को मिला आवास : मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों को आवास भी उपलब्ध कराया। पिछले 10 वर्षों में देश में चार करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए गए। प्रधानमंत्री ने कहा है कि तीसरी बार पीएम बनने पर वे तीन करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराएंगे। प्रधानमंत्री मोदी किसानों के खाते में भी सालाना 6000 भेज रहे हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हर घर में नल से जल पहुंचे। झारखंड की इंडी गठबंधन की सरकार ने इस योजना को भी भ्रष्टाचार में खत्म कर दिया है।

लोहरदगा और पलामू में बाबूलाल मरांडी की सभा आज

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को पलामू और लोहरदगा में जनसभा को संबोधित करेंगे। मरांडी छतरपुर विधानसभा के किशनपुर मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को 11 बजे संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा के भंडरा में ठाकुरबाड़ी के सामने आयोजित जनसभा को तीन बजे संबोधित करेंगे।

एक नजर

चुनावी समर में नेताओं के बिगड़े बोल पर खतियानी परिवार ने चिंता जाहिर की

हजारीबाग। धरनास्थल के समीप अशोक राम की अध्यक्षता मे खतियानी परिवार की एक बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में चुनावी मन्थन पर विभिन्न पार्टियों के शीर्ष नेताओं द्वारा जहरीली बयानबाजी कर समाजिक समरसता को बिगाड़ने की चेष्टा पर चिंता जाहिर की गई।बैठक में परिवार ने चुनाव आयोग से जात पात और धर्म, संप्रदाय के नाम पर चुनाव लडने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।बैठक में मो हकीम, बालेश्वर कुमार दास, सुशील ओड़िया, प्रदीप मेहता, सईद अहमद, अनवर हुसैन, बोधी साव,मो साबिर, अधिवक्ता सतीश कुमार, प्रवीण मेहता, सुरेश महतो समेत अन्य साथी उपस्थित थे।

जमीन विवाद को लेकर मारपीट में महिला समेत वृद्ध जख्मी

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के दो गोतिया के बीच जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई। घटना में बालेश्वर महतो 55 वर्ष और उसकी पत्नी कबूतरी देवी 50 वर्ष जीवाधन मंडल 42 वर्ष उसकी पत्नी मुनिया देवी 38 वर्ष और ईश्वर महतो 65 वर्ष सभी ग्राम मासीपीढ़ी निवासी शामिल है। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। इस बाबत में पीड़ित पक्ष ने थाने में शिकायत किया है।

जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

रामगढ़। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार शुक्रवार की रात्री को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं, जांच के दौरान कुल 11 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना की वसूली की गई जिसमे कुल 257000 रुपया जुमार्ना वसूल किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने सभी वाहन चालकों से अपील किया की सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग जरूर करें ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को काम किया जा सके। जांच के दौरान मुख्य रूप से विक्की आनंद, पुलिस बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।

सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

बड़ों का सम्मान करना हमारी प्राचीन सभ्यता रही है : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा के परिसर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रांची विभाग प्रमुख फणीन्द्र नाथ झा, प्राचार्य उमेश प्रसाद, आनंद महतो, उमेश महतो एवं राजकुमारी देवी द्वारा संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। दादा, दादी, नाना, नानी को उनके नाती पोते एवं विद्यालय के भैया बहनों द्वारा पैर प्रक्षालन, आरती, तिलक लगाकर उन्हें स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भैया बहनों के द्वारा गीत, नृत्य, माइम एक्ट आदि की प्रस्तुति की गई। विभाग प्रमुख फणीन्द्र नाथ झा ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कारों के प्रति रुचि व अपने से बड़ों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव विकसित करना है। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी ईश्वर के रूप होते हैं। उन्हें हमें सदैव सम्मान करना चाहिए। अतिथियों को सत्कार एवं बड़ों का सम्मान करना हमारी प्राचीन सभ्यता रही है। इस अवसर पर विद्यालय कार्यक्रम में आए सभी दादा दादी नाना नानी को स्वामी विवेकानंद की पुस्तक और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 दादा-दादी,नाना-नानी ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन आर्चाया गायत्री कुमारी के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन बचुलाल तिवारी ने दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य मिथिलेश कुमार खन्ना, अमृता चौधरी, ज्योति राजहंस, ममता कुमारी, कुमारी सुमन, मालविका, अंकिता रानी, मनीष सिंह, अमित झा, शशि कान्त आदि की प्रमुख भूमिका रही।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने दो कुख्यात अपराधियों को किया जिला बदर

रामगढ़। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत विधि व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी प्रदीप पासवान (भुरकुंडा, पतरातू) एवं कुख्यात अपराधी दीपक धोबी उर्फ दीपक रजक (जयनगर, पतरातू) के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। दोनों अभियुक्तों को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। अभियुक्तों को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूवार्नुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे।

बरही प्रखंड के विभिन्न बूथों का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण, कहा

पहले मतदान, फिर करें जलपान

नवीन मेल संवाददाता। बरही

देश के महापर्व में सबों की भागीदारी हो और हर कोई 20 मई को निर्भियताओं के साथ इस पर्व को मनाए. इसे लेकर जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है. शनिवार को डीसी नैंसी सहाय और एसपी अरविंद कुमार सिंह बरही व पदमा प्रखंड के विभिन्न बूथों का भ्रमण कर स्थल निरीक्षण किया. इस दौरान एसडीओ जोहन टुडू, बीडीओ सी आर इंदीवर, सीओ आर एन खलखो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार, बीपीआरओ सवाना मांझी व पदमा थाना प्रभारी मौजूद रहे. इस क्रम में पदाधिकारियों ने बरही प्रखंड के बरियठ्ठा व केवाल विरहोर कॉलोनी, श्रीनगर, पड़ीरमा आदि स्थित बूथों का स्थल निरीक्षण किया. साथ ही बूथ पर उपलब्ध सुविधाओं सहित मतदान के दौरान मतदाताओं को होने वाले परेशानियों से अवगत हुए. इस दौरान विरहोर कॉलोनी बरियठ्ठा में डीसी व एसपी ने मतदाताओं को मतदान के महत्व को बताते हुए 20 मई के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया. डीसी ने मतदाताओं को सब काम छोड़ो और मतदान से नाता जोड़ो जैसे स्लोगन पर ध्यान दिलाते हुए पहले मतदान फिर जलपान की बातों को भी दोहराया. एसपी ने भी मतदाताओं को जागरूक करते हुए निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की. इस दौरान दोनों अधिकारियों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बच्चों को भी सजग करते हुए टॉफियां देने का काम किया. डीसी ने एसडीओ व बीडीओ को सभी बूथों का स्थल निरीक्षण कर अद्यतन जानकारी देने का निर्देश भी दिया.

एसपी ने भी मतदाताओं को जागरूक करते हुए निर्भीक होकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की

छात्र नेता चंदन ने नैक मूल्यांकन के संबंध में कुलपति को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुछ पदाधिकारी जो विश्वविद्यालय के कई पदों पर काबिज हैं। विश्वविद्यालय के विकास पर ग्रहण लगा कर रखा है। उक्त बातें चंदन सिंह ने कुलपति को आवेदन के माध्यम से बताया। चंदन सिंह ने बताया कि इन शिक्षकों द्वारा लगातार विश्वविद्यालय को गर्त में भेजने का काम किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कई बार आवेदन देने के बाद भी कई पद पर काबिज मिथलेश कुमार सिंह को जो विभाग से लियेंन लेकर भी संकाय अध्यक्ष बने हैं पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस संबंध में कुलपति का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया की क्या नैक के लिए आये पदाधिकारीयों को इसकी जानकारी नहीं होगी? वहीं क्या उन्हें यह प्रतीत नहीं होगा कि विश्वविद्यालय में एक को छोड़ कोई भी शिक्षक पदाधिकारी बनने योग्य नहीं? वहीं विश्वविद्यालय में पीने के पानी,शौचालय,छात्रावास,बस सुविधा,चिकित्सा और कैंटीन की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण भी भौतिक जांच में विश्वविद्यालय को नैक ग्रेडिंग में हानि होगी। यह जानना जरूरी है कि हमारा विश्वविद्यालय पड़ोसी पाँच ज़िले में एक मात्र गरीब छात्रों के लिए उच्यशिक्षा का केंद्र है नैक मूल्यांकन में खराब श्रेणी मिलने से छात्रों के भविष्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।पत्र के माध्यम से चंदन सिंह ने आग्रह किया है कि विश्वविद्यालय और छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए कारवाई सुनिश्चित की जाए।पत्र की प्रति राज्यपाल और मुख्य सचिव को भी दी गई है।

तीसरे दिन भी दर्जन भर कॉलोनियों को नहीं मिला पानी, त्राहिमाम

भुरकुंडा। भुरकुंडा रिवर साइड स्थित सीसीएल की दर्जन भर कॉलोनियों को तीसरे दिन शुक्रवार को भी नहीं मिला पानी। इससे कॉलोनियों में त्राहिमाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भीषण गर्मी के कारण पानी के लगभग विकल्प दम तोड़ चुके हैं, ऐसे में पीने के साथ-साथ रोजमर्रा के काम के लिए पानी तलाशना लोगों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही है। सक्षम लोग इस विकट परिस्थिति से उबरने के लिए पैसे खर्च कर टैंकर से पानी मंगवा रहे हैं, लेकिन सबों के लिए यह मुमकिन नहीं है। पहली वजह आर्थिक बोझ है तो दूसरा टैंकर की व्यवस्था, जो सबकी पहुंच से बाहर है, लेकिन मसला पानी का है, जिसके बगैर एक दिन भी गुजारा मुमकिन नहीं। ऐसे में लोग चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर इधर-उधर भटकते हैं। कई लोगों ने तो दामोदर नद का शरण ले रखा है। नहाने और कपड़ा धोने के अलावा चुआं खोद कर पीने का पानी जुटाते हैं।

सिमडेगा के फैजान खान बने प्लेयर ऑफ द मैच

सिमडेगा ने पाकुड़ को 57 रन से किया पराजित

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच शनिवार को ग्राउंड 1. छावनी क्रिकेट ग्राउंड में सिमडेगा बनाम पाकुड़ के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सिमडेगा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 41.3 ओवर मे 196 दन बनाया और आउट हो गई। सिमेडेगा की ओर से अधर्व कुमार ने 62 रन, अंकित राज ने 34 रन एवम फैजान खान ने 22 रन बनाया। पाकुड़ की ओर से बल्लेबाज अर्जुन गोश्वामी ने 37 रन, दिबांकर कुमार ने 28 रन, चिंटू सिंह ने 22 रन, जय रजक ने 16 रन बनाए। सिमडेगा की ओर से गेंदबाज फैजान खान 6.2 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट, दर्श जुरेल ने 9 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट, सूर्योत्तम कुमार 3 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार ने किया। मौके पर मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू ,सचिव अरुण कुमार राय, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद ,सयुक्त सचिव वीरेंद्र प्रसाद पासवान, रोहित कुमार, सह सचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह, पवन कुमार साहु, महेंद्र राणा मौजूद थे।

अपनी संस्कृति व शिक्षा को कभी ना भूलें : आलोक अग्रवाल

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में शनिवार को पूर्व छात्र परिषद द्वारा कक्षा दशम के भैया बहनों के साथ एक संवाद कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व छात्र परिषद के सह संयोजक आलोक कुमार अग्रवाल मौजूद थे। मौके पर सर्वप्रथम उन्होंने दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना सभा में सामूहिक वंदना किया। इसके उपरांत कक्षा दशम के भैया बहनों के साथ चर्चा परिचर्चा हुई। भैया आलोक ने बच्चों के बीच रहकर उनके समस्याओं से अवगत हुए, विद्यालय में क्या दिक्कत उनको आ रही हैं, उनको निवारण करने हेतू बच्चों से बातचीत किया। साथ ही साथ बच्चों को यह उपदेश भी दिया की आप अपने निर्धारित समय से अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करें। जो भी संस्कार अपने विद्यालय से दी जा रही है उस संस्कार एवं संस्कृति को ना भूले और अपने मैट्रिक की पढ़ाई को ध्यान लगाकर पढ़ें ताकि आपका रिजल्ट अच्छे से अच्छे हो सके और अपने विद्यालय का नाम रोशन हो सके। बच्चे हमेशा यह सोंचकर अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाते रहें कि हमें कुछ लक्ष्य पाया है और अपने लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना है। झारखंड जैसे रज्य में पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतिभा में काफी पायी जाती है, कमी है सिर्फ उन्हें तराशने की। झारखंड जैसे छोटे राज्य में पढ़ाई पढ़ाई की अच्छी सुविधा है, यहां के बच्चे दूसरे जगह जाकर नाम रौशन कर रहे हैं। अंत में सभी भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभा की समाप्ति की गई।

अवैध रूप से जमीन कब्जा को लेकर मत्स्यजीवी सहयोग समिति ने सीओ को दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता। बरही

मत्स्यजीवी सहयोग समिति ने सीओ बरही को आवेदन देकर बरगीडीह पांडेय आहार स्थित जमीन के खाता संख्या 750 प्लॉट 1495, 799 को अतिक्रमित कर कब्जा करने का आरोप लगाया है. आवेदन में बताया गया है कि उक्त जमीन क्षेत्र के 4.84 एकड़ जमीन पर कुछ स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है. आवेनकर्ताओ ने उक्त जमीन को यथाशीघ्र अतिक्रमण मुक्त करने की मांग किया है. इस संबंध में सीओ ने बताया कि फिलहाल उन्हें मामले की जानकारी नहीं है. आवेदन मिलने पर उचित कारवाई की जायेगी. आवेदन पर संतोष निषाद, राजू निषाद, सूरज निषाद, दिनेश निषाद, सूरज निषाद, शिवा निषाद, आर्यन निषाद, राधा निषाद, विकास निषाद आदि सहित करीब दो दर्जन लोगो का हस्ताक्षर है.

न्यूज बॉक्स

मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई मोटरसाइकिल रैली

बरही। लोकतंत्र के महापर्व को खास बनाने के लिए बरही के प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा लगातार कई कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा मोटरसाकिल रैली निकाली गई और मतदाताओं को वोट के लिए जागरूक किया गया। रैली बरही बीडीओ सी.आर. इंदवार व सीओ रामनारायण खलखो के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल परिसर से निकाला गया, जो बरही चौक, कोनरा, पंचमधव, करियातपुर, धनवार, केवाल, रालो लठिया, दौरवा, कुंडवा, चार माइल, देवचंदा मोड होते हुए वापस प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में समापन किया गया। जिसमें मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता प्रतिज्ञा, मतदाता मार्गदर्शिका, बैनर, पोस्टर, तख्ती, स्लोगन आदि के माध्यम से 20 मई 2024 बरही में लोकसभा चुनाव में मतदान कर लोकसभा को मजबूती प्रदान करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारियों के साथ दर्जनों कर्मी मौजूद रहे।

सम्मानित जनता तय करे किसे भेजेगी लोकसभा, पूंजीपति को या आंदोलनकारी के बेटे को : जेपी पटेल

हजारीबाग। झामुमो जिला इकाई की एक बैठक इंडी गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के साथ शनिवार को हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय सचिव सह झामुमो के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया एवं संचालन पूर्व जिला सचिव सह संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो ने की। मौके पर जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की यह चुनाव देश के संविधान, आरक्षण, गरीब मजदूर और किसान को बचाने के लिए है।भाजपा विदेशों से कला धन लाकर गरीबों को 15 लाख देने समेत अनेकों वादे किए लेकिन उन वादों पर खरा नहीं उतर पाई।आज पूरा देश महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है।मोदीजी गरीब का बेटा कहकर प्रधानमंत्री बने और देश की संपत्ति पूंजीपतियों को बेच रहे हैं।एक ओर पूंजीवादी प्रत्याशी है दूसरी ओर आंदोलनकारी का बेटा है,चयन आपको करना है। श्री बेदिया ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में बदलाव की लहर है।जय प्रकाश भाई पटेल को गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त हो चुका है और जीत सुनिश्चित है।कहा कि जिले में हमारा संगठन काफी मजबूत है। बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक लाखों की संख्या में कार्यकर्ता सक्रिय है जिसका लाभ महागठबंधन प्रत्यासी जे पी भाई पटेल को मिलेगा। बैठक में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, मो इजहार, संजय सिंह, नईम राही,देबीराम हेंब्रम, सुनील शर्मा, रवि सिंह,बिरेंद्र राणा महताब हुसैन, जगदीश चंद्र यादव,कुर्बान अंसारी समेत हजारों की संख्या में बूथ स्तर से जिला स्तर के नेता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

चेचकपी पंचायत के लोगों कहा, रोड नहीं तो वोट नहीं

बीडीओ ने ग्रामीणों को समझाने का किया प्रयास, कहा- करें मतदान

बीडीओ ने लोगों को आश्वस्त किया कि चुनाव के बाद आपकी मांगों को पूरा कराने का हर संभव प्रयास करूंगी

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा

प्रखंड के चेचकपी पंचायत अंतर्गत बीते शुक्रवार को पंचायत के विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर लोगों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई थी। वहीं रोड नहीं तो वोट नहीं का कार्यक्रम गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों द्वारा चलाया गया था। इसके तहत लोगों ने सड़क निर्माण नहीं किए जाने तक चुनाव बहिष्कार करने की बात बताई। वहीं मामले को लेकर विभिन्न समाचार पत्र में खबर प्रकाशित किया गया। तत्पश्चात बीडीओ रोशमा डुंगडुंग समेत प्रखंड के अन्यकर्मी चेचकपी के लश्करी, बड़गुड़ीह, धोबारी आदि गांव का भ्रमण कर वहां के ग्रामीणों की समस्या को सुना। वहीं बीडीओ ने लोगों को अस्वस्त किया कि चुनाव के बाद आपकी मांगों को पूरा कराने का हर संभव प्रयास करूंगी। आप लोग हर हाल में मतदान करें और इस लोकतंत्र के महापर्व में भाग लें। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग हर बार झूठे वादे/ आश्वासन से मानने वाले नहीं हैं। जब तक उपायुक्त स्वयं आकर स्थिति का जायजा नहीं लेती हैं तथा सड़क निर्माण के लिए ठोस पहल नहीं करती हैं तब तक हम लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी दल/ निर्दलीय का इस पंचायत में चुनाव संबंधी प्रचार प्रसार नहीं होने देंगे। यदि कोई नेता इस पंचायत में प्रचार प्रसार करने के लिए आते हैं तो हम लोग विरोध करेंगे।

पर्यवेक्षक ने व्यय कोषांग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के लेन-देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा

चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत जरूरी है

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) ने 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक राजेश विठ्ठलराव शेल्के (आईआरएस), तंगीराला मुरलीधर (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एआरओ संतोष कुमार सिंह मौजुद थे। समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा साथ ही अभ्यथीर्यों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है। व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे।

एक नजर

सेक्रेड हार्ट स्कूल में मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता आयोजित

झुमरीतिलैया। कोडरमा लोकसभा का चुनाव 20 मई को होना है। वोट प्रतिशत बढ़ाने हर लोग अपने-अपने स्तर से लगे हुए हैं। इसी कड़ी में सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को इंटर हाउस मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्लास नवीं और 10 वीं के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता शिक्षक शंकर कुमार की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता में बबली, राजवीर, अभिज्ञान, शैल्वी सिंह, दीपांकित राज, राजा बाबू गौतम, शिवम कुमार, पीयूष कुमार मोदी, स्वास्तिक कुमार, तन्मय सेठ, मोहित राज, सृष्टि मिश्रा, दिव्यंका बक्शी, शिवम कुमार, सचिन कुमार, शौर्य तिवारी, ऋषिका, निशा राज, शौर्य राज, निखिल राज ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक हाउस के लिए कुल 50 अंक निर्धारित थे।

भाकपा माले को खटक रहा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिल रहा आरक्षण : रमेश सिंह

कोडरमा। भाजपा के वरीय नेता रमेश सिंह ने कहा है कि भाकपा माले को आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिल रहा 10 प्रतिशत आरक्षण खटक रहा है। भाकपा माले अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान भी यह दावा कर रही है कि यदि इंडी गठबंधन सत्ता में आया, तो आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को मिल रहा 10 प्रतिशत आरक्षण समाप्त किया जाएगा। भाकपा माले के इस रुख से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और विशेषकर गरीब सवर्णों में आक्रोश है और माले को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की पहल पर आजादी के बाद पहली बार अब तक किसी भी प्रकार के आरक्षण या संरक्षण से वंचित गरीब सवर्णों सहित आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना शुरू हुआ।

झुमरीतिलैया नगर परिषद महागठबंधन दलों की बैठक में कई निर्णय

झुमरीतिलैया। नगर परिषद क्षेत्र में महागठबंधन की मजबूती और हरेक बूथ तक जनता से सीधे संवाद को लेकर जमीन पर उतारने में जुटी है। इसी को लेकर महागठबंधन की विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवास पर बैठक शुक्रवार को हुई। महागठबंधन के जिला संयोजक रामधन यादव ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव संविधान बनाम भाजपा के बीच लड़ाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा 10 साल से सत्ता में है। लेकिन इस दौरान कोडरमा की जनता का कोई भलाई का काम नहीं हुआ। शिक्षा विभाग में मंत्री रहते हुए कोई उपलब्धि जनता को गिनाने के लिए भाजपा के पास जबाब नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान,लोकतंत्र बचाने की लड़ाई हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन एकता के बल पर शहरी क्षेत्र में भी भाजपा को हर बूथ पर हराएगी। बैठक को कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, मजदूर नेता प्रेम प्रकाश,आप के दामोदर यादव,बसपा नेता प्रकाश अंबेडकर, दलित एक्टिविस्ट इंद्रदेव राम ने कहा कि दुनियां में यह शहर विश्व विख्यात है।

व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत का हुआ आयोजन

64 मामलों का हुआ निष्पादन, 35 लाख रुपये की हुई राजस्व वसूली

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा द्वारा विशेष लोक अदालत-सह-मासिक लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर कुल चार बेंच का गठन किया गया। पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा ने वादीगणों आम जनता को आग्रह पूर्वक कहा कि सुलहनीय वादों के निष्पादन में लोक अदालत सरल, सस्ता एवं सुलभ मार्ग है। लोक अदालत में कुल 64 मामलों का निष्पादन किया गया जिसमें बिजली संबंधित 21 मामले, चेक बाउंस से संबंधित 17 मामले एवं 26 अपराधिक सुलहनीय वाद का निष्पादन किया गया तथा कुल 3507888/- रुपये की राजस्व वसूली की गयी। उक्त विशेष लोक अदालत-सह-मासिक लोक अदालत के उद्घाटन के अवसर पर निरंजन सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-कक्ष मनीष कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा, मरियम हेमरोम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा, सुभाष बाड़ा, अनुमंडलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा बसन्त कुमार अध्यक्ष, बार एशोसिएशन, सिमडेगा, संजय कुमार महतो सचिव, बार एशोसिएशन, सिमडेगा वादकारीगण उपस्थित थे।

दहेज हत्या के आरोपी को 14 साल सश्रम कारावास

कोडरमा। दहेज को लेकर हत्या किए जाने के मामले की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई की है। आरोपी मो जावेद, पिता-निजामुद्दीन, पिपराही, चंदवारा, जिला कोडरमा निवासी को 304 (बी)आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 14 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 30 हजार रुपए जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला साल 2020 की है। इसे लेकर चंदवारा थाना कांड सं 57/2020 और एसटी 42/2020दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला और अधिवक्ता अनवर हुसैन ने किया। इस दौरान सभी 11 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला, अधिवक्ता अनवर हुसैन ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया।

विशेष लोक अदालत मामलों के त्वरित निष्पादन में मील का पत्थर साबित होगा : प्रधान जिला जज

कोडरमा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को चेक बाउंस और बिजली विभाग के मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत सह मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें गठित बेंचों के जरिए कुल 82 वादों का निष्पादन और विभिन्न विभागों से कुल 62 लाख 69 हजार रु राजस्व की वसूली की गई। इस दौरान प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष गुलाम हैदर ने कहा कि झालसा के निर्देश पर चेक बाउंस,बिजली विभाग के मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत मामलों के त्वरित निष्पादन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है और यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है। लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है।

स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

विभिन्न संगठनों ने निकाली मोटरसाइकिल रैली

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत कोलेबिरा मुख्यालय में खूंटी लोकसभा के लिए 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए कोलेबिरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय से होते हुए चौक चौराहों तक जागरूकता रैली निकल गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा वीरेंद्र किंडो, अंचलाधिकारी कोलेबिरा अनूप कच्छप, जेएसएलपीएस बीपीएम अगापित लुगुन के मार्गदर्शन में स्वीप कोषांग और विभिन्न संगठनों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई । जागरूकता रैली में जेएसएलपीएस एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों के द्वारा मोटरसाइकिल स्कूटी एवं ऑटो के साथ रैली निकाली गयी, इसके बाद उपस्थित सबों के द्वारा गोलाकार बनाकर मतदान करने को लेकर नारा लगाया गया। मौके पर सभी लोगों को जानकारी देते हुए कहा गया कि सभी लोग मतदान के दिन सुबह 7:00 से लेकर शाम 5:00 बजे तक आपने सभी प्रकार की आवश्यक कार्यों को छोड़कर मताधिकार का प्रयोग करें ,ताकि देश का लोकतंत्र मजबूत हो सके इस दौरान काफी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

डीपीआरओ ने प्रेसवार्ता कर खूंटी लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों की स्थिति की दी जानकारी

खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 7 प्रत्याशी योग्य घोषित, 9 के नामांकन रद्द

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा सिमडेगा मीडिया कोषांग में शनिवार को डीपीआरओ पलटू महतो ने प्रेसवार्ता आयोजित कर खूंटी लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों की स्थिति की जानकारी मीडिया के साथ साझा किए। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल 2024 को खूंटी लोकसभा क्षेत्र में नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दौरान 07 प्रत्याशी के नामांकन पत्र योग्य पाये गये। 09 प्रत्याशी के नामांकन पत्र अयोग्य घोषित हुये। उन्होंने बताया कि संविक्षा में योग्य पाए गए अभ्यर्थियों में अर्जुन मुंडा- भारतीय जनता पार्टी, काली चरण मुंडा -भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सावित्री देवी- बहुजन समाज पार्टी, बबीता कच्छप- भारत आदिवासी पार्टी, अर्पणा हंस- झारखंड पार्टी, बसंत कुमार लोंगा-निर्दलीय और पास्टर संजय कुमार तिर्की निर्दलीय शामिल हैं। वहीं उन्होंने बताया कि संविक्षा में अयोग्य पाए गए अभ्यर्थी में सोमा मुंडा - अबुआ झारखंड पार्टी, जयपाल मुंडा- भागीदारी पार्टी (पी), समडोम गुड़िया- आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, सामुएल पूर्ति -आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, थॉमस डांग - पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), प्यारा मुंडु - झारखंड पार्टी, काशी नाथ सांगा- लोकहित अधिकार पार्टी, सुबोध पुर्ती - निर्दलीय और अहलाद केरकेट्टा निर्दलीय शामिल हैं। डीपीआरओ ने बताया कि नाम वापसी की अंतिम तिथि- 29 अप्रैल के अपराह्न 3:00 बजे तक है तथा प्रतीक चिन्ह आवंटन 29 अप्रैल के अपराह्न 3:00 बजे से जायेगी। मतदान की तिथि 13.05.2024 प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक रहेगी। डीपीआरओ ने बताया कि पिछले लोक सभा आम चुनाव 2019 के दौरान सिमडेगा शहरी क्षेत्र के एक हीं जगह पर चार सीरियल मतदान केंद्रों में बहुत कम वोटिंग प्रतिशत हुआ था। जिसमे मतदान केंद्र संख्या 162 हाई स्कूल सिमडेगा पश्चिम में 46 प्रतिशत, मतदान केंद्र संख्या 163 एसएस गर्ल्स हाई स्कूल पूरब में 52.2 प्रतिशत, मतदान केंद्र संख्या 166 एसएस +2हाई स्कूल सिमडेगा उतर 53.5 प्रतिशत और मतदान केंद्र संख्या 160 एसएस गर्ल्स हाई स्कूल में 54.6 प्रतिशत मतदान हुआ था।

बीडीओ ने रात्रि चौपाल के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर शुक्रवार को देर शाम प्रखंड ठेठईटांगर के ग्राम घोड़ीटोली बूथ नं 197 में बीडीओ नूतन मिंज की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस ठेठईटांगर टीम के द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से इस गांव में रात्री चौपाल किया गया। जिसमें 13 मई को अपने अपने क्षेत्र के बूथ में जाकर सभी ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया तथा ग्रामीणों के बिच सखुवा पत्ता में हल्दी से रंगा हुआ चावल देकर 13 मई 2024 को मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया गया, पोस्टर के माध्यम से मतदान देने का तरीका बताया गया तथा मतदान के लिए शपथ दिलाया गया। इसमें गांव के ग्रामीण,स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ जेएसएलपीएस के प्रभारी बीपीएम संतोष कुमार वर्मा, प्रमोद सिन्हा,सीता भगत, मारियाना गुड़िया कृष्ण कुमार भोय, एवं लालमुनी देवी आदि उपस्थित थे।

सरहुल मानव जाति को प्रकृति की रक्षा करने का संदेश देता है : विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पालकोट के डहुपानी पंचायत स्थित कसीदार में सरहुल पूजा का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्म पत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुए। साथ ही लोगों को सरहुल पूजा की बधाई देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि सरहुल पर्व प्राकृतिक प्रेम के साथ आपसी सद्भाव का भी प्रतीक है। जिसमें हमारे पूर्वजों के द्वारा धरती व प्राकृतिक पूजा कर एक दूसरे के साथ खुशियां बांटते आए हैं। सरहुल का मनुष्य और प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। सरहुल का वास्तविक अर्थ पेड़ों और प्रकृति की पूजा करना है। इस त्यौहार में निहित संदेश यह है कि प्रकृति के बिना मानव जाति का अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि सरहुल मानव जाति को प्रकृति की रक्षा करने का संदेश देता है। आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का सामना कर रहा है। इस बीच सरहुल का प्रकृति की रक्षा का संदेश बहुत महत्वपूर्ण है।

सिमडेगा उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया हाटिंगहोड़े क्षेत्र का दौरा

मध्य विद्यालय हाटिंगहोड़े में भवन मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर बानो प्रखण्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय हाटिंगहोड़े, बानो एवं आर.सी.प्री.वि. गेरदा मतदान केंद्र एवं कलस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय हाटिंगहोड़े में भवन मरम्मती कार्य को चार से पांच दिनों के अंदर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पानी, शौचालय, पोलिंग पार्टी के ठहरने के लिए कमरा, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो को निर्देश देते हुए कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु ससमय से सभी व्यवस्थाओं पूर्ण कर लें।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो मो० नईमुद्दीन अंसारी उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

शराब पीने से मना करने पर पत्नी को जिंदा जलाने का किया प्रयास

सिमडेगा। पाकरटांड थाना क्षेत्र के सिकरियाटांड टांगरटोली गांव में बीती देर रात शराब पीने से मना करने पर पत्नी को केरोसिन डालकर पति के द्वारा जिंदा जलाने का प्रयास किया, जिस पर पत्नी गंभीर रूप से झुलस गई ,जिसे इलाज के लिये सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की पहचान रायपुर निवासी फूलबाई के रूप में हुई। घटना के संबंध में पीड़िता की सांस ने बताया कि उसका बेटा दीपक मिंज गोवा में रहकर काम करता था और इसी दौरान छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी फुलबाई नमक युवती साथ उसका प्रेम प्रसंग हुआ और महज दो हफ्ता पहले उसे पत्नी बनाकर घर लाया। इधर दो हफ्ता बी जाने के बाद शुक्रवार की शाम में दीपक नशे का सेवन कर आया और घर में बहस करने लगा और इसके अलावा और शराब पीने की बात कही जिस पर उसकी पत्नी ने उसे मना किया तब मारपीट करते हुए घर में रखे किरोसिन उसके शरीर पर डालकर माचिस से आग लगा दी ।बाद में आसपास के लोगों ने किसी प्रकार महिला को आग से बचाई हालांकि उसका 70% आज की वजह से जल चुका है। इधर गंभीर अवस्था में सिमडेगा सदर अस्पताल में पीड़िता के इलाज चल रही है।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने जलडेगा प्रखंड सभागार में की उच्च स्तरीय बैठक

जलडेगा। कसभा आम निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने बानो एवं जलडेगा प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जलडेगा प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं सेक्टर पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। साथ ही कई प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मतदान केंद्रों पर ए.एफ.एफ. यानि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, कम्युनिकेशन प्लान, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की तैयारी, एएसडी मतदाताओं की मार्किंग, वोलेंटियर चयन, दिव्यांग मतदाताओं के लिए गाड़ी व्यवस्था करने समेत कई अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की। उन्होंने बीएलओ से कहा कि वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण करते समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे, प्रत्येक घर जाकर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप मतदाता को ही देंगे। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को दूसरे का वोटर इनफॉरमेशन स्लिप नहीं देंगे और चुनाव की तिथि 13 मई 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है इसकी जानकारी देते हुए अपने-अपने क्षेत्रों के शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान करना सुनिश्चित करेंगे। ताकि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित 80 प्रतिशत के लक्ष्य को पूरा कर सकें। उपायुक्त ने आचार संहिता उल्लंघन एवं किसी प्रकार की प्रलोभन देने से संबंधित शिकायत दर्ज करने हेतु वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप, जिला नियंत्रण का 100 नंबर या 112 नंबर पर सूचित करने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि अगर कोई मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित है परंतु एपिक कार्ड नहीं है वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य 12 प्रकार की पहचान पत्र में से कोई भी एक पहचान कार्ड के साथ वोटिंग कर सकता है।

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत

मैट्रिक परीक्षा में बेहतर करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय सिमडेगा में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नावनामांकित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का स्वागत सह छात्र उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वागत गान 11वीं की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्राहम केरकेट्टा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय एक परिवार की तरह है जिसे हम सब मिलजुल कर आगे बढ़ाएं उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि हम अपनी सेवा पूरी ईमानदारी से देंगे आप भी बच्चों को समय दें ताकि इनका बेहतर भविष्य बनाया जा सके ।एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार के द्वारा पीपीटी के माध्यम से विद्यालय के सभी संसाधन एवं सुविधाओं को दिखाते हुए उल्लेख किया गया। उन्होंने कहा हमारे यहां योग्य शिक्षक शिक्षकों का भंडार है और इस नाते मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आने वाले समय में हमारा विद्यालय बेहतर परिणाम देगा। उन्होंने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते हुए उनके सर्वांगीण विकास किया जाएगा। विद्यालय द्वारा संचालित एनसीसी, एनएसएस का भी जिक्र करते हुए कहा कि इससे बच्चों में अनुशासन एवं सामाजिक भावना का विकास होता है। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित प्रोजेक्ट इंपैक्ट पर विशेष बल देते हुए कई जानकारियां साझा की जैसे प्रार्थना सभा, बाल सांसद, विद्यालय को चार हाउस में बांटना आदि। विद्यालय की शिक्षिका एलिस जॉस्फिन कल्लू के द्वारा कहा गया कि विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने में अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण है।

भाजपा की बैठक में प्रत्याशी अन्नपूर्णा को विजयी बनाने का आह्वान

डोमचांच। डोमचांच ग्रामीण मंडल में ढोढाकोला, पारहो, जानपुर पंचायत में भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने बूथ अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक के साथ बैठक की। बैठक में केन्द्रीय मंत्री सह पार्टी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष जोशी ने बूथ अध्यक्षों से कहा कि आप अपने बूथो में पन्ना प्रमुख बनाएं। पन्ना में 60 वोटर होते हैं, जिसमें 10-12 घरों की संख्या होती है। उनसे ही संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को बताएं। साथ ही मोदी जी का प्रणाम संदेश घर-घर तक पहुंचाएं। मेरा बुथ- सबसे मजबूत के तहत कार्यकताओं को निर्देश दिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मंडल प्रभारी प्रभाकर लाल रावत, संजय मेहता, राजकुमार मुर्मू, महेश वर्मा, परिजात सिंह, निमेश सिंह, रंजन राय, आदित्य बर्णवाल, रामदेव राणा, मथुरा पंडित, हिमेश राणा, चंद्रिका सिंह, विकास कुमार आदि आदि उपस्थित थे।

झारखंड राज्य पेंशनर समाज सिमडेगा इकाई की बैठक संपन्न

विभिन्न समस्याओं सहित कई बिंदुओं पर की गई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा सिमडेगा कचहरी के समीप बने पेंशनर कार्यालय में झारखंड राज्य पेंशनर समाज सिमडेगा इकाई की शनिवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया ,बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इग्नेश तिर्की के द्वारा की गई। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न प्रकार की समस्या सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई जहां पर जिला सचिव राम कैलाश राम ने पेंशनरों के होने वाले समस्याओं को अवगत कराया जिस पर सभी लोगों ने इस संदर्भ में बैंक के पदाधिकारी से मुलाकात कर तथा सिमडेगा पेंशन विभाग में जाकर समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई इस दौरान जिलेभर से आए हुए पेंशनर समाज के सदस्य उपस्थित थे।

एक नजर

तिरुलडीह में 20 लाख सीएफटी अवैध बालू जब्त

चांडिल। बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सरायकेला-खरसावां जिला खनन विभाग एक बार फिर एक्शन मोड में आ गया है। शुक्रवार की रात को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी के नेतृत्व में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के तिरुलडीह में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में विभाग को बड़ी सफलता भी हाथ लगी है। रातभर छापामारी अभियान चलाने के बाद शनिवार की भोर को कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने छापामारी अभियान के दौरान तिरुलडीह में अवैध रूप से भंडारण किए गए 20 लाख सीएफटी बालू जब्त किया है। इसके साथ ही गैरकानूनी रूप से बालू ले जा रहे तीन ट्रैक्टर भी जब्त किया है। तीनों ट्रैक्टर तिरुलडीह में रेलवे लाइन के किनारे सुवर्णरेखा नदी से बालू उठा रहे थे।

तोपचांची में आंगनबाड़ी केंद्र से सोलर प्लेट की चोरी

धनबाद। तोपचांची थाना क्षेत्र के रामाकुंडा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में लगे सोलर प्लेटों की चोरों ने चोरी कर ली। घटना शुक्रवार की रात की बताई जाती है। शनिवार की सुबह ग्रामीणों की नजर आंगनबाड़ी केंद्र पर पड़ी, तो सोलर प्लेट गायब मिले। उन्होंने इसकी सूचना सेविका व पंचायत के मुखिया को दी। सेविका संगीता कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर स्वयं खोजबीन की और तोपचांची थाना में सोलर प्लेट चोरी की लिखित शिकायत की। सोलर प्लेट की कीमत करीब 60 हजार रुएए बताई जा रही है।

लोक अदालत में 856 वादों का निबटारा

धनबाद। धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह डालसा की सचिव निताशा बारला ने बताया कि लोक अदालत में कुल 856 वादों का निबटारा किया गया। इनमें एनआई एक्ट के 122 वादों का निबटारा करते हुए 1 करोड़ 26 लाख 58 हजार 30 रुपए की रिकवरी की गई। वहीं, बिजली से संबंधित 672 वादों का निबटारा किया गया, जिसमें 1 करोड़ 23 लाख 20 हजार 274 रुपए की रिकवरी हुई। जबकि मासिक लोक अदालत में कुल 62 वादों का निबटारा किया गया, जिसमें 8 लाख 48 हजार 150 रुपए की रिकवरी हुई।

पुटकी में वार्ड सदस्य के घर से नकद 3 लाख रुपये की चोरी

धनबाद। पुटकी थाना क्षेत्र की इंद्र आवास कॉलोनी में चोरों ने वार्ड सदस्य राजनंदन रजक उर्फ शेरू रजक के घर में घुसकर नकद 3 लाख रुपए की चोरी कर ली। घटना शुक्रवार रात की है। शेरू रजक ने बताया कि शुक्रवार को उसने लाभुकों को देने के लिए बैंक से 3 लाख रुपए निकाल कर घर की आलमारी में रखे थे। इन रुपयों को शनिवार को लाभुकों का बांटना था। शनिवार की सुबह जब वह सो कर उठे, तो देखा कि कमरे में सामान बिखरा पड़ा है और आलमारी का लॉक टूटा हुआ है। आलमारी में रखे 3 लाख नगद रुपए गायब थे। उसने पुटकी थाना को फोन कर धटना की सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

नावाडीह में 105 लीटर देसी शराब व 2580 किलो महुआ जब्त

बोकारो। बोकारो जिला उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को नावाडीह थाना क्षेत्र के दाहियारी कोचागढ़ा टोला में अवैध शराब भट्ठी पर छापेमारी की। टीम ने भट्ठी से 105 लीटर चुलाई शराब व 2580 किलो जावा महुआ जब्त किया। शराब व निर्माण में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं को नष्ट कर दिया गया। छापेमारी में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित अन्य जवान शामिल थे।

रेफरल जजों को लेकर मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से सेमिनार हॉल में एकदिवसीय मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मनोज प्रसाद ने कहा कि यह कार्यक्रम गिरिडीह न्याय मंडल में पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं विद्वान मध्यस्थों के लिए मध्यस्थता हेतु भेजे जाने वाले मामलों पर जागरूकता करने के लिए किया गया, ताकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं माननीय उच्च न्यायालय, रांची के द्वारा मध्यस्थता के लिए निर्धारित दिशानिदेर्शों का अनुपालन सभी रेफरल जजों एवं विद्वान मध्यस्थों के द्वारा किया जा सके। साथ ही मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों के ऊपर चर्चा के साथ अपराधिक मामलों, सिविल मामले, पारिवारिक मामले एवं मध्यस्थता योग्य अन्य मामलों में नियमानुकूल कार्यवाही मध्यस्थता के दौरान हो सके एवं पक्षकारों को इसका समुचित लाभ प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कराते हुए मध्यस्थता नियमावली के बारे में सचिव महोदया जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम विश्नोई के द्वारा मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों के ऊपर जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के दौरान मध्यस्थता में रेफरल जजों की भूमिका पर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम गोपाल पांडेय विस्तार पूर्वक सभी रेफरल जजों, मध्यस्थगणों एवं पैनल अधिवक्ताओं को जानकारी प्रदान किया। दूसरे सत्र में मध्यस्थता की उपयोगिता एवं मध्यस्थों की भूमिका पर प्रशिक्षित मध्यस्थ श्रीमती उर्मिला शर्मा एवं तीसरे सत्र में एडीआर मेकैनिज्म के बारे में पैनल अधिवक्ता श्री अमित सिन्हा ने जानकारी प्रदान किया। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारियों एवं विद्वान मध्यस्थों ने भी आपस में परिचर्चा कर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में बतौर रेफरल जज जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अष्टम यशवंत प्रकाश,अनिल कुमार, अरुण कुमार, श्रीमती रेनू वर्मा, श्रीमती सुनीता कुमारी, श्रीमती तृप्ति रंजना, पैनल अधिवक्ता श्री अमित कुमार सिन्हा, धीरज कुमार सिन्हा इत्यादि उपस्थित थे।

मो हसनैन अली का ग्रामीणों ने किया विरोध

गिरिडीह। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो हसनैन अली गांडेय विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान किया। इसमें कई गांव में जिला अध्यक्ष का भ्रमण हुआ। स्थानीय ग्रामीणों ने झारखंड में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई। लोगों ने जिला अध्यक्ष की गाड़ी रोककर विरोध किया। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी 18 प्रतिशत है और एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया गया। यह कैसा बर्ताव है। आला कमान अगर अल्पसंख्यक उम्मीदवार को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं देती है तो हम लोग किसी भी दल के नेता को अपने गांव में घुसने नहीं देंगे। जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि आज मैं विभिन्न इलाकों में भ्रमण किया। अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में जबरदस्त नाराजगी है कि लोकसभा चुनाव में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया गया है।

न्यूज बॉक्स

कॉलेज में 10 मई से मिलेगा इंटर का नामांकन फॉर्म

घाटशिला। घाटशिला कॉलेज में इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन हेतु 10 मई से नामांकन का प्रोस्पेक्टस मिलेगा. विद्यार्थी नामांकन को लेकर अपना नामांकन फॉर्म प्राप्त कर 20 मई तक कॉलेज आकर जमा करना सुनिश्चित करेंगे. प्राप्त आवेदन का मेरिट लिस्ट लोकसभा चुनाव के बाद 30 मई को प्रकाशित किया जाएगा तथा उसी दिन से नामांकन भी लिया जाएगा. नामांकन को लेकर प्राचार्य डॉ आरके चौधरी के साथ इंटरमीडिएट के कर्मचारियों की बैठक हुई.बैठक में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा पूर्व निर्धारित सभी संकायों में सीटों की कटौती पर चर्चा हुई. जैक से प्राप्त पत्र के अनुसार प्रत्येक संकाय में मात्र 384 नामांकन ही लेना है. इस संदर्भ में निर्णय लिया गया की तत्काल 384 सीटों पर ही आरक्षण के नियमों का अनुपालन करते हुए नामांकन लिया जाएगा. सीट की बढ़ोतरी होने पर आवेदन की तिथि को विस्तारित किया जाएगा. बैठक में प्राचार्य डॉ चौधरी के साथ अर्थपाल प्रो. इंदल पासवान, लेखपाल चंदना मुखर्जी, नामांकन सहायक गुना राम मुर्मू, रघुनाथ मुर्मू , संजय मार्डी, सूर्यदेव टुडू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

मुखिया ने दिलाई मोहल्ले के लोगों को पेयजल की समस्या से निजात

घाटशिला। घाटशिला प्रखंड के पावड़ा पंचायत अंतर्गत ढोडाडीह मुहल्ले में पिछले एक पखवाड़े से चापानल खराब पड़ा था। 15 दिनों से परेशान मोहल्ले वासियों ने शनिवार को पंचायत के मुखिया पार्वती मुर्मू से गुहार लगाई. मुखिया ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए चापाकल की मरम्मत मरम्मत कराई. मोहल्ले के लोगों ने इस कार्य के लिए मुखिया पार्वती मुर्मू के प्रति आभार व्यक्त किया. ज्ञात हो कि पिछले 15 दिनों से मुहल्ले के लोगों को पीने के लिए पानी की किल्लत हो गई थी.आसपास के मुहल्ले से किसी तरह से पानी की व्यवस्था कर पानी पी रहे थे. इस मुहल्ले के लोग इसी चापानल से पानी लेते हैं. चापानल खराब होने परेशान लोग चापानल मरम्मत के लिए विभागीय अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं किए जाने से लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई थी. मुखिया के प्रयास से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात मिली।

रोमांचक फाइनल में सुपर किंग्स टिनप्लेट को हरा गबरू मानगो ने जीता सीएलएस का खिताब

जमशेदपुर। गबरू-मानगो ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रोमांचक फाइनल मैच में सुपर किंग्स-टिनप्लेट को पांच रनों से हरा कर प्रथम क्रिकेट लीग फॉर सिख (सीएलएस) का खिताब जीत लिया. गबरू-मानगो के हीरा को सर्वश्रेष्ठ बैटर, साकची के तजिंदर को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और सुपर किंग्स-टिनप्लेट के करण को सीएलएस श्रृंखला का मैन ऑफ द सीरीज चुना गया. सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) के तत्वावधान में आर्मरी मैदान में आयोजित तीन-दिवसीय क्रिकेट लीग फॉर सिख (सीएलएस) का शनिवार को तीसरा दिन था. सीएलएस श्रृंखला के सभी मैच आर्मरी मैंदान में खेले गए. जवाबी पारी खेलने आयी सुपर किंग्स-टिनप्लेट ने संघर्षपूर्ण पारी खेली परन्तु उतार चढाव वाले मैच में निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में नाकामयाब रही और केवल 126 रन ही बना सकी. करण ने सुपर किंग्स-टिनप्लेट के लिए सर्वाधिक 45 रन जोड़े जबकि गुरप्रीत (24) और जगराज ने (13) रन का योगदान दिया. गबरू-मानगो की ओर से गोविंदा ने दो और हीरा, जगदीप और हैप्पी पनेसर ने एक-एक विकेट लिया. फाइनल का मैन ऑफ द मैच हीरा को चुना गया।

इंडी गठबंधन की बैठक में विनोद सिंह के नामांकन को ऐतिहासिक बनाने का लिया गया निर्णय

गिरिडीह। गावां में इंडिया गठबंधन की संयुक्त बैठक मुखिया कन्हाय राम के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में राजद, कांग्रेस, आप, झामुमो और भाकपा माले आदि पार्टी के अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में इंडिया गठबंधन के कोडरमा लोस प्रत्याशी विनोद सिंह के नामांकन के दिन प्रखंड से हजारों की संख्या में लोगों को ले जाने का निर्णय लिया गया। वहीं तय किया गया कि सभी गांव में विनोद सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। वहीं एक-एक कार्यकर्ता केंद्र सरकार की गलत नीतियों को बताने के लिए लोगों के घर तक जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि भाजपा सरकार ने किस तरह लोगों को बड़े-बड़े घोषणाएं कर उन्हें विकास से दूर रखा है।

महागठबंधन की लोकप्रियता से घबराई भाजपा : राजकुमार

मजदूर दिवस के अवसर पर इंडी गठबंधन के उम्मीदवार करेंगे नामांकन

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

तिसरी चौक स्थित गंगाराम टुडू के आवास पर शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव में नामांकन को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार यादव की अध्यक्षता में इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें चुनावी रणनीति को लेकर चचाएं की गई। बताया गया कि 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के नामांकन में यहां से हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। इस दौरान राजकुमार यादव ने कहा कि नामांकन के बाद जो सभा होगी उस सभा को सफल बनाना है। आज जिस प्रकार से महागठबंधन की लोकप्रियता बढ़ रही है इससे साफ प्रतीत हो रहा है कि 2024 लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की हार तय है। उन्होंने कहा कि लगातार 10 सालों से महंगाई,भ्रष्टाचार के अलावे दमन से विपक्ष विहीन बनाने को लेकर मोदी सरकार की मुहिम थी। मोदी सरकार द्वारा ईडी और सीबीआइ के जरिए फंसाने की जो साजिश चल रही है, उसके खिलाफ जनता में आक्रोश है।

करोड़ों की लागत से बनी पानी टंकी पर जनता वर्षों से पानी को लालायित

गर्मी में पेयजल किल्लत से लोग परेशान, प्रशासन से जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

बागोडीह पंचायत प्रखंड सरिया जिला गिरीडीह में बने पानी टंकी से पिछले दस वर्षों में दस दिन भी ग्रामीणों को पानी नही मिलने से ग्रामीणों में प्रशासन व व्यवस्था के प्रति बड़ा रोष है। निखिल कुमार जिला अध्यक्ष, गिरीडीह, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने ग्रामीणों की वर्षो की परेशानी को देखते हुए उपायुक्त गिरीडीह से माँग किया है कि जल्द से जल्द समन्धित विभाग को एक जाँच कमिटी गठित करने का निर्देश दिया जाय। और पूरे मामले की जाँच हो व पानी टंकी के रख रखाव की समुचित व्यवस्था की जाय। ताकि ग्रामीणों को भीषण गर्मी के मौसम में जल जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित न होना पड़े । राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो के जिला अध्यक्ष, गिरीडीह, निखिल कुमार ने बताया कि पानी जैसी मूलभूत व बुनियादी सुविधाओं से ग्रामीण करोड़ो रुपए से बने पानी टंकी होने के बावजूद वंचित है इसका जिम्मेदार किसे ठहराया जाय? पानी टंकी के कल पुर्जो के रख रखाव की जिम्मेदारी जल सहइया की होती है लेकिन प्रशासन से उचित सहयोग न मिल पाने के कारण जल सहइया भी उचित रख रखाव नही कर सके व परिणाम आपके समक्ष है पिछले 10 वर्षों से 10 दिन भी ग्रामीणों को पानी नही मिल पाया व जनता के करोड़ो रुपए की बबार्दी हो गयी। जब तक धरातल पर प्रशासन उचित व्यवस्था व जिम्मेदारी तय नही करेंगे ऐसे ही जनता के टैक्स के पैसे की बबार्दी होगी व जनता बेबस व लाचार व ठगी सी महसूस करेंगी।

नेता प्रतिपक्ष ने गांडेय विस क्षेत्र के बेंगाबाद प्रखंड का किया दौरा

कोडरमा लोस सीट और गांडेय उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी शनिवार को गांडेय विधानसभा क्षेत्र के बेंगाबाद प्रखंड के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया और समर्थन की अपील की। अपने दौरे के क्रम में उन्होंने बेंगाबाद प्रखंड के मोतीलेदा, कर्णपुरा, महूआर, छोटकी खरगडीहा, बड़कीटांड और बेंगाबाद पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया । इस दौरान लोगों से मुखातिब होते हुए अमर बाउरी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों की बखान की। उन्होंने आम जनता से नरेंद्र मोदी सरकार की विकास कार्यों को गिनाया और भाजपा प्रत्याशी को बहुमत देने की अपील की। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य की झामुमो सरकार को आड़े हाथों लिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस और राजद समर्थित हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने राज्य की जनता को धोखा देने का काम किया।

एएल राव ने संभाला टाटानगर स्टेशन निदेशक का पदभार

जमशेदपुर। जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन के नए निदेशक एएलराव ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया. इस दौरान स्टेशन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. शुक्रवार को एएल राव चक्रधरपुर से उत्कल एक्सप्रेस पर सवार होकर टाटानगर पहुंचे जहां उन्होंने पदभार ग्रहण किया. इस दौरान उन्होंने स्टेशन के अधिकारियों के साथ एक बैठक कर कई जानकारियां ली. उन्होंने कहा कि टाटानगर स्टेशन में यात्री सुविधा और ट्रेनों को समय से चलाना ही पहली प्राथमिकता होगी. इसके अलावा स्टेशन की साफ-सफाई और यात्री सुरक्षा में सभी विभागों के साथ मिलकर काम किया जाएगा. दो माह पूर्व रेलवे ने कई अधिकारियों का तबादला कर दिया था. टाटानगर स्टेशन के पूर्व निदेशक रघुवंश कुमार के तबादले के बाद से ही पद रिक्त था. निदेशक के स्वागत समारोह में स्टेशन अधीक्षक ओपी शर्मा, और बुकिंग सुपरवाईजर नवीन अंबष्ठ शामिल थे।

अन्नपूर्णा देवी 2 मई को करेंगी अपना नामांकन पत्र दाखिल

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

एनडीए प्रधान कार्यालय गांधी चौक गिरिडीह में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोक सभा के प्रभारी विकाश प्रीतम प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किए । प्रेस कांफ्रेंस में गिरिडीह भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे,गिरिडीह लोकसभा के संयोजक प्रकाश सेठ,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जालान ,युवा मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्य संजीव कुमार सिंह उपस्थित रहें । कोडरमा लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगी, अन्नपूर्णा देवी के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल होंगे इसकी जानकारी शनिवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोकसभा के प्रभारी विकास प्रीतम ने प्रेस कान्फ्रेंस करके दी। उन्होंने कहा कि 2 मई को अन्नपूर्णा देवी और 3 मई को गाण्डेय उपचुनाव के लिए दिलीप वर्मा पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने इस दौरान गाण्डेय से झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन पर भी हमला बोला, उन्होंने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी को गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव लड़वाया जा रहा है।

मनसाडीह के टिकुलिया में 2 दिनों में ही डोभा बनकर हुआ तैयार

बगैर डोभा निर्माण के 70 प्रतिशत राशि निकासी का मामला

नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह

खबर छपने का हुआ असर

मनसाडीह वैसे तो मनरेगा योजनाओं से संबंधित लूट और गड़बड़झाले की बात सामने आती रहती है। विभाग द्वारा इन मामलों की जांच भी की जाती रही है बावजूद इसके मनरेगा में गड़बड़ी व अनियमितताएं बंद लेने का नाम नहीं ले रही। ऐसा ही मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत से आया है। जहाँ बगैर डोभा निर्माण के 70 प्रतिशत राशि की निकासी कर ली जाती है और खबर प्रकाशित होने के बाद 2 दिनों में ही डोभा बनकर तैयार हो जाता है। दरअसल मनरेगा योजना 2022-23 के तहत मनसाडीह पंचायत के टिकुलिया में सीताराम सोरेन पिता कान्हू सोरेन की जमीन पर डोभा निर्माण कार्य किया जाना था। लेकिन उक्त स्थल पर केवल आधा टुटा हुआ योजना बोर्ड लगा हुआ था और उसके आस - पास कहीं भी निर्माण कार्य नहीं किया गया था। जबकि इसमें 128520 रुपए की भारी - भरकम राशि की निकासी कर ली गई थी। इस मामले को हिंदी दैनिक अखबार राष्ट्रिय नवीन मेल में 24 अप्रैल को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद अपने आप को फंसता देख संबंधित कर्मचारियों व बिचौलियों ने ऐसी जादू की छड़ी घुमाई कि उक्त स्थल से कुछ ही दुरी पर रातों - रात डोभा का निर्माण हो गया। साथ ही पुराने बोर्ड को पूरी तरह तोड़कर नया बोर्ड भी लगा दिया गया। अब सवाल यह उठता है कि बगैर डोभा निर्माण के उतनी बड़ी राशि की निकासी आखिर कैसे हुई? और खबर प्रकाशित होने के बाद तुरंत डोभा कैसे अवतरित हो गया। बहरहाल इन मामलों को देखकर यही लगता है कि मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार व अनियमितताएं चरमबद्ध तरीके से काबिज है। विभाग द्वारा ठोस कार्यवाई के अभाव में यह योजना केवल चंद लोगों की जेब भरने के ही काम आ रही है।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

झारखण्ड सरकार
कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची
(MEDIA CELL)

सूचना

एतद् द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक–491/Paid News/2019 Communication दिनांक–25.02.2019 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–885 दिनांक 07.03.2024 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification and Monitoring Committee) गठित है जो प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक/सोशल/केबल नेटवर्क मीडिया एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के प्रचार सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व एवं या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से सात दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक/सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क के माध्यम से कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते है तो विहित प्रपत्र Annexure-A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनके द्वारा दिये गये व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु Annexure-B में अनुमति प्रदान की जाएगी।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु (MCMC) की अनुमति अनिवार्य है।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्व अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन की अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकॉस्ट होगा उसका विवरण।
- आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनितिक दल/प्रत्याशी के द्वारा बिना (MCMC) कोषांग से अनुमति लिए किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन/प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- MCMC कोषांग, राँची शहर अंचल कार्यालय, राँची प्रथम तल्ला में कार्यरत है जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24 X 7 संचालित रहेगी।

विश्वासभाजन
वरीय–सह–नोडल पदाधिकारी,
MEDIA कोषांग, राँची

PR 324168District(24-25)#D

पुस्तक समीक्षा

मोदियनकंसेंससः द रिडिस्कवरी ऑफ भारत

डॉ. अपर्णा, सहायक प्राध्यापक, केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड

स्वदेश सिंह ने अपनी पुस्तक 'मोदियन कंसेंससः द रिडिस्कवरी ऑफ भारत' से पिछले 150 वर्षों के दौरान भारतीय राजनीति के विभिन्न युगों के बीच तुलना की है। यह हाल के वर्षों की राजनीति की उल्लेखनीय विशेषताओं का भी वर्णन करता है। लेखक विभिन्न विषयों को शामिल करते हुए और 19वीं सदी के अंत तक जाकर मोदी की राजनीति की वैचारिक जड़ों का पता लगाता है। हालाँकि यह मोदी फैक्टर पर विचार करता है, लेकिन यह इसके बाहर और आगे भी देखता है। यह पुस्तक पूरी तरह से नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है कि कैसे पीएम मोदी ने भारत में राजनीति के विमर्श को बदल दिया। न केवल भाजपा अपनी राजनीति कैसे करती है बल्कि उन्होंने अन्य सभी राजनीतिक दलों को एक अलग तरीके से काम करने के लिए मजबूर किया। मोदियनसर्वसम्मति, जिसे तीन खंडों और दस अध्यायों में व्यवस्थित किया गया है, सर्वसम्मति को पांच चरणों में वगीकृत करती हैः सभ्यतावादी, गांधीवादी, नेहरूवादी, धर्मनिरपेक्ष औरमोदियन, जो सबसे हालिया है। तीन मानदंड, मुखर राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक जड़ता और सभी के लिए कल्याण, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय राजनीति में इस नए अध्याय की शुरूआत की विशेषता है। पश्चिम द्वारा थोपे गए भारत के विकृत छवि का खंडन करने और 'भारत राष्ट्र' की एक अलग तस्वीर पेश करने के लिए देश के राजनीतिक इतिहास का विश्लेषण करना पुस्तक के मुख्य लक्ष्यों में से एक है। पहले अध्याय से लेकर अंतिम अध्याय तक स्वदेश सिंह ने सर्वसम्मति का अर्थ,कई कोणों से विस्तार से बताया और यह यात्रा कई कालखंडों से होकर गुजरा हैं। श्री सिंह ने ईमानदारी और निष्पक्षतापूर्वक स्वदेशी आंदोलन, भारतीय राजनीति में महात्मा गांधी के आगमन, नेहरूवादी सहमति, लुप्त होती नेहरूवादी सहमति और धर्मनिरपेक्ष सर्वसम्मति के बारे में लिखा। उनका दावा है कि नेहरू की संकीर्णता, खराब राजनीतिक प्रयोग और भारतीय समाज के बारे में गलत धारणा ने देश को बहुत नुकसान पहुंचाया - चाहे वह चीन के संबंध में हो, कश्मीर विवाद हो, या पंचवर्षीय योजनाओं में अंतराल हो। आगे लेखक, मोदी शासन और मोदी सरकार 2.0 की व्याख्या करते हैं। यह हमें पुस्तक के दूसरे और सबसे महत्वपूर्ण भाग में लाता है, जहां चर्चा की गई है कि 2014 में मोदी सरकार कैसे सत्ता में आई और तब से राजनीतिक परिदृश्य कैसे बदल गया है। अपनी योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों के साथ मोदी की आम सहमति के तीन मुख्य सिद्धांतों - सांस्कृतिक जड़ता, आक्रामक राष्ट्रवाद और सभी का कल्याण - पर केंद्रित होकर मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने लोगों को नई आशा और आकांक्षाएं दीं। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए लेखक कहते हैं कि उन्होंने अपने आधुनिक लक्ष्यों को भारत के प्राचीन गौरव के साथ जोड़कर सफलतापूर्वक दो कार्यकालों तक शासन किया। योग को विश्व मंच पर ले जाने से लेकर भारत की जी20 प्रेसीडेंसी को वैश्विक, स्थानीय और मुखर पहचान दिलाने तक, पीएम मोदी ने यह सब सुनिश्चित किया। लेखक इस बात पर भी जोर देते हैं कि कैसे मुखर राष्ट्रवाद का विचार न केवल नरेंद्र मोदी द्वारा पेश की गई राजनीति को अर्थ देता है, बल्कि 2014 से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा और भारतीय विदेश नीति में जो कुछ भी गलत था, उसे भी सामने लाता है। पिछले दस वर्षों में, पीएम मोदी ने सदैव 'राष्ट्र-प्रथम' की संकल्पना से कार्य किया है। संपूर्ण रूपसे यह पुस्तक पठनीय है।

बैलेट पेपर व वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में ऐसा भी एक जमाना था जब हम बैलेट पेपर के द्वारा अपना वोट देते थे। यानें अपने मनपसंद उम्मीदवार और उसके चुनाव चिन्ह पर ठप्पा लगाते थे। इस व्यवस्था के दुष्प्रभाव में हमने दूरदर्शन व अन्य चैनलों पर बूथ कैपचरिंग सहित बैलेट पेपरों पर धड़ाधड़ ठप्पे लगाते पेटी में डालते हुए भी चैनलों में देखे थे तथा लाइनों में खड़े मतदाताओं को भगा दिया जाता था यह भी मैंने चैनलों पर स्वयं देख था। फिर समय का चक्कर ऐसा चला कि प्रौद्योगिकी का तेजी के साथ विकास हुआ तो मतदान में बैलेट पेपर से हटकर ईवीएम मशीनों का उपयोग कर दिया जाने लगा। फिर हमने ईवीएम की गड़बड़ियों के बारे में भी अनेक आरोप प्रत्यारोप मीडिया में देखे व सुने फिर वीवीपीएटी आया, जिसमें हम देख सकते हैं कि वोट हमारे पसंदीदा उम्मीदवार को गया या नहीं, जो मैंने स्वयं ने भी 19 अप्रैल 2024 को मतदान के दौरान यह देखा, फिर इसकी पर्चियों का 100 प्रतिशत क्रॉस वेरिफिकेशन का मुद्दा आया यह सभी मुद्दे विवादों में घिरते हुए सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक जा पहुंचे, जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई पूरी की और फैसला सुरक्षित रखा था, जो दिनांक 26 अप्रैल 2024 को माननीय दो जजों की बेंच ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने ववीवीपीएटी स्लिपों की 100 प्रतिशत क्रॉस चेकिंग की याचिका को खारिज कर दिया जिसका चैप्टर अब दि एंड हो गया है। चूंकि बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दिन सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर व एवं वीवीपीएटी का शतप्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है,परंतु फैसले का सम्मान सभी पक्ष करेंगे। साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अप्रैल 2024 को आए माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की करें तो, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है।बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है। कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है। एससी ने साफ कर दिया है कि देश में बैलेट पेपर से वोटिंग का दौर वापस नहीं आएगा। यानें मतदान तो ईवीएम से ही होगा, इसके साथ ही वीवीपैट से 100 फीसदी पर्ची मिलान भी नहीं होगा। हालांकि, ईवीएम 45 दिनों तक सुरक्षित रहेगी और अगर नतीजों के बाद 7 दिनों के भीतर शिकायत की जाती है तो जांच कराई जाएगी। एससी ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। माननीय जस्टिसने कहा, हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि चुनाव के बाद सिंबल

किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम 26 अप्रैल 2024 को आए माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की करें तो, लोस चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई है। कोर्ट के इस फैसले से ईवीएम के जरिए डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग को झटका लगा है।

लोडिंग यूनिटों को भी सील कर सुरक्षित किया जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि उम्मीदवारों के पास परिणामों की घोषणा के बाद टेक्निकल की एक टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा, जिसे चुनाव की घोषणा के 7 दिनों के भीतर किया जा सकेगा। वोटिंग पर्चियों की गिनती पर कोर्ट ने कहा, सिंबल लोडिंग यूनिट्स के पूरा होने पर कंटेनर में सील कर दिया जाएगा, इस पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर होंगे और नतीजे घोषित होने के बाद 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा। साथियों बात अगर हम माननीय कोर्ट में चुनाव आयोग द्वारा रखे गए पक्ष की करें तो, चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि एक वोटिंग यूनिट में एक बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपीएटी यूनिट होती है। सभी यूनिट में अपना अपना माइक्रो कंट्रोलर होता है। इन कंट्रोलर से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। सभी माइक्रो कंट्रोलर में सिर्फ एक ही बार प्रोग्राम फीड किया जा सकता है। चुनाव चिह्न अपलोड करने के लिए हमारे पास दो मैन्युफैक्चर हैं, एक ईसीआई है और दूसरा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स। चुनाव आयोग ने बताया कि सभी ईवीएम 45 दिन तक स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखी जाती हैं। उसके बाद रजिस्ट्रार, इलेक्शन कमीशन से इस बात की पुष्टि की जाती है कि क्या चुनाव को लेकर कोई याचिका तो दायर नहीं हुई है। अगर अर्जी दायर नहीं होती है तो स्ट्रॉन्ग रूम को खोला जाता। कोई याचिका दायर होने की सूरत में स्ट्रॉन्ग रूम को सीलबन्द रखा जाता है। बुधवार को एससी ने कहा था कि अदालत चुनाव की नियंत्रण अथॉरिटी नहीं हैं। अदालत ने ईवीएम मुद्दे पर दो बार दखल दिया है। बेंच ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले वीवीपीएटी पर दो आदेश जारी किए हैं, जो एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है और मतदाताओं को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उनके वोट सही ढंग से दर्ज किए गए हैं या नहीं। कोर्ट ने कहा, एक आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने चुनावों के दौरान वीवीपैट के उपयोग का आदेश दिया था और दूसरा आदेश तब पारित किया गया था जब अदालत ने निर्देश दिया था कि वीवीपैट का उपयोग एक से बढ़ाकर पांच बूथों तक किया जाना चाहिए। अब आप सभी चाहते हैं कि हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए निर्देश जारी करें। बेंच ने कहा, यदि जरूरी हुआ तो वो मौजूदा ईवीएम सिस्टम को मजबूत करने के लिए निर्देश पारित कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2019 में चुनाव आयोग से कहा था कि किसी संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम के साथ वीवीपैट की संख्या एक से बढ़ाकर पांच कर दी जाए। साथियों बात अगर हम इस केस और फैसले के असर को सभी पक्षकारों के नजरिए से समझने की कोशिश करें तो, केस और फैसले के असर को इन सभी पक्षों के नजरिए से समझते हैं (1) आम आदमी यानी मतदातासुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा। (2) राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स, फैसले के बाद राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए एक रास्ता खुला है। वे ईवीएम की जांच करवा सकेंगे। इसे नीचे दिए पॉइंट्स से समझिए। दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले किसी कैंडिडेट को शक है तो वह रिजल्ट घोषित होने के 7 दिन के भीतर शिकायत कर सकता है।शिकायत के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स इसकी जांच करेंगे। किसी भी लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रवार की टोटल ईवीएम में से 5 प्रतिशत मशीनों की जांच हो सकेगी। इन 5 प्रतिशत ईवीएम को शिकायत करने वाला प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि चुनेगा।इस जांच का खर्च कैंडिडेट को ही उठाना होगा। चुनाव आयोग ने बताया-जांच की समय सीमा और खर्च को लेकर जल्द ही जानकारी शेयर की जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

क्यों श्रेष्ठ कॉलेज-स्कूलों खोले जाएं गांवों में

आरके सिन्हा

कभी विचार कीजिए कि किसी स्कूल या कॉलेज को किस आधार पर श्रेष्ठ कहा जाना चाहिए? बेशक, इसका एकमात्र पैमाना यही हो सकता है कि उस शिक्षण संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को इस तरह के संस्कार दिए जिसके चलते उन्होंने आगे चलकर बेहतर नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा की। इसका एक पैमाना यह भी हो सकता है कि क्या उसने (शिक्षण संस्थान) ने अपना विस्तार किया ? विस्तार से मतलब है कि क्या उसने अपनी कोई अन्य शाखा भी खोली और वहां का शिक्षण भी श्रेष्ठ और स्तरीय रहा। बेशक, इस मोर्चे पर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज का नाम लेना होगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज को गांधी जी के परम सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रूज की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। एंड्रूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के समर्थक थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी। अब उनके कॉलेज ने अपना विस्तार कर लिया है। इसने कोई अन्य कॉलेज नहीं खोला है। दरअसल अब दिल्ली ब्रदरहुड़ सोसायटी ने दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत की सीमा के राई नामक ग्रामीण क्षेत्र में सेंट स्टीफंस कैंम्ब्रिज स्कूल खोला है। यानी कि यह स्कूल शहरों और महानगरों की चमक-दमक से दूर ज्ञान की रोशनी को फैलाएगा। निश्चित रूप से प्रत्येक शिक्षण संस्था का यही लक्ष्य होना चाहिए। भारत के गांवों में जितने बेहतर स्कूल खुले, उतना ही बेहतर होगा। हमारे बड़े-बड़े शहरों में तो अब खूब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, पर जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्कूल खोलने की है, जिनकी स्तरीय फैक्ल्टी हो और वहां बाकी तमाम सुविधाएं भी मौजूद हों। यह प्रयास पिछले लगभग 140 वर्ष में 700 से ज्यादा शिक्षण संस्थान देश में कर रहे हैं। सन 1885 में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित डीएवी (पूरा नाम-दयानंद ऐंग्रो वैदिक स्कूल और कॉलेज) समूह इस बात का उत्कृष्ठ उदाहरण है कि समाज में सेवा भावना से चलाया जाने वाला कार्य भी सफल हो सकता है अभी कुछ दिन पहले संघ लोक सेवा परीक्षा (यूपीएससी) की परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए। सारा मीडिया सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू करता रहा। बीते सालों की तरह से इस बार भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक किया। सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे अंशुल भट्ट ने मेरिट लिस्ट में 14 वां स्थान ग्रहण किया। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से लेकर भारतीय रिजर्व बैंक अध्यक्ष शक्तिकान्त दास सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सेंट स्टीफंस कॉलेज से ही पढ़ाई की है। इसने देश के न जाने कितने सितारे निकाले हैं। उनकी गिनती करना असंभव है। सेंट स्टीफंस कॉलेज के शुरूआती दौर में पढ़ने के लिए मौजूदा हरियाणा राज्य से चौधरी छोटूराम भी आया करते थे। वे आगे चलकर किसानों के मसीहा कहलाए। अब भी हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता चौधरी छोटूराम को अपना मसीहा मानती है। संयोग देखिए कि अब उनके प्रदेश में उनके शिक्षण संस्थान ने दस्तक दे दी। जाहिर है, इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। अगर आपका कभी दिल्ली के चांदनी चौक में जाना हो तो आपको वहां पर किनारी बाजार को ढूंढने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। वहां से आप कटरा खुशहाल राय में चंद मिनटों में पहुंच सकते हैं। यहां पर पहुंचकर किसी से पूछिए कि सेंट स्टीफंस कॉलेज कहां था? आपको कोई ना कोई बता देगा कि उस सामान्य सी हवेली का रास्ता जहां से 1 फरवरी, 1881 को सेंट स्टीफंस कॉलेज की यात्रा शुरू हुई थी। यह तब कलकत्ता यूनिवर्सिटी का हिस्सा था। सेंट स्टीफंस कॉलेज की दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित पहली इमारत को देखकर कोई सोच भी नहीं सकता कि यहां से शुरू हुआ सेंट स्टीफंस कॉलेज बुलंदियों को छूने लगेगा। जो सफर 140 साल से भी पहले शुरू हुआ था था, उसका अब विस्तार हो चुका है। सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज खुल चुका है। महत्वपूर्ण है कि दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ द एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इसका संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इसने आगे चलकर अपना नाम दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी रखा। इसने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस अस्पताल की भी स्थापना की थी। देश के बंटवारे के बाद सरहद के उस पार से लुटे-पिटे आए लाखों हिन्दू और सिख शरणार्थियों का इस अस्पताल ने श्रेष्ठ इलाज किया था। एक बात बहुत साफ है कि स्तरीय शिक्षा सर्वसुलभ होनी बहुत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सालों, दशकों से स्थापित शिक्षण संस्थाएं अपना तेजी से विस्तार करें। वे देश के ग्रामीण क्षेत्रों का रुख भी करें। वहां पर स्तरीय और सस्ती शिक्षा उपलब्ध करवाएं। स्कूल या कॉलेज खोलने का आधार अपनी जेबें भरना नहीं होना चाहिए। जो शिक्षा के नाम पर मोटी कमाई कर रहे हैं, वे सच में मां सरस्वती का अपमान कर रहे हैं। मैं यहां पर महात्मा गांधी के परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला का उल्लेख करना चाहता हूं। चांदीवाला गांधी जी से पहली बार 1918 में मिले थे। तब गांधी जी दिल्ली आए ही थे। उसके बाद वे गांधी जी के जीवपर्यंत शिष्य बनकर साथ रहे। उन्होंने गांधी जी के पार्थिव शरीर का 31 जनवरी,1948 की रात को अंतिम स्नान भी करवाया था। ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने अपनी मां और समाज सेविका जानकी देवी के नाम पर 1959 में राजधानी में जानकी देवी कॉलेज स्थापित किया था। इस कॉलेज ने अब तक लाखों बेटियों को साक्षर बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। यहां इन्द्रप्रस्थ हिन्दू गर्ल्स स्कूल की चर्चा करना समीचीन होगा। राजधानी का यह कन्या विद्यालय 1904 में शुरू हुआ था। यह उत्तर भारत के पहले कन्या विद्यालयों में से एक माना जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आधुनिक काल

हिन्दुत्व में है 'मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट का समाधान'

हृदयनारायण दीक्षित

मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट है। इतिहास के किसी अन्य कालखण्ड में इस तरह का मानवीय संकट नहीं था। समाचार माध्यम भी जब कब विश्वयुद्ध की आशंका की बातें करते हैं। विचार ही मनुष्य जाति के वाह्य स्वरूप और आंतरिक उदात्त भाव के प्रसारक रहे हैं। विचार भी अपना प्रभाव खो रहे हैं। मानवीय सभ्यता आधुनिक काल का मनुष्य विरोधी प्रेरक तत्व बन गई है। वातावरण में निश्चिन्तता नहीं है। संदेह और अनिश्चितता का वातावरण है। मनुष्य जाति भविष्य के भय से डरी हुई है। धन का प्रभाव और धन का अभाव दोनों ही मारक हैं। मानवता का बड़ा भाग पर्याप्त भोजन से वंचित है। इस वर्ग में सामान्य चिकित्सा और शिक्षा, आश्रय-घर का अभाव है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में अभावग्रस्त लोगों के सामने संकट है। विज्ञान के जानकार प्रकृति के तमाम रहस्य बता रहे हैं। निसंदेह वैज्ञानिक शोधों ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन आधुनिक वैज्ञानिक शोधों ने पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व के समाप्त होने का खतरा पैदा कर दिया है। युद्ध के तमाम आश्चर्यजनक हथियार पृथ्वी और मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन गए हैं। परमाणु हथियार सहित अनेक आश्चर्यजनक अस्त्रों की खोजों से पृथ्वी के ही अस्तित्व पर खतरा है। पृथ्वी ग्रह संकट में है और उससे पोषण पाने वाली मानव जाति भी संकट में है। वैज्ञानिकों ने तमाम ग्रहों की गतिविधि का पता लगा लिया है। आशंका है कि किसी समय पृथ्वी चन्द्रमा के निकट पहुंच सकती है। सूर्य का ईंधन लाखों वर्ष से खर्च हो रहा है। सूर्य के ठंडा हो जाने से ही मनुष्य जाति नष्ट हो सकती है। हम इन्हें भविष्य की आशंकाएं कह सकते हैं। डॉक्टर राधाकृष्णन ने अपने चिंतन में 'धर्म और समाज' में 'धर्म की आवश्यकता' शीर्षक में कहा है, ''अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव जाति स्वयं जानबूझकर किए गए कार्यों से, अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण नष्ट हो सकती है। संसार आनंद के लिए है। हम युद्ध यंत्र जात की पूर्णतः तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊजाओं के केवल थोड़े से हिस्से का ही इसके लिए प्रयोग करें तो सबको आनंदमय बनाया जा सकता है।'' सम्पूर्ण मानवता विषाद ग्रस्त जान पड़ रही है। आदर्श परम्पराएं, स्वतः प्रेरित अनुशासन और राष्ट्र राज्यों द्वारा स्थापित विधि व्यवस्था शिथिल हो रही हैं। डार्विन ने लिखा है, ''मनुष्य जीवन सभ्यता में उन्नति करता जा रहा है। छोटे वर्ग समूह बड़े समुदायों में संगठित होते जाते हैं। त्यों-त्यों व्यक्ति को यह बात समझ में आती जाती है कि उसे अपनी सामाजिक सहज प्रवृत्तियों और संवेदनाओं का विस्तार अपने राष्ट्र के लिए कर लेना चाहिए।'' सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार-विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे। इसी से शब्द बना है सभासद। सभा में प्रेमपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले व्यक्ति को सभ्य कहा जाता था। किसी समूह का शब्द आचरण और सौन्दर्यबोध सभ्यता है लेकिन प्रेमपूर्ण संवाद घटा है। प्रकृति और मनुष्य के मध्य परस्परावलंबन है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। हमारे और प्रकृति के मध्य आत्मीयता होनी चाहिए। प्रकृति की सभी शक्तियों के लिए चित्त में आत्मीय भाव के साथ आदर भाव की भी आवश्यकता है। लेकिन प्रकृति और मनुष्य के बीच अंतर्विरोध भी हैं। आंधी, तूफान और ऐसी ही तमाम प्राकृतिक आपदाएं मनुष्य को व्यथा देती हैं और जीवन के लिए खतरा भी बनती हैं। ऐसी घटनाओं को प्राकृतिक मानकर अपना जीवनयापन करने की बात सही है। लेकिन अनेक संकट आधुनिक सभ्यता ने भी पैदा किए हैं। भूमण्डलीय ताप, भूगर्भ जल स्तर का गिरना, वायु प्रदूषण आदि आपदाएं उपभोक्तावादी आचरण से पैदा होती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

लाल आतंक से प्रेम कर अपने पैर पर कुल्हाड़ी मानती कांग्रेस

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

नक्सलवाद पर भाजपा शुरू से ही आक्रामक रहती आई है, किंतु दूसरी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार है, उससे लगता है कि कांग्रेस जरूर नक्सलियों से विशेष प्रेम रखती है। इसलिए जब कोई नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारा जाता है तो उसके नेता नक्सली के घर जाकर उसे श्रद्धांजलि देने में भी परहेज नहीं करते। सोचिए; जब देश के कई राज्यों में जिसकी सरकार हो, वह कांग्रेस इस तरह का कृत्य करे या इससे जुड़े नेता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नक्सलियों से मिलते हों अथवा उनके समर्थन में आगे आएं, तब फिर यह कैसे कहा जा सकता है कि कांग्रेस नक्सलवाद का विरोध करती है। छत्तीसगढ़ के बस्तर रीजन के कांकेर में मारे गए माओवादी (नक्सली) नेता सिरीपेल्ली सुधाकर उर्फ शंकर राव के घर कांग्रेस की एक वरिष्ठ नेता और तेलंगाना की कांग्रेस सरकार में मंत्री अनुसुइया दनसारी उर्फ सीताक्का अभी कुछ दिन पहले ही पहुंची और अब उनका इससे जुड़ा वीडियो भी वायरल है। जबकि यह सर्वविदित है कि नक्सली आंदोलन में एक प्रमुख व्यक्ति सुधाकर कई हिंसक घटनाओं में शामिल था और सुरक्षा बलों को उसकी तलाश थी। अब आप ही विचारें; कांग्रेस पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता और एक राज्य तेलंगाना में जो मंत्री भी हो, वह किसी नक्सली के घर जाकर उसके परिवार के सामने संवेदना व्यक्त करे तो उसके इस कृत्य को क्या माना जाए? क्या यह देशभक्ति है या देशद्रोह ? ऐसे में कई लोग आज कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी के एक जिम्मेदार नेता का यह आचरण केवल चरमपंथियों, वामपंथियों के कार्यों को महिमामंडित करने और उसे वैध बनाने के काम आता है। साथ ही यह कानून व्यवस्था बनाए रखने के सुरक्षा बलों के प्रयासों को कमजोर करते हैं। प्रश्न यह है कि क्या यह पहली घटना है, जब किसी नक्सली के प्रति कांग्रेस के नेता द्वारा हमदर्दी जताई गई। वस्तुतः छत्तीसगढ़ के जंगल में सुरक्षाबलों ने चार घंटे तक चली मुठभेड़ में जब 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया जाता है, तब इसके लिए सुरक्षाबलों की पीठ थपथपाने की जगह कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत नक्सलियों को महिमामंडित करने का काम करती दिखती हैं, वह मारे गए नक्सलियों को 'शहीद' बताती हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की इस पर प्रतिक्रिया भी आई, उन्होंने कहा भी कि 'यह वही नक्सली हैं जिन पर 25 लाख का इनाम है लेकिन कांग्रेस कहती है जो शहीद हुए हैं उनकी जांच होनी चाहिए।' एक बयान छत्तीगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी खूब चचाओं में रहा, उन्होंने तो हद ही कर दी! कह रहे हैं कि 'जब से भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है, प्रदेश में फर्जी मुठभेड़ बढ़ गई है। अभी चार महीने में फिर से फर्जी एनकाउंटर में वृद्धि हुई है। नक्सली बताकर वनवासियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के द्वारा उन्हें डराया-धमकाया जाने लगा है। बस्तर और कांकेर जैसे क्षेत्र में ये चल रहा है। इस प्रकार की घटनाओं की वृद्धि हो रही है।' विचार करें; क्या इस प्रकार के प्रमुख कांग्रेस नेताओं के बयान से नक्सलियों का मनोबल नहीं बढ़ता होगा? अगले साल छत्तीसगढ़ में झीरम घाटी नरसंहार को 11 साल पूरे हो जाएंगे। इस सबसे बड़े नक्सली हमले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रथम पंक्ति के कई नेता मारे गए थे। कई जवान भी बलिदान हुए थे। इस मामले में अब तक की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। ऐसे में हमले में मारे गए कांग्रेस नेता और बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा के बेटे छविंद्र कर्मा ने कांग्रेस पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने हमले में जीवित बचे कांग्रेसी नेताओं का नार्को टेस्ट कराने की मांग की है। साथ ही कहा कि नक्सलियों का ऐसा क्या प्रेम, जो कवासी लखमा बचकर आ जाते हैं। कोंटा से कवासी लखमा विधायक हैं, उनके विधानसभा क्षेत्र से यात्रा निकाल रही थी। ऐसे में उनकी जवाबदारी सुरक्षित यात्रा की थी लेकिन आश्चर्य है कि नक्सली हमला करते हैं और लखमा जी बचके आ जाते हैं, बाकी लोग बलिदान होते हैं। क्यों ! नक्सलियों का ऐसा क्या प्रेम है लखमा जी से। मेरे पिता नहीं रहे। मेरा नुकसान हुआ। मैं अभी भी डंके की चोट पर कहता हूं कि इस हमले में बचकर आए सभी नेताओं का नार्को होना चाहिए। इस नक्सली हमले की ह्दयविरादकता इतनी अधिक थी कि नक्सलियों ने बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा को करीब 100 गोलियां मारीं और चाकू से उनका शरीर पूरी तरह छलनी कर दिया था। नक्सलियों ने उनके शव पर चढ़कर डांस भी किया था। इसी प्रकार कांग्रेस से राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन का नक्सली समर्थक बयान सामने आ चुका है। जिस पर पिछले वर्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार करते हुए पूरी की पूरी कांग्रेस पार्टी को ही नक्सल समस्या की जननी और संरक्षक बताया था। साथ ही कहा कि देश और प्रदेश के विकास को नक्सलियों ने अवरुद्ध किया। शहरों में रहने वाले नक्सलियों के समर्थकों ने विकास को रोका। कांग्रेसियों में नक्सलियों के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर है जोकि देश के लिए बहुत घातक है। दरअसल, सांसद रंजीत रंजन ने कहा था कि सभी नक्सली लोग गलत नहीं होते। बहुत लोगों को गलत तरीके से फायदा उठाया जाता जाता है। बहुत लोग उनके नाम से दुकानें चला रहे होते हैं। वह भी इंसान हैं। हम भी इंसान हैं तो डर कैसा। जो लोग यह पैदा कर रहे हैं वह नहीं चाहते कि शांति बहाल हो। यानी कि एक तरह से सांसद रंजीत रंजन ने नक्सलियों को भोला-भाला इंसान करार दिया था, जोकि कई भोलेभाले आमजन, नेताओं और पुलिस फोर्स, सैनिकों के हत्यारे हैं। यह भी एक तथ्य है कि वर्ष 2018 मे प्रतिबंधित नक्सलियों से साठगांठ के आरोप में गिरफ्तार और नजरबंद तत्कालीन 10 लोगों के पास मिले दस्तावेजों से देश में अस्थिरता फैलाने की बड़ी साजिश का संकेत मिला था। चौंकाने वाली बात यह है कि नक्सलियों की मदद कर रहे 'शहरी नक्सली' इस मामले में कांग्रेस की सहायता मिलने का भी दावा कर रहे थे। भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में गिरफ्तार रोना विल्सन के लैपटॉप में एक बड़े नक्सली नेता की ईमेल मिली। ईमेल में 'कामरेड एम' ने दलित आंदोलन की आड़ में देश में अस्थिरता फैलाने में कांग्रेस का साथ मिलने का दावा किया गया था। विल्सन को भेजी ईमेल में लिखा गया कि शहर में रहने वाला शीर्ष नक्सल नेतृत्व कांग्रेस में हमारे कुछ दोस्तों के साथ संपर्क में है। वे दलित आंदोलन को और भी आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाने का सुझाव दे रहे हैं। भीमा कोरेगांव हिंसा के दो दिन बाद ही लिखी ईमेल में वहां चले आंदोलन को काफी सफल बताया गया। इसके साथ ही हिंसा में एक व्यक्ति की मौत को मुद्दा बनाते हुए आगे भी आंदोलन चलाने और इसके लिए दुष्प्रचार सामग्री तैयार करने का निर्देश दिया गया था। 'कामरेड एम' के अनुसार नक्सल नेतृत्व ने भीमा कोरेगांव हिंसा के लिए कामरेड सुधीर को दो बार फंड भेजा था। इसके साथ ही आगे के आंदोलन के लिए जरूरी फंड की जिम्मेदारी कामरेड शोमा और कामरेड सुरेंद्र को सौंपी गई । 'कामरेड एम' ने रोना विल्सन को बताया है कि किस तरह नक्सल नेतृत्व भीमा कोरेगांव की तर्ज पर अन्य भाजपा शासित राज्यों में उग्र दलित आंदोलन खड़ा करने की तैयारी में जुटा है। इस काम में जुटे विश्वरूपा, सुदीप, सुशील और देवजानी का मोबाइल नंबर भी दिया गया। इसमें में यह साक्ष्य महत्वपूर्ण है कि रोना विल्सन ने ही पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तर्ज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश का सुझाव अपनी ईमेल में नक्सली नेतृत्व को दिया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद रोना विल्सन को जून में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। वस्तुतः आज हमें यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि देश के 11 राज्य नक्सल से प्रभावित हैं। कुल 90 जिलों में नक्सली हिंसा देखने को मिलती है। सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित राज्य हैं- छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही घटनाएं इसकी तस्दीक करती हैं, जहां नक्सली हर साल कई बार सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हैं। हजारों जानें ऐसे हमलों में जा चुकी हैं और साल दर साल जा रही हैं। ये नक्सलवादी दावा करते हैं कि वे वनवासियों, छोटे किसानों और गरीबों की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि ये सच नहीं है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा जनकल्याण की योजनाओं तक को आरंभ नहीं होने देते हैं। अपने डर के साए में लोगों को रखते हैं और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जान-बूझकर दूर रखते हैं ताकि उनके मन में शासन के प्रति विद्रोह की भावना भरना आसान हो जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

दिल्ली के मंडोली में इमारत में लगी आग, अग्निशमन ने पाया काबू

नई दिल्ली। दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में मंडोली गांव के अंदर एक इमारत की पहले मंजिल पर भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।
शुरूआती जांच में पता चला है कि आग पटाखे या ज्वलनशील पदार्थ के चलते लगी। इस मामले की जांच पुलिस कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब ग्यारह बजे फायर विभाग को सूचना मिली कि दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में बड़ी मस्जिद के पास मंडोली गांव में एक इमारत में आग लग गई है। सूचना पर फायर विभाग के कर्मचारी दो फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम किया गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि इमारत की पहली मंजिल पर आग लगी थी।

सासाराम में झोपड़ी में लगी आग, 4 की मौत

सासाराम। बिहार के रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र में शनिवार एक झोपड़ीनुमा घर में आग लगने से झुलसकर चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, रूपहथा गांव में महादलित बस्ती में झोपड़ीनुमा घर में दोपहर को आग लग गई। इस घटना में झुलसकर चार लोगों की मौत हो गई। दो लोगों के घायल हो गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगी। अग्निशमन पदाधिकारी नवल किशोर ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद दो दमकल वाहन से आग पर काबू पाया गया। घटना में दिनेश राम की दो पुत्री -- ममता कुमारी तथा किरण कुमारी, वहीं उसके बहू सुनीता तथा नतनी सरिता कुमारी की मौत हो गई। घटना में दिनेश राम की पत्नी शिव व्रत देवी तथा पुत्र मंटु राम गंभीर रूप झुलस गए। उनका इलाज जारी है। घटनास्थल पर सासाराम एसडीएम आशुतोष रंजन सहित अन्य पदाधिकारी पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुटे हुए हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि घर में एक ही परिवार के लोग सोए हुए थे।

राफा पर हमले से पहले इजरायल ने बंधक समझौते का दिया आखिरी मौका

एजेंसी। तेल अवीव

इजरायल गाजा युद्ध में युद्धविराम और बंधक समझौते को हासिल करने के लेटेस्ट प्रयासों को राफा शहर पर योजनाबद्ध हमले से पहले आखिरी मौके के रूप में देखता है। एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के अनुसार, शुक्रवार को तेल अवीव में मिस्र और इजरायली प्रतिनिधियों के बीच बातचीत 'बहुत अच्छी' और केंद्रित थी। जाहिर तौर पर मिस्रवासी किसी समझौते पर पहुंचने के लिए फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास पर दबाव बनाने के लिए तैयार थे।
टाइम्स ऑफ इजरायल ने शुक्रवार देर शाम रिपोर्टों के हवाले से कहा कि बातचीत के सभी क्षेत्रों में प्रगति हुई है। इजरायली अधिकारी के हवाले से कहा गया कि इजरायल, राफा में योजनाबद्ध सैन्य हमले को रोकने के लिए हमास को विशेष रूप से गाजा पट्टी में उसके नेता याह्या अल-सिनवार को बंधक समझौते में देरी करने की अनुमति नहीं देगा।
याह्या अल-सिनवार को 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल में हुए नरसंहार का मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसमें लगभग 1,200 इजरायली सैनिक और नागरिक मारे गए थे। जबकि 200 से ज्यादा लोगों को गाजा में अपहरण कर लिया गया था। इजरायली सेना का मानना है कि अल-सिनवार राफा के नीचे सुरंगों में छिपा हुआ है।

हौथी ने ब्रिटिश तेल टैंकर व अमेरिकी ड्रोन पर हमले की जिम्मेदारी ली

एजेंसी। सना

यमन के हौथी समूह ने शनिवार को लाल सागर में मिसाइल से एक ब्रिटिश तेल टैंकर को निशाना बनाने और उत्तरी यमन में एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने के जिम्मेदारी ली है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हौथी सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को हमारे नौसैनिक बलों ने लाल सागर में एक ब्रिटिश तेल जहाज एंड्रोमेडा स्टार को कई मिसाइलों से निशाना बनाया और उस पर सीधा प्रहार किया। उन्होंने कहा, गुरुवार को हमारे नौसैनिक बल सादा गवर्नरेट (उत्तरी यमन) के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एमक्यू9 विमान को मार गिराने में सफल रहे।
प्रवक्ता ने कहा, हम पुष्टि करते हैं कि जब तक गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायली घेराबंदी और हमला बंद नहीं होता, तब तक हम सैन्य अभियान चलाना जारी रखेंगे। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस एजेंसी ने बताया, शुक्रवार को मिसाइल हमले के बाद यमन के पास एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया।

साझा हितों वाला वैश्विक समुदाय बनाना चाहता है चीन : तोंग च्युन

एजेंसी। बीजिंग

26 अप्रैल को कजाकिस्तान के अस्ताना में शांगहाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए, चीनी रक्षा मंत्री तोंग च्युन ने बैठक के दौरान भाषण दिया। तोंग च्युन ने इस बात पर जोर दिया कि आज की दुनिया तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रही है।
चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बेल्ट एंड रोड पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य साझा हितों वाला एक वैश्विक समुदाय बनाना है। इस पहल में वैश्विक विकास पहल, वैश्विक सुरक्षा पहल और वैश्विक सभ्यता पहल शामिल हैं। इन प्रमुख वैचारिक पहलों ने एससीओ सदस्य देशों को एकजुट किया है, आपसी सहयोग को बढ़ावा दिया है और निष्पक्षता और न्याय को बढ़ावा दिया है। तोंग च्युन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि चीन उच्च गुणवत्ता वाले विकास के माध्यम से चीनी शैली के आधुनिकीकरण की दिशा में प्रयास कर रहा है। ये प्रयास निस्संदेह इसमें शामिल सभी देशों के लिए अधिक अवसर प्रदान करेंगे। चीन साझा विकास के माध्यम से आम सुरक्षा हासिल करने के लिए वैश्विक सुरक्षा पहल को लागू करने के लिए क्षेत्र और अन्य देशों के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक है। इसके अलावा, तोंग च्युन ने क्षेत्र के सभी देशों के बीच एकता और आपसी विश्वास के महत्व पर जोर दिया, जो वर्तमान में खुद को विकास और पुनरोद्धार के एक महत्वपूर्ण चरण में पाते हैं। इन देशों को स्थिरता और सुरक्षा दोनों की आवश्यकता है। एकजुटता को अपनाकर और आपसी समझ के माध्यम से मतभेदों को संबोधित करके, वे एक अधिक स्थिर, प्रतिबद्ध, खुले, समावेशी और प्रभावी एससीओ सुरक्षा समुदाय का निर्माण कर सकते हैं। ऐसा करके, वे आम हितों की सुरक्षा के लिए मजबूत गारंटी प्रदान करेंगे और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बैठक के दौरान, विभिन्न देशों के रक्षा विभाग के नेताओं ने 2023 में पिछली रक्षा मंत्रियों की बैठक के बाद से अपने सहयोग के परिणामों पर विचार किया। उन्होंने रणनीतिक संचार बढ़ाने, व्यावहारिक सहयोग को प्रोत्साहित करने और संयुक्त रूप से क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बनाए रखने के लिए अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। इसके बाद, ₹एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक की संयुक्त विज्ञप्ति जारी की गई।

नमो एप पर अनूठा 'अमृत पीढ़ी के सपने' मॉड्यूल लांच

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक नमो ऐप पर 'अमृत पीढ़ी के सपने' नाम के एक नए मॉड्यूल को लॉन्च किया गया है। यह एक ऐसा मॉड्यूल है, जहां आप भारत को सशक्त बनाने वाले विकल्पों को चुन सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि, "हमारे आज के फैसले भारत के कल को बनाएंगे। भावी पीढ़ियों के लिए विकसित भारत @2047 की कल्पना में शामिल होने के लिए इस मॉड्यूल में आप यह निर्धारित कर सकते हैं कि एक राष्ट्र के तौर पर हमारे लिए क्या श्रेष्ठ है और क्या नहीं।" यह मॉड्यूल प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत के भावी पीढ़ियों को एक उज्जवल भविष्य देने की प्रतिबद्धताओं को एक अनूठे स्वरूप में प्रदर्शित करता है। यह मॉड्यूल पूरी तरह से यूथ-फ्रेंडली है। इस मॉड्यूल को एक इंटरैक्टिव कार्ड के रूप में विकसित किया गया है।

पीएम को सिखों से है लगाव, मिलकर करेंगे दिल्ली और पंजाब का विकास

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बड़े पैमाने पर सिख समाज के लोगों के पार्टी में शामिल होने को भाजपा के लिए गौरव और खुशी की बात बताते हुए कहा है कि पीएम मोदी को सिख समाज से विशेष लगाव है और भाजपा सिख समाज के साथ मिलकर दिल्ली और पंजाब के विकास के लिए कार्य करती रहेगी। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में पार्टी में शामिल होने वाले सिख समाज के प्रतिष्ठित लोगों को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि सिख कौम के लिए अगर सही मायने में किसी ने काम किया है, तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

नालंदा में करंट लगने से तीन युवकों की मौत

नालंदा। बिहार में नालंदा के कतरीसराय थाना क्षेत्र के तारा बीघा गांव में शौच के बाद तालाब में हाथ मुंह धोने गए तीन लोगों की करंट लगने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान पंकज राम, मिथुन राम और गुलशन कुमार के रूप में हुई है। गुलशन कुमार शौच के बाद तालाब में हाथ मुंह धोने गए थे। इसके बाद वो करंट की चपेट में आ गए।

जापान में 6.9 तीव्रता का भूकंप

एजेंसी। टोक्यो



जापान के बोनिन द्वीप समूह या ओगासावारा द्वीप समूह में शनिवार को 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। देश की मौसम एजेंसी ने यह जानकारी दी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा, स्थानीय समयानुसार शाम 5.36 बजे भूकंप आया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप का केंद्र द्वीपों के पश्चिमी तट पर, टोक्यो से लगभग 875 किमी दक्षिण में, 27.9 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 140.0 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। मध्य टोक्यो में भी हल्के झटके महसूस किये गए। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

चीन और अमेरिका में पांच मुद्दों पर बनी सहमति

एजेंसी। बीजिंग

चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 26 अप्रैल को राजधानी पेइचिंग में बातचीत की। दोनों नेताओं ने विचारों के आदान-प्रदान पर पांच सूत्रीय समानताएं बनाईं। पहला, दोनों पक्षों ने अपने-अपने राष्ट्राध्यक्षों के मार्गदर्शन में स्थिर और प्रगतिशील चीन-अमेरिका संबंधों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को शिखर सम्मेलन के बाद से विभिन्न क्षेत्रों में बातचीत और सहयोग में हुई सकारात्मक प्रगति की सराहना की और शिखर सम्मेलन के दौरान हुए महत्वपूर्ण समझौतों के कार्यान्वयन में तेजी लाने की प्रतिबद्धता जतायी। दूसरा, दोनों पक्षों ने शासन के विभिन्न स्तरों पर उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और जुड़ाव बनाए रखने के महत्व पर सहमति जतायी।

जेल में बंद अमृतपाल लोस चुनाव में आजमाएंगे अपनी किस्मत

डिब्रूगढ़। असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के लोकसभा चुनाव लड़ने पर सस्पेंस अब खत्म हो गया है। उनके वकील और पूर्व सांसद राजदेव सिंह ने अमृतपाल सिंह के चुनाव लड़ने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा, पहले भी जेल में बंद कई लोग चुनाव लड़ चुके हैं। अमृतपाल खडूर साहब से चुनाव लड़ेगा। वह किसी दल से नहीं, बल्कि निर्दलीय चुनाव लड़ेगा। सभी धर्मों के लोग उनका अपार समर्थन करेंगे। निसंदेह, अमृतपाल चुनाव में जीत हासिल करेंगे। उन्होंने आगे कहा, पंजाब सरकार ने अमृतपाल के खिलाफ एनएसए लगाया था। इसका वह लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर माकूल जवाब देंगे। गौरतलब है कि गत वर्ष अमृतपाल ने खालिस्तानी आंदोलन को लेकर बड़ी मुहिम छेड़ी थी। विदेशी भूमि पर कई लोगों ने खुलकर अमृतपाल का सपोर्ट किया था।

इजराइली युद्धविराम प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा हमास

एजेंसी। गाजा

हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि वह गाजा में संभावित युद्धविराम के संबंध में इजराइल के प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है। गाजा में हमास की राजनीतिक शाखा के उप प्रमुख खलील अल-हया ने टेलीग्राम पर किए एक पोस्ट में कहा, हमास इजराइल के प्रस्ताव का अध्ययन कर जवाब देगा। उन्होंने कहा कि इजराइल भी उस प्रस्ताव का जवाब दे रहा है, जो हमास ने 13 अप्रैल को मिस्र और कतर के मध्यस्थों के जरिए प्रस्तुत किया था। गौरतलब है कि गाजा पट्टी में आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा कराने और युद्धविराम के उद्देश्य से बातचीत में महीनों से गतिरोध है। अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सियोस ने शुक्रवार को दो वरिष्ठ इजराइली अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि इजराइल ने मिस्र को चेतावनी दी है कि राफा पर जमीनी हमला करने के पहले यह आखिरी मौका है। हमास स्थायी युद्धविराम की मांग कर रहा है, जिसे इजराइल खारिज करता है।

विक्टोरिया में विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के माउंट ब्यूटी में शनिवार को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के उत्तर पूर्व में स्थित माउंट ब्यूटी एक छोटा सा शहर है जो अल्पाइन नेशनल पार्क से घिरा हुआ है, जिसमें झीलें, जंगल और बर्फ के मैदान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विमान स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:45 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट और यात्री दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पहचान की औपचारिक पुष्टि होनी बाकी है। विक्टोरिया पुलिस के अनुसार, वे विमान के एकमात्र यात्री थे। राज्य के कंट्री फायर अथॉरिटी (सीएफए) के एक बयान में संकेत दिया गया कि दुर्घटनाग्रस्त विमान एक 'संचालित ग्लाइडर' था। सीएफए ने कहा, ₹दोपहर 2:13 बजे घटना नियंत्रण में और 3:34 बजे सुरक्षित मानी गई।

रेवंत के अनुरोध के बावजूद सीपीएम भोंगिर से चुनाव लड़ने पर अड़ी

हैदराबाद। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के अनुरोध के बावजूद सीपीआई (एम) भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने पर अड़ी है। हालांकि पार्टी तेलंगाना में शेष 16 निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस का समर्थन करने को तैयार है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री, ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को सीपीआई के राज्य नेताओं से एक बैठक की और भोंगिर निर्वाचन क्षेत्र से अपने उम्मीदवार को वापस लेने और इंडिया ब्लॉक की जीत के लिए कांग्रेस का समर्थन करने का अनुरोध किया। लेकिन सीपीआई के राज्य सचिव तम्मीनेनी वीरभद्रम ने कहा कि उन्होंने भोंगिर में अपनी पार्टी का उम्मीदवार खड़ा करने का फैसला किया है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सीएम रेवंत रेड्डी ने सीपीआई को अपना उम्मीदवार वापस लेने के लिए कुछ राजनीतिक प्रस्ताव दिए।

आज का राशिफल

मेष खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

वृषभ प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

मिथुन कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

कर्क आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

सिंह शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

कन्या सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

तुला शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

वृश्चिक समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

धनु नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

मकर सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

कुम्भ समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

मीन यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

न्यूज बॉक्स

इराक में गैस क्षेत्र पर ड्रोन हमले में चार की मौत

बगदाद। इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में एक गैस क्षेत्र पर ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई। क्षेत्रीय और संघीय अधिकारियों ने हमले की निंदा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कुर्दिस्तान क्षेत्रीय सरकार (केआरजी) के प्रवक्ता पेशवा हवारमानी ने कहा कि हमले में गैस क्षेत्र में काम कर रहे चार यमनी नागरिकों की मौत हो गई।

बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने इस हमले की निंदा की और इसे आतंकवादी कृत्य बताया। लक्षित खोर मोर गैस क्षेत्र सुलेमानी प्रांत में स्थित है। यह संयुक्त अरब अमीरात स्थित ऊर्जा कंपनी दाना गैस द्वारा संचालित है। प्रवक्ता ने इराकी संघीय सरकार से हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने का आग्रह किया है। क्षेत्र के बिजली अधिकारियों ने एक अलग बयान में बिजली संयंत्रों के लिए गैस आपूर्ति पर हमले के प्रभाव को उजागर किया। उनका कहना है कि हमले की वजह से बिजली उत्पादन में लगभग 2,500 मेगावाट की कमी आई। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशन कमांड (जेओसी) ने हमले की पुष्टि की है। वहीं प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने जेओसी को हमले की जांच के लिए एक समिति गठन करने का निर्देश दिया है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी, लगी आग

ह्यूस्टन। पश्चिमी अमेरिका में एरिजोना-न्यू मैक्सिको बॉर्डर के पास शुक्रवार को गैसोलीन और प्रोपेन ले जा रही एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिसके बाद इस रेल मार्ग को बंद कर गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एनएमएसपी लेफ्टिनेंट फिल वर्गास के हवाले से बताया कि एरिजोना के पास पटरी से उतरने के बाद लगभग छह रेल कोच में आग लग गई और वे घंटों तक जलती रहीं। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, घटना के बाद माइलपोस्ट 8 के पास अंतरराज्यीय राजमार्ग आई-40 पर पूर्व और पश्चिम की ओर जाने वाली लेन बंद कर दी गई। मैकिन्ले काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि वे अभी बता नहीं सकते कि मार्ग कब खुलेगा। बीएनएसएफ रेलवे प्रवक्ता लेना केंट ने मालगाड़ी के पटरी से उतरने की पुष्टि की और कहा कि चालक दल को कोई चोट नहीं आई है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस घटना की जांच चल रही है।

प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए दिए गए 1800 करोड़ कहां गए : कंगना

मंडी। मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कांग्रेस सरकार से सवाल किया कि प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र द्वारा दिए गए 1800 करोड़ रुपए कहां गए? कंगना ने आरोप लगाया, प्रदेश सरकार की खराब नीति की वजह से यह पैसा प्रभावित लोगों तक नहीं पहुंचा। हालांकि, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नुकसान का जायजा लेने आए थे। कंगना ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, कांग्रेस ने सत्ता का दुरुपयोग कर टू-जी, फोर-जी, चारा और ना जाने कितने घोटाले किए। कांग्रेस को प्रदेश की जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है, बल्कि यह पार्टी हमेशा से ही जनता के हितों पर कुठाराघात करने में माहिर है। अभिनेत्री ने कहा, कांग्रेस ने सत्ता में रहते समय सीमा पर सड़क निर्माण करने से गुरेज किया, जिसका नतीजा यह हुआ कि सीमावर्ती इलाकों में विकास नहीं हो सका, मगर आज मोदी सरकार के नेतृत्व में चौतरफा विकास हो रहा है। कंगना ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को लेकर हमेशा से ही संवेदनशील रही है। मोदी सरकार ने राजनीति में महिलाओं को आरक्षण दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया, लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया, क्योंकि कांग्रेस के लोग नहीं चाहते थे कि इस देश की महिलाओं की तरक्की हो।

फेल है दिल्ली का शिक्षा मॉडल, हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद भाजपा ने मांगा केजरीवाल का इस्तीफा

नई दिल्ली। भाजपा राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने एमसीडी स्कूलों की दयनीय हालत को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा है कि दिल्ली का शिक्षा मॉडल पूरी तरह से फेल है और हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद केजरीवाल को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। सिरसा ने दावा किया कि हाई कोर्ट ने टिप्पणी की है कि अरविंद केजरीवाल सत्ता के लोभी हैं, अपने लिए सत्ता का इस्तेमाल कर रहे हैं और वह देश के हित से ऊपर अपने निजी हित को मानते हैं। उन्होंने हाई कोर्ट की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली का शिक्षा मॉडल इतना फेल है कि 2 लाख बच्चों के पास बेसिक सुविधाएं, यहां तक कि किताबें तक नहीं हैं, पीने का पानी नहीं है, स्कूलों की हालत जर्जर है और यहां तक कहा कि टिन के शेड में बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं। केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए सिरसा ने कहा कि एक तरफ स्कूलों और शिक्षा मॉडल की यह हालत है कि हाई कोर्ट को इस तरह की टिप्पणी करनी पड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ केजरीवाल जेल में रहकर भी मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं और सत्ता भोगना चाहते हैं।



गारंटियों को पूरा करने में कांग्रेस सरकार विफल : कर्नाटक भाजपा प्रमुख

शिवमोग्गा। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस ने मतदाताओं को लुभाने के लिए गारंटियों की घोषणा की, लेकिन उसे पूरा करने में विफल रही। जनता सिद्धारमैया सरकार की गलत नीतियों और तुष्टिकरण की राजनीति से तंग आ चुकी है। पत्रकारों से बात करते हुए विजयेंद्र ने कहा कि कांग्रेस राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 14 लोकसभा क्षेत्रों में 10 से 12 सीटें जीतने का सपना देख रही है, लेकिन रुझानों से मिले संकेत कांग्रेस को निराश करने वाले हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि भाजपा-जद(एस) के उम्मीदवार सभी 14 लोकसभा सीटों पर विजयी होंगे।

अखिलेश का भाजपा पर हमला, कहा ये लोग संविधान खत्म करना चाहते हैं

एजेंसी। कानपुर

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कानपुर देहात के रसूलाबाद में एक रोड शो में बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये वहीं लोग हैं, जो बाबा भीमराव अंबेडकर साहब का संविधान खत्म करना चाहते हैं। भाजपा के लोग हमारे लोगों के अधिकार छीन रहे हैं। यह चुनाव नई सरकार चुनने के साथ संविधान बचाने का भी चुनाव है। उन्होंने आगे कहा कि आपने देखा होगा कि भाजपा धीरे-धीरे संविधान को खत्म करना चाहती है। याद रखना संविधान खत्म हुआ, तो हमारा आपका वोट देने का भी अधिकार छिन जाएगा। हमने तय किया है कि जब हमारी सरकार आएगी, तब गरीब किसानों का पूरा कर्ज माफ होगा। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि यह सरकार इतनी तानाशाह हो गई है कि आने वाले समय में अपनों को भी जेल में बंद कर देगी। यहां तक कि आपको और हमको भी बंद कर देगी। सरकार न तो जानवरों को सुरक्षा दे पा रही है न ही पक्षियों को। सरकार तो पक्षियों से इतनी नफरत करती है कि इन्होंने एक सारस को कैद कर चिड़ियाघर में डाल दिया। आम जनता को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इन्होंने हजारों करोड़ रुपये चंदा लिया है। देश में महंगाई आज चरम पर है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब अंबेडकर साहब ने जो संविधान दिया, उस संविधान को बचाने के लिए हम सबको मिलकर काम करना पड़ेगा। किसानों के मुद्दे को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि एक हजार के लगभग किसान शहीद हुए, तब जाकर सरकार ने तीन काले कानून वापस लिए। जो सुविधा, मदद किसानों को मिलनी चाहिए, वह सरकार नहीं दे रही। नामांकन दाखिल करने के दूसरे दिन अखिलेश यादव ने कानपुर देहात के रसूलाबाद से कन्नौज के तिर्वा तक पहली बार रोड शो में हिस्सा लिया। रोड शो के दौरान अखिलेश यादव के साथ रथ पर सवार एक बच्चा बाबा भीमराव अंबेडकर की तरह किताब लेकर खड़ा हुआ था जो संविधान का संदेश दे रहा था।

जूनियर राष्ट्रीय चॉकबॉल में झारखंड की बालक-बालिका टीम क्वार्टर फाइनल में

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पंजाब के जालंधर में आयोजित 14वीं जूनियर राष्ट्रीय चॉकबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की जूनियर बालक एवं बालिका चॉकबॉल टीम अपने-अपने वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। क्वार्टर फाइनल में झारखंड की बालक टीम का मुकाबला महाराष्ट्र से होगा। जबकि, झारखंड की बालिका टीम का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला हरियाणा से होगा। बता दें कि जालंधर के डीएबी पब्लिक स्कूल के परिसर में 13वीं सब जूनियर एवं 14वीं जूनियर राष्ट्रीय चॉकबॉल प्रतियोगिता का आयोजन विगत 26 अप्रैल से हो रहा रहा है। इसका आयोजन 28 अप्रैल 2024 तक होगा। अपने पूल लीग मैच में बालक वर्ग में झारखंड की टीम ने आंध्र प्रदेश को 19-05 और गुजरात को 16-13 से पराजित किया। झारखंड की टीम पंजाब से कड़े मुकाबले में 13-14 पराजित हो गई और अपने पूल में दूसरे स्थान पर आई। साथ ही, क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। इसी तरह, बालिका वर्ग के पूल मैच में महाराष्ट्र को 12-08 एवं राजस्थान को 14-06 से पराजित कर झारखंड की टीम अपने पूल में टॉप पर आई। इसके साथ ही झारखंड की बालिका टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर गई।

दिल्ली की गर्मी में झुलस गई मुंबई इंडियंस

ऋषभ पंत के सूरमाओं ने आखिरी गेंद पर जीता रोमांचक मैच

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के 43वां मैच में 10 रन से जीत दर्ज की है। दिल्ली ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए जेक फ्रेजर-मैकगर्क की 27 गेंदों पर 11 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 84 रन की धमाकेदार पारी की बदौलत 4 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी मुंबई की शुरूआत भले ही धीमी रही लेकिन तिलक वर्मा (63) और हार्दिक पांड्या (46) ने उम्मीद जगाई लेकिन 247/9 के स्कोर के साथ लक्ष्य को भेदने में नाकाम रहे।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई दिल्ली ने पहले ही ओवर में तेवर जाहिर कर दिये थे जब ल्यूक वुड को जैक ने तीन चौके और एक छक्का जड़ा। दूसरे ओवर में आए जसप्रीत बुमराह को भी उन्होंने नहीं बख्शा और पहली गेंद पर लांग आन में छक्का, दूसरी पर मिडआन में चौका तथा छठी गेंद पर मिडविकेट में चौके समेत 18 रन निकाले। इस सत्र में शानदार फॉर्म में दिख रहे बुमराह का यह सबसे महंगा ओवर रहा। तीसरे ओवर में नुवान तुषारा को पोरेल ने मिडआफ पर चौका जड़ा। इसके बाद मैकगुर्क ने कवर्स, फाइन लेग और स्ट्रेट में तीन चौके लगाकर रनगति को तूफानी गति से बढाए रखा।

उन्होंने अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला के अगले ओवर में छक्का लगाया और इसी ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया। पांचवें ओवर में मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या गेंदबाजी के लिए आए तो मैदान पर ह्यरोहित रोहित' का शोर गूंजने लगा। खराब फॉर्म में चल रहे हार्दिक ने अपने पहले ही ओवर में 20 रन लुटाये और मैकगुर्क ने उन्हें दो छक्के तथा दो चौके जड़ डाले। बुमराह ने छठे ओवर में दबाव कुछ कम करने की कोशिश करते हुए सिर्फ तीन रन दिए। दिल्ली ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 92 रन बनाए। हार्दिक को सातवें ओवर में पोरेल ने नसीहत दी और दो चौके तथा दो छक्कों समेत 21 रन निकाले।

खतरनाक हो चुकी इस साझेदारी को आखिरकार आठवें ओवर में चावला ने तोड़ा जब उनकी गेंद पर मैकगुर्क ने मिडविकेट में मोहम्मद नबी को कैच थमाया। वहीं पोरेल भी दसवें ओवर में नबी का शिकार हुए और आगे बढकर खेलने के प्रयास में ईशान किशन की चुस्त स्टम्पिंग पर विकेट गंवा बैठे। उन्होंने 27 गेंद में 36 रन बनाए जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। दोनों जमे हुए बल्लेबाजों के आउट होने के बाद शाई होप ने जिम्मा संभाला और अगले ओवर में चावला को लांग आन पर छक्का लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। उन्होंने 12वें ओवर में नबी को भी दो छक्के लगाए।

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने नुवान तुषारा को अगले ओवर में एक चौका और एक छक्का जड़कर दर्शकों को खुश कर दिया। वुड को दूसरे स्पैल में पहली दो गेंद पर होप ने छक्के जड़े लेकिन तीसरा छक्का लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट सीमारेखा के सामने तिलक वर्मा को कैच दे बैठे।

कुणाल पांड्या दूसरी बार बने पिता, पत्नी पंखुड़ी शर्मा ने बेटे को दिया जन्म

नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जाइंट्स के ऑलराउंडर कुणाल पंड्या दूसरी बार पिता बन गए हैं। भारतीय क्रिकेटर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बच्चे के जन्म का खुलासा किया। क्रुणाल पांड्या की पोस्ट के अनुसार उनके बेटे वायु क्रुणाल पांड्या का जन्म पांच दिन पहले 21 अप्रैल को हुआ था। क्रुणाल ने तीन तस्वीरें अपलोड की हैं जिनमें वह अपने बड़े बेटे कविर को गोद में लिए नजर आ रहे हैं। नवजात शिशु को गोद में लिए हुए उनकी पत्नी पंखुड़ी शर्मा उनके बगल में बैठी हैं। पंड्या परिवार मुस्कुरा रहा था क्योंकि उन्होंने अपने परिवार में नए सदस्य का स्वागत किया। एलएसजी के ऑलराउंडर ने अपने पोस्ट में लिखा, 'वायु क्रुणाल पंड्या 21.04.24'। दिनेश कार्तिक, युजवेंद्र चहल और शिखर धवन ने साथी क्रिकेटर जोड़े को बधाई दी। क्रुणाल पांड्या और पंखुड़ी शर्मा की शादी 27 दिसंबर 2017 को हुई है। इस जोड़े ने दो साल पहले 18 जुलाई 2022 को अपने पहले बेटे कविर का स्वागत किया था। गौर हो कि क्रुणाल ने भारत के लिए 5 वनडे और 10 टी20 मैच खेले हैं। वनडे में 4 इनिंग्स में उन्होंने 65.0 की औसत से 130 रन बनाए हैं जिसमें उनका हाइएस्ट 58 है। इस दौरान उन्होंने एक अर्धशतक लगाया। टी20 में उन्होंने 10 इनिंग्स खेली हैं और 24.8 की औसत से 124 रन बनाए हैं जिसमें उनका हाइएस्ट स्कोर 26 है। आईपीएल में 105 इनिंग्स में उनके नाम 1572 रन हैं जिसमें हाइएस्ट 86 है। ये स्टोर उन्होंने 21.83 की औसत से बनाए हैं जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

ग्रीस ने पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के आयोजकों को सौंपी मशाल

एथेंस। ग्रीस ने शुक्रवार को एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में आयोजित एक प्रतीकात्मक समारोह के दौरान आधिकारिक तौर पर पेरिस 2024 आयोजन समिति के एक प्रतिनिधिमंडल को ओलंपिक मशाल सौंपी। यह वही स्थान है, जहां आधुनिक ओलंपिक पहली बार 1896 में खेले गए थे। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक इस वर्ष 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में आयोजित किया जाएगा। पेरिस 2024 आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्तांगुएट ने एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में ओलंपिक मशाल प्राप्त की। इसी के साथ ग्रीस में 11 दिवसीय ओलंपिक रिले का कार्यक्रम समाप्त हो गया। अब ओलंपिक मशाल फ्रांस जाएगी, जहां रिले का आयोजन 8 मई से किया जाएगा। इस दौरान, हेलेनिक ओलंपिक समिति के अध्यक्ष स्पाइरोस कैप्रालोस ने एक मार्मिक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय रिले के दौरान मशाल के गर्मजोशी से स्वागत के लिए अपने साथी नागरिकों को धन्यवाद दिया और फ्रांस के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। ओलंपिक की आधिकारिक वेबसाइट ने कैप्रालोस के हवाले से कहा, ₹भीड़ भरे पैनाथेनिक स्टेडियम में, आशा और गर्व की एक अनोखी यात्रा, जिसने पूरे ग्रीस को एक छोर से दूसरे छोर तक रोशन कर दिया है, समाप्त हो गई है। ये 11 दिन जिन्होंने हमारे देश को मंत्रमुग्ध कर दिया है और पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है, 2024 में पेरिस में होने वाले अगले ओलंपिक खेलों की एक महान यात्रा की शुरूआत मात्र है। इसके बाद, पेरिस 2024 आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट (एफआरए) ने एक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने ज्वाला प्रज्ज्वलन और हैंडओवर समारोह दोनों के आयोजन के लिए ग्रीक लोगों के साथ-साथ हैंडओवर कार्यक्रम के फ्रांसीसी पथप्रदर्शक पापदाकिस और हेस, दोनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ग्रीस में ओलंपिक मशाल रिले की इस शानदार शुरूआत के लिए हेलेनिक ओलंपिक समिति और उसके अध्यक्ष स्पाइरोस कैप्रालोस को धन्यवाद।

टीम इंडिया ने कंपाउंड डिवीजन में लगाई स्वर्ण पदक की हैट्रिक

तीरंदाजी विश्व कप

एजेंसी। शंघाई

भारत ने शनिवार को शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप में मजबूत शुरूआत करते हुए कंपाउंड वर्ग में तीन स्वर्ण पदक हासिल किए। भारतीय पुरुष, महिला और मिश्रित टीम ने देश को गौरवान्वित किया। सबसे पहले, ज्योति सुरेखा, अदिति गोस्वामी और परनीत की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने कड़े मुकाबले में इटली को 236-226 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मीडिया ने शनिवार को ट्वीट किया, ₹बुल्स-आई!! ज्योति, अदिति और परनीत की महिला कंपाउंड टीम ने तीरंदाजी विश्व कप - चरण 1 में इटली को 236-226 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। बधाई हो, टीम! भारत को कंपाउंड डिवीजन में अपना दूसरा पदक तब मिला जब अभिषेक वर्मा, प्रथमेश फुगे और प्रियांश की पुरुष टीम ने एक और कड़े स्वर्ण पदक मैच में नीदरलैंड को 238-231 से हराया। साई मीडिया ने ट्वीट किया, कंपाउंड डिवीजन में दूसरा स्वर्ण। अभिषेक, प्रथमेश और प्रियांश की पुरुष कंपाउंड टीम ने नीदरलैंड को 238-231 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

अश्मिता, प्रिया-श्रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई

चेंगदू। भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चैंपियन कनाडा की मिशेल ली को सीधे गेमों में 26-24, 24-22 से हराया। इसके बाद प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21-12, 21-10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है। महिला टीम अब अपने अगले मुकाबले में 28 अप्रैल को सिंगापुर और 30 अप्रैल को चीन से भिड़ेगी।

युवराज सिंह बने टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एंबेस्डर, कहा

इसका हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है

एजेंसी। नई दिल्ली

महान भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का ब्रांड एम्बेसडर के रूप में नामित किया गया है। टी20 क्रिकेट के प्रमुख वैश्विक आयोजन के शुरू होने में केवल 36 दिन शेष हैं। यह घोषणा भारत के विजयी पुरुष टी20 विश्व कप 2007 अभियान के दौरान एक ओवर में छह छक्के लगाने की युवराज की प्रतिष्ठित उपलब्धि के जश्न में की गई है। युवराज वेस्टइंडीज के आइकन क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट के साथ टूर्नामेंट के लिए घोषित होने वाले पहले एम्बेस्डर के रूप में शामिल हुए। अपनी भूमिका के तहत युवराज संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप से पहले और उसके दौरान विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मैच भी शामिल है।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने इस पर कहा, 'टी20 विश्व कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे अच्छी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं, जिसमें एक ओवर में छह छक्के लगाना भी शामिल है, इसलिए इस संस्करण का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है, जो अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होने वाला है।' उन्होंने कहा, 'वेस्टइंडीज क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है, जहां प्रशंसक इसे देखने के लिए आते हैं और एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दुनिया के उस हिस्से के लिए पूरी तरह से अनोखा है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी क्रिकेट का विस्तार हो रहा है और मैं उस विकास का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं।

व्यापार/लाइफ व साइंस

केंद्र ने दी छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की अनुमति

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात करने की अनुमति दी है। इन छह देशों में बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका हैं। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज का निर्यात करने की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) प्याज का निर्यात करेगी। इसके साथ ही भारत सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है। मंत्रालय के मुताबिक देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते महाराष्ट्र एनसीईएल द्वारा निर्यात के लिए खरीदे गए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। हालांकि, केंद्र सरकार ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मूल्य स्थिरीकरण कोष के तहत रबी सीजन-2024 में प्याज के बफर स्टॉक के लिए खरीद का लक्ष्य इस वर्ष 5 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों के कम होने के अनुमान और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने की पृष्ठभूमि में पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

वॉट्सएप ने दिल्ली हाई कोर्ट से कहा

अगर एन्क्रिप्शन हटाने के लिए मजबूर किया गया तो भारत से चले जाएंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

मैसेजिंग प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप ने दिल्ली हाई कोर्ट में बड़ी बात कही है। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, वॉट्सऐप ने हाई कोर्ट में कहा कि अगर उसे एन्क्रिप्शन हटाने के लिए मजबूर किया गया। तो वह अपना कामकाज बंद कर देगी यानी भारत से चली जाएगी। पूरा मामला नए आईटी नियमों से जुड़ा है। वॉट्सऐप और फेसबुक ने इन नियमों के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। वहीं वॉट्सऐप का कहना है कि एन्क्रिप्शन हटाने से यूजर्स की प्राइवेसी को खतरा हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले की सुनावई जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच कर रही थी। वॉट्सऐप की ओर से कोर्ट में दलील दी गई कि नए आईटी नियम 2021 से यूजर्स की प्राइवेसी कमजोर होती है और ये लोगों के मौलिक अधिकारों के भी खिलाफ है।

वॉट्सएप ने यह भी दलील दी कि दुनिया में कभी भी ऐसा नियम नहीं है, जिसमें एन्क्रिप्शन हटाने को मजबूर किया जाए, वॉट्सएप ने कहा कि नया नियम उसकी सलाह के बिना पेश किया गया

दरअसल, नए आईटी नियम के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स की चैट ट्रेस करने और किसी मैसेज के पहले सेंडर की पहचान करने के लिए कहा जा सकता है। अगर वॉट्सऐप को ऐसा करना पड़ा तो उसे सभी लोगों के तमाम मैसेजों को ट्रेस करना होगा और अपने पास सुरक्षित रखना होगा, जोकि कंपनी की पॉलिसी से उलट है।

सैमसंग24 आने के बाद 25 हजार में मिल रहा 70 हजार वाला फोन

सैमसंग स्मार्ट फोन हर लिहाज से अच्छे ऑप्शन साबित होते हैं। बेहतर फीचर्स के साथ आपको दमदार डिजाइन भी मिलता है। लेकिन कई बार नए मॉडल आने के बाद आपको पुराने मॉडल्स पर भारी डिस्काउंट मिलना शुरू हो जाता है। यही वजह है कि आज हम आपको Samsnug Galaxy S23 पर चल रहे ऐसे ही ऑफर के बारे में बताने जा रहे हैं। आप फोन को काफी सस्ता खरीद सकते हैं

S23 (8GB RAM, 128GB Storage) वैरिएंट को खरीदने के लिए 64,999 रुपए खर्च करने होंगे। लेकिन इसके साथ आपको अलग से ऑफर भी मिल रहा है। अगर आप एचडीएफसी बैंक कार्ड से पेमेंट करेंगे तो करीब 10% का अलग से डिस्काउंट हासिल कर सकते हैं। साथ ही 6 महीने के लिए No Cost एटक ऑप्शन भी दिया जा रहा है। खास बात है कि ये इंस्टेंट डिस्काउंट ऑफर है। फ्री डिलीवरी भी आपको अलग से दी जा रही है। सैमसंग अपने यूजर्स को ये फोन खरीदने पर अन्य एक्सेसरीज पर डिस्काउंट दे रहा है। इसमें वॉच से लेकर हर चीज शामिल है। इस फोन की खासियत है कि ये कॉम्पैक्ट डिजाइन के साथ आता है। यही वजह है कि इसे कैरी करना आपके लिए ज्यादा आसान हो जाता है। बाकि स्पेसिफिकेशन को लेकर भी आपको ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं होती है।

सोशल मीडिया प्रीमियम

फेसबुक-इंस्टाग्राम यूज करना हो सकता है पेड

एजेंसी। नई दिल्ली

फेसबुक की मात्र रूप में सोशल मीडिया नहीं, अब एक व्यापारिक यंत्र के रूप में उभर चुका है। इसके संग इंस्टाग्राम भी इस बदलाव का हिस्सा बन गया है। मेटा कॉर्पोरेशन, जो पूर्व में फेसबुक नाम से जाना जाता था, ने हाल ही में एक बड़ा फैसला किया है - फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग करने के लिए उपयोगकर्ताओं से फीस लेने का। यह निर्णय सोशल मीडिया प्लेटफार्म के इस नए अद्यतन को लेकर है, जिसमें उपयोगकर्ताओं को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। फेसबुक और इंस्टाग्राम ने अब तक अपने उपयोगकर्ताओं से कोई शुल्क नहीं लिया है, लेकिन उन्होंने विज्ञापनों के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ाने का प्रयास किया है। अब, यह प्लेटफार्म उपयोगकर्ताओं से सीधे भुगतान करने के लिए उनकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए उन्हें बदलाव कर रहे हैं।

यह फैसला जबरदस्त है, क्योंकि लाखों लोग विभिन्न उद्योगों में व्यापार करने के लिए इन सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करते हैं, और अब उन्हें इसके लिए पैसे भी देने पड़ेंगे। यह निश्चित रूप से एक संवेदनशील मुद्दा है, और इसका सीधा प्रभाव व्यापारों के लिए होगा, जो अब अपनी सोशल मीडिया प्रचार की लागत को नए तरीके से विचारने के लिए मजबूर होंगे। इस नए फीस मॉडल का प्रभाव सबसे ज्यादा छोटे उद्योगों और व्यापारिक उपयोगकर्ताओं पर होगा, जो अब सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करते हैं लेकिन अब इसके लिए भुगतान करने के लिए तैयार होना होगा। यहां, विशेष रूप से छोटे व्यवसायों को उनके बजट की चिंता हो सकती है, क्योंकि इस नए फीस मॉडल के तहत उन्हें अब अधिक खर्च करना होगा।

इसके अलावा, यह फैसला उपयोगकर्ताओं के उपयोग के स्वतंत्रता पर भी असर डाल सकता है। कुछ उपयोगकर्ता सीधे इस नए मॉडल को स्वीकार कर सकते हैं, जबकि कुछ अन्य उपयोगकर्ता इसे अच्छा नहीं मान सकते हैं और इसे छोड़ सकते हैं। इस नए फीस मॉडल के लिए, जिसे सोशल मीडिया प्रीमियम कहा जा सकता है, लागू करने के पीछे कई कारण हैं। पहले, यह एक अत्यधिक संवेदनशील और अनिश्चित समय में फेसबुक और इंस्टाग्राम के लिए अधिक आमदनी उत्पन्न करने का एक तरीका है। दूसरे, यह उन्हें अधिक उपयोगकर्ता के अनुभव पर ध्यान केंद्रित करने का एक तरीका है, जिससे उन्हें अधिक उपयोगकर्ता आकर्षित कर सकते हैं।

मई महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक

एजेंसी। नई दिल्ली

मई महीने की शुरूआत छुट्टियों के साथ होगी। इस महीने में बैंकों में 14 दिनों के अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर कुल 8 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा मई में 4 रविवार और 2 शनिवार को बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, इस दौरान बैंकों की ऑनलाइन और एटीएम सर्विस चालू रहेगी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से छुट्टियों की जारी कैलेंडर के मुताबिक मई में कुल 14 दिन बैंकों में अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। इसमें चार रविवार और 2 दिन शनिवार की साप्ताहिक छुट्टी शामिल है। इसके अलावा अन्य छह दिन क्षेत्रवार उत्सवों, लोकसभा चुनाव और राष्ट्रीय त्योहार के कारण बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग के दौर में आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेन-देन कर सकते हैं।

मई में बैंकों की छुट्टियों की लिस्ट

- एक मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर पूरे महाराष्ट्र में बैंकों में छुट्टी रहेगी।
- 5 मई को रविवार के साप्ताहिक अवकाश के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा।
- 7 मई को लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।
- 8 मई को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर बैंकों में छुट्टी रहेगी।
- 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे।
- 11 मई को शनिवार की छुट्टी की वजह से बैंकों की छुट्टी रहेगी।
- 12 मई को दूसरे रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे।
- 13 मई को लोकसभा के चौथे चरण के मतदान के अवसर पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।
- 16 मई को सिक्किम स्टेट डे के अवसर पर यहां सभी बैंक बंद रहेंगे।
- 19 मई को तीसरे रविवार को साप्ताहिक अवकाश पर बैंकों में छुट्टी रहेगी।
- 20 मई को लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव के अवसर पर अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।
- 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बैंकों में अवकाश रहेगा।
- 25 मई को चौथे शनिवार की छुट्टियों की वजह से बैंकों में अवकाश रहेगा।
- 26 मई को चौथे रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बैंक बंद रहेंगे।

यस बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 123 फीसदी बढ़कर 452 करोड़ हुआ

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के यस बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 452 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बैंक का मुनाफा 202 करोड़ रुपये था। यस बैंक ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 452 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक को 202.43 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। बैंक ने बताया कि फंसे कर्ज के लिए प्रावधान में कमी के चलते उसका लाभ बढ़ा है।

एक नजर

अवैध ईंट भट्ठे का धड़ल्ले से संचालन मिलीभगत का आरोप

लातेहार। चंदवा थाना क्षेत्र का शायद ही कोई ऐसा गांव होगा, जहां अवैध ईंट भट्ठा नहीं चल रहा है. प्रशासनिक व पुलिसिया कार्रवाई नहीं होने के कारण बेखौफ अवैध ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है। बगैर किसी लाइसेंस, एनओसी और प्रदूषण सर्टिफिकेट के अवैध ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों का बेखौफ इस्तेमाल किया जा रहा है। अवैध कोयला व बालू समेत गांव के वैसे तालाब के पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसका पानी जानवरों के पीने के साथ ग्रामीण नहाने धोने के लिए भी उपयोग में लाते हैं। इन तालाबों के पानी का अत्यधिक दोहन होने से तालाब सूख रहे हैं। संबंधित विभाग खानापूर्ति के लिए छापेमारी अभियान चलाती है और साइकिल- मोटरसाइकिल से कोयला आपूर्ति करने वालों को धर कर ले जाती है। अवैध ईंट भट्ठा का धंधा चलाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे में इनका मनोबल सातवें आसमान में है।

दो दिनों में करदाताओं को 1.82 लाख रुपये की मिली छूट

लातेहार। नगर पंचायत, लातेहार ने आगामी 30 जून से पहले तक वित्तीय वर्ष 2024 -25 का होल्डिंग टैक्स जमा करने पर अधिकतम 15 प्रतिशत छूट की घोषणा की है। विभाग के इस घोषणा के बाद नगर पंचायत कार्यालय में होल्डिंग टैक्स जमा करने वालों की कतार लग गयी है। नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने बताया कि गत दिनों में नगर पंचायत के द्वारा कर दाताओं को एक लाख 82 हजार रुपए की छूट दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इसमें सभी करदाताओं को पांच प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अगर होल्डिंग टैक्स में महिला या वरिष्ठ नागरिक का नाम है तो उन्हें पांच प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।

बिना परमिट और लाइसेंस सड़कों पर दौड़ रहे कई ऑटो

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर में ऑटो चालकों की मनमानी के कारण आये दिन जगह-जगह सड़कें जाम हो रही हैं। जिससे यात्रियों के साथ-साथ आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। पलामू में परमिट वाले ऑटो से ज्यादा बगैर परमिट वाले ऑटो चलते हैं. जबकि झारखंड हाईकोर्ट का सख्त आदेश है कि शहर हो या गांव परमिट वाले ऑटो को ही चलने दिया जाए। इसके बावजूद मेदिनीनगर शहर में धड़ल्ले से बगैर परमिट वाले ऑटो दौड़ रहे हैं। वहीं पुलिस-प्रशासन ने भी इसे लेकर अपनी आंखे बंद कर रखी है। उनके द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर में लगभग ऑटो का परमिट और ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नही है। सख्त कार्यवाई नहीं होने के कारण बिना लाइसेंस और परमिट के ऑटो सड़क पर सरपट घूम रहे हैं, जिस कारण शहर में ऑटो की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। जरूरत से ज्यादा ऑटो होने के कारण शहर में हर जगह जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा यात्री भी रास्ते में ही ऑटो को हाथ दिखा कर रोक देते हैं। वहीं दूसरी ओर ऑटो चालकों का कहना है कि उनके लिए स्टैंड तो बना हैं. लेकिंग वहां लोकल पैसेंजर नही रहते है. ऐसे में उन्हें यात्री बैठाने के लिए मजबूरन जहां-तहां ऑटो रोकना पड़ता है। बताते चलें कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में ऑटोरिक्शा चालकों की मनमानी बाधा बन गयी है। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा इन ऑटो चालकों पर सही तरीके से कार्रवाई नहीं की जा रही है। अपनी मर्जी के मुताबिक ऑटो चालक कहीं भी पैसेंजर को बैठाने के लिए ऑटो रोक देते हैं। ऐसा लगता है कि इन मामलों में ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन ने अपनी आंखे बंद कर रखी है। छह मुहान चौक पर एक पुलिस कर्मी ने बताया कि ऑटो चालकों की मनमानी पर प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है और ना ही कोई सख्त कानून बना है। जिसकी वजह से मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस और पुलिसकर्मी भी कुछ नहीं कर पाते हैं।

क्या कहते हैं ट्रैफिक प्रभारी

इस संबंध में पूछे जाने पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया की बिना परमिट वाले ऑटो के लिए समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, फिर भी अगर ऐसे ऑटो चल रही है तो निश्चित रूप से कार्रवाई करेंगे।

सड़क पर लग रहा मछली बाजार,यातायात प्रभावित

मोहम्मदगंज। स्टेशन रोड स्थित सिंचाई नहर चौक के पास सड़क पर मछली बाजार लगने से जहां जाम की समस्या दिन पर दिन बढ़ रही है वही इसके गंदगी से फैली दुर्गन्ध से लोग परेशान है।वही शाम होते ही फेंके गए मछली के अवशिष्ट सड़को के इर्द गिर्द आवारा कुत्तों का जमावड़ा हो जाता है। मछली बाजार लगने से दिन भर सड़को पर जाम की स्थित बनी रहती है। चूंकि मछली विक्रेता में ज्यादा महिलाओं की संख्या होती है जिस कारण कोई इनसे उलझना नहीं चाहता। विक्रेता खुद सड़क मछली बेचते है वही खरीरदार भी सड़क के बीच में ही अपने वाहन को लगा देते है जिससे और जाम की स्थित बन जाती है। लोगो का कहना है की इस संबंध में कई बार स्थानीय अधिकारी को अवगत कराया लेकिन इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

एसपी के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

मेदिनीनगर। पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के कचहरी चौक के पास शनिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहन को रोक कर उनकी गहनता पूर्वक तलासी ली गई।वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट और कागजात के कुल 18 वाहनों को पकड़ा गया।17 वाहन को फाइन के लिए डीटीओ के पास भेज दिया गया है।जबकि एक वाहन को सीजीएम कोर्ट फाइन के लिए भेजा गया है।

विश्रामपुर का रजगुडूवा पहाड़ बना शराबियों व अपराधियों का अड्डा

मेदिनीनगर। विश्रामपुर नगर परिषद का यह क्षेत्र प्राकृतिक रुप से काफी मनोरम व पहाड़ियों से घिरा है। जहां कल तक आसपास के लोग शाम को भ्रमण को परिवार के साथ निकलते थे। जहां प्राकृतिक सौन्दर्य का लुत्फ उठाते थे। लेकिन इन दिनों शाम ढलते हीं आने-जाने में भी डर लगने लगता है, कारण सामान्य लोग कम नशे में धुत्त असामाजिक तत्व ज्यादा नजर आते हैं। अधिकांशतः सा नजारा हर रोज देखने को मिलता है। स्थानीय युवा जो शराब को एक फैशन मानते हुए पीकर अपने को गर्वान्वित महसूस करते है। युवाओं की टीम विश्रामपुर से शराब की बोतलें व साथ चखने की कुछ खाद्य सामग्री लिए रजगुडूवा पहाड़ी क्षेत्र पहुंचते हैं। जहां पत्थरों की बड़ी-बड़ी चट्टानें टेबल का काम करता है। जहां बैखौफ घंटों बैठ शराब का लुत्फ उठाते हैं। ऐसे में इससे अच्छा जगह और कोई उपयुक्त नहीं लगता। इतना हीं नहीं शराबियों के द्वारा बोतलों को पत्थरों पर पटक कर तोड़ दिया जाताहै। बोतल की टुकड़े जहां पर्यावरण को नुकशान पहुंचा रहा वहीं बोतलों की बिखरे टुकड़े आते जाते लोगों के पैरों में जख्म भी दे रहे है।

दुकान से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। पाकी

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पांकी पुलिस ने अवैध शराब बंदी के खिलाफ अभियान चलाया जिसमें गुप्त सूचना के आधार पर पांकी पुलिस ने सगालीम बस स्टैंड से अवैध शराब के साथ दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। दोनों दुकानदारों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सगालीम बस स्टैंड में पान दुकान की आड में शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा है। इसी सूचना पर पुलिस ने सगालीम में रोहित कुमार और उपेन्द्र कुमार के दुकान में छापेमारी की गई। इस दौरान दोनों दुकानों से बड़े पैमाने पर अवैध शराब की बोतलें बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पिछले कई दिनों से स्कूल में बंद है मिड डे मील

पलामू। पलामू प्रखंड के एनपीएस भीतिआही विद्यालय में पिछले कई दिनों से बच्चों को मिड डे मिल का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसका मुख्य कारण यहा बताया जा रहा है कि विद्यालय में बच्चों के उपस्थिति, क्लास में बच्चों की कुल संख्या 27 है और उसमें से बच्चों के उपस्थिति सिर्फ और सिर्फ सात ही बच्चें है जो स्कूल आते है। वहीं स्कूल में दो शिक्षक कार्यरत है वह भी प्रतिदिन स्कूल नहीं आते है ग्रामीणों ने शिकयत करते हुए बताया कि ये सब पिछले कई दिनों से चल रहा है। जिस समय विद्यालय में प्रेस के प्रतिनिधि पहुंचे तो देखा कि मात्र एक शिक्षक वहां मौजूद थे। फोन करने के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार विद्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि चावल के अभाव में एमडीएम बंद है। वहीं संयोजिका के घर में विवाह था जिसके चलते भी मध्याह्न भोजन बंद है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि जनवरी माह से ही मानदेय बंद है। जबकि संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि पूरा मानदेय नहीं मिलता है। कठिन परिस्थिति में हम लोग काम करते हैं। इस मामले की जानकारी पंचायत के मुखिया बसंती देवी को दी गई। जबकि प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अजय कुमार रवि को भी इसके बारे में बताया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय के शिक्षक के द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। इधर गांव के मुखिया ने कहा की उन्हें ऐसी किसी भी चीज की कोई जानकारी नहीं मिली है जो विद्यालय से सबंधित हो। उपायुक्त और कोर्ट के आदेशों का दूरउपयोग किया जा रहा है।

न्यूज बॉक्स

नाबालिग को भगाने का आरोपी पंजाब से गिरफ्तार, बरामद हुई लड़की

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोपी युवक को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया। जबकि नाबालिग लड़की को मेडिकल चेकअप के लिये एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की के पिता ने बीते 20 मार्च को अपनी लड़की को शादी की नियत से भगा ले जाने की शिकायत हुसैनाबाद थाना में बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर थाना क्षेत्र के बढ़वान गांव निवासी सूर्यदेव प्रजापति के पुत्र दशरथ प्रजापति उर्फ राजा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।जिसका कांड संख्या 62/2024 हैं।मामला दर्ज होने के बाद दोनों की तलाश में जुटी हुसैनाबाद पुलिस को मोबाइल के लोकेशन लुधियाना मिलने के बाद से वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर एक टीम गठित कर इस केस के अनुसंधानकर्ता एसआई मनोहर प्रजापति के नेतृत्व में एक टीम लुधियाना पुलिस के सहयोग से नाबालिग लड़की को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया।

घरेलू विवाद में आत्महत्या का प्रयास

मेदिनीनगर। पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के निवासी जय प्रकाश यादव की पुत्री किरण कुमारी उम्र 20 वर्ष शनिवार की सुबह घरेलू विवाद के कारण घर में रखे जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास की। जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा किरण को इलाज के लिए रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी किरण की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही घटना की जानकारी मिलने पर किरण के रिश्तेदार उसके हाल को जानने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे।

सदर अस्पताल के स्टाफ पर मधुमक्खियों ने किया हमला

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल के स्टाफ मुकेश कुमार शनिवार की सुबह मधुमक्खियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मुकेश कुमार ने बताया की पोस्टमार्टम हाउस के पास बने सरकारी बिल्डिंग में वह रहता है शनिवार की सुबह वह सदर अस्पताल में काम करने जा रहा था। इसी बीच मधुमखियो ने उस पर हमला बोल दिया। जिसमे वह घायल हो गया।इसके बाद अन्य स्टाफ के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। बताते चले की कुछ दिन पहले भी सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में मधुमक्खियो ने मृतक राजमोहन पोलू के पोस्टमार्टम करवाने पहुंचे परिजनों व अन्य लोगो पर हमला बोल दिया था। हमले में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वही अन्य लोगों ने वहां से भाग कर अपने आप को मधुमक्खियों से खुद को बचाया था। पोस्टमार्टम हाउस के पास बने बिल्डिंग में मधुमक्खियो के छत्ते रहने की वजह आए दिन लोगों के साथ घटनाएं घट रही है। किसी भी व्यक्ति के ऊपर मधुमक्खी हमला कर लोगो को घायल कर रहे हैं। यदि समय रहते अस्पताल प्रबंधक के द्वारा इन मधुमक्खियां के छते को नहीं हटाया गया तो कभी भी किसी समय कोई बड़ी घटना घटने की संभावना है।

पुलिस ने की रजवार में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी

हरिहरगंज। पुलिस अधीक्षक पलामू रीष्मा रमेशन के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में शनिवार को सेमरवार पंचायत के रजवार गांव में छापेमारी की गयी. इस दौरान तीन घरों से करीब डेढ़ क्विंटल जावा महुआ, 20 लीटर निर्मित शराब के साथ ही शराब बनाने के 15 जार सहित अन्य उपकरणों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया. उक्त कार्रवाई से अवैध शराब चुलाई करनेवाले और बिक्री करने वालों में हड़कंप है. इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की सख्ती आगे भी जारी रहेगी। छापामारी अभियान में पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के अलावे सशस्त्र बल शामिल थे।

लोक अदालत में 146 मामले का निस्तारण

मेदिनीनगर। झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल शनिवार को 7:30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत एन आई एक्ट व बिधुत विभाग से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया है।इसमे 146 मामले का निस्तारण किया गया।व नव लाख 49 हजार 975 रुपए का मामला सेटल हुआ।

रांची

बच्चों को मिला योग व कराटे प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पांच दिवसीय 'हर बच्चा स्वस्थ' सप्ताह ('एवरी किड हेल्दी' वीक) के पांचवें दिन मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने राणी सती विद्यालय में बच्चों के लिए योग एवं कराटे प्रशिक्षण का आयोजन किया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के इस कार्यक्रम में पांचवें दिन बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए योग शिक्षक को बुलाया गया था। उन्होंने बच्चों को योग सिखाया और रोजाना योग करने से होने वाले फायदे के बारे में बच्चों और शिक्षक को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोजाना योग करने से हमारे शरीर और मस्तिक का विकास होता है। इसके अलावा, अपनी सुरक्षा स्वयं करने के लिए कराटे का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस कार्य में विद्यालय प्रबंधन ने भी पूरा साथ दिया, जिसके लिए शाखा ने उन्हें धन्यवाद दिया। कार्य को सफल बनाने में शाखा के सदस्यों का भरपूर साथ रहा। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया और शाखा की बहनें शुभा अग्रवाल, कविता सोमानी, आशा सर्राफ, कोमल पोद्दार, दीपिका मोतिका उपस्थित थीं।

चोरी के बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

रांची। हिंदपीढ़ी थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान दो अपराधियों मंगरा उर्फ गुड्डू और बिट्टू उर्फ मो अमीर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक बाइक, 85 ग्राम गांजा, दो सोने की चेन, एक टूटा हुआ सोने का चेन, एक पीस कान की बाली और तीन मंलगसूत्र बरामद किए गए हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस ने मारवाड़ी कॉलेज के पास एंटी काइम चेकिंग लगाया था। इसी दौरान एक काले रंग की बाइक पर तीन व्यक्ति सवार होकर आ रहे थे। पुलिस को देख कर वे लोग आचानक बाइक को घुमाकर तेजी से भागने का प्रयास करने लगे। उपस्थित पुलिस बल के सहयोग से दो लोगों को पकड़ लिया, जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकड़े गए दोनों अपराधियों से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी का नाम मो जावेद उर्फ आलू बताया।

जेंडर सेंसीटाइजेशन पर संत जेवियर्स कॉलेज में कार्यशाला

नवीन कुमार सिन्हा

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज रांची के फादर प्रूस्ट हॉल में आईक्यूएसी, आईसीसीएसएच एवं वीमेंस सेल ने शनिवार को जेंडर सेंसीटाइजेशन पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ फादर एन लकड़ा एसजे, आईसीसीएसएच की पीठासीन अधिकारी डॉ भारती सिंह रायपत एवं नोडल जेंडर चैंपियन डॉ मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला के आयोजन में डॉ सुप्रिया गुप्ता, डॉ सौम्या मानिनी सिन्हा, प्रो मेबल टोप्पो, प्रो सीएमए एकता आर्या एवं डॉ अनन्या बोस की सक्रिय भागीदारी रही। वंदना टेटे (प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन की संस्थापिका) एवं रेशमा सिंह (ध्वनि फाउंडेशन की राज्य प्रशिक्षिका) कार्यशाला की प्रशिक्षक थीं।

कॉलेज के सभी विभागों से विद्यार्थियों ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य था लिंग समानता से जुड़ी चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा लिंग संवेदनशीलता लाना। कॉलेज के कुछ विद्यार्थियों को जेंडर चैंपियन बनाया गया है और उन्हें लिंगसंबंधी समस्याओं के विषय में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर विद्यार्थी जेंडर चैंपियनों एवं प्राध्यापक जेंडर चैंपियनों को बैज दिए गए। कार्यशाला का संचालन डॉ सौम्या मानिनी सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो सीएमए एकता आर्या ने किया। डॉ अनुपमा भार्गव, आईसीसीएसएच की सदस्या ने सभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ फादर एन लकड़ा एसजे, उपप्रधानाचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज एसजे, रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग एसजे, डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ संजय सिन्हा, डॉ सुप्रिया गुप्ता, प्रो मेबल टोप्पो, डॉ अनन्या बोस, प्रो निधि आर्या, प्रो जैनेट एक्का एवं कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक मौजूद थे।

महावीर मेडिका ने जटिल हृदय ऑपरेशन कर युवक की बचाई जान

रांची। भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रांची में एक 27 वर्षीय युवक का जटिल हृदय ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई गई। युवक के आयोटा (महाधमनी), जिसकी सामान्य लंबाई मात्र 2 सेमी होती है, वह बढ़कर 10 सेमी हो गई थी, जिससे उसके किसी भी समय फटने का खतरा था। रोगी ने बताया कि हृदय रोग की जटिलता को देखते हुए रांची के अन्य हॉस्पिटलों ने सर्जरी करने में असमर्थता जताई, तब वह बहुत विश्वास के साथ मेडिका हॉस्पिटल आया। मेडिका हॉस्पिटल के प्रतिष्ठित हृदय रोग सर्जन डॉ सुनील कुमार ने न सिर्फ इस गंभीर स्थिति का निदान किया बल्कि अत्यधिक जटील मानी जाने वाली बेंटल प्रक्रिया द्वारा आयोटा महाधमनी वॉल्व को वाल्वयुक्त ग्राफ्ट से बदलने का निर्णय लिया। मेडिका के एवीपी अनिल कुमार ने बताया कि मरीज की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मेडिका हॉस्पिटल ने न केवल इलाज की जिम्मेदारी ली, बल्कि उसे बिना किसी आर्थिक बोझ के सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

आईआईसीएम में खनन अनुबंध पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आईआईसीएम में कोल इंडिया लिमिटेड ने खनन अनुबंध पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका आयोजन कोयला मंत्रालय के निर्देश पर खनन और सीएमसी डिवीजन के अधिकारियों के लिए मैराथन प्रशिक्षण शृंखला के तहत किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ बी. वीरा रेड्डी, डी(टी), सीआईएल व सीएमडी सीसीएल ने किया। प्रतिभागियों को प्रेरित करने को समापन भाषण के लिए सीआईएल के सीवीओ ब्रजेश कुमार त्रिपाठी को विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। डॉ कामाक्षी रमन, कार्यकारी निदेशक, आईआईसीएम, टीके मिश्रा, सलाहकार (एमएंडसी), सीआईएल, गिरीश जी, जीएम (सीएमसी), सीआईएल, और एनके झा, जीएम (ईएंडएम), आईआईसीएम, आईआईसीएम अधिकारी वर्ग और टीएसडीपी कार्यक्रम के प्रबंधन प्रशिक्षु इस अवसर पर उपस्थित थे। अपने समापन भाषण में ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सीवीओ, सीआईएल ने क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण पहल की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कई उदाहरणों और उपाख्यानों के साथ अपनी बातों को स्पष्ट करते हुए ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और कंपनी से जुड़े होने की भावना के महत्व को रेखांकित किया। इसके अलावा, उन्होंने इस अग्रणी कार्यक्रम की शानदार सफलता को स्वीकार करते हुए इसके आयोजन के लिए आईआईसीएम के कार्यकारी निदेशक और टीम की सराहना की।

पेज एक के शेष

चालक फोन पर कर रहा...

की जानकारी मिलते ही खलारी डीएसपी रामनरायण चौधरी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि फिलहाल सभी बच्चे सुरक्षित हैं। बताया कि एक बच्ची निधि कुमारी के सिर में चोट लगी है। बच्ची का सीटी स्कैन कराया गया है। ताकि अगर कुछ गंभीर हो तो दूसरे अस्पताल में इलाज कराया जा सके।

स्कूल प्रबंधन ने बताया : संत मारिया स्कूल की ओर से बताया गया कि मोड़ पर बस अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे एक खेत में पलट गयी। बस पलटते ही बच्चे चिल्लाने लगे। पलटने के कारण बस का दरवाजा बंद हो गया था, इसलिए कोई भी बच्चा चाहकर भी बस से बाहर नहीं निकल पा रहा था। स्कूल ने कुछ नई बसें खरीदी गई है। लेकिन रजिस्ट्रेशन में हो रही दिक्कतों के कारण पुराने बसे से ही काम लिया जा रहा है।

टिकट नहीं मिला तो एक ...

कांग्रेस में शामिल हुए थे, रांची लोकसभा के जातीय समीकरण को ध्यान में रख कर ही राहुल गांधी ने उनसे कहा था कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी होगी। इसी आधार पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता लेने को कहा था, उसके पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर ने भी कई बार टिकट देने का भरोसा दिया था। सदस्यता लेने के बाद 15-20 दिनों तक वे लोग टहलाते रहे और अंत में किसी और को टिकट दे दिया। पूर्व सांसद ने कहा कि वे पार्टी का झंडा ढ़ोने के लिए कांग्रेस में शामिल नहीं हुए थे, इसलिए कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं।

गढ़वा में फंदे से ...

इसके बाद थाना प्रभारी ने वरीय अधिकारियों को घटना की सूचना दी। वरीय अधिकारियों के पहुंचने एवं परिजनों की सहमति के बाद डेड बॉडी को फंदे से उतारा गया। बीडीओ मूलतः सिमडेगा के रहने वाले थे। उनकी पत्नी ज्योति खलखो सरकारी शिक्षक हैं।

उनका एक लड़का रेक्स करकेट्टा वर्तमान में हटिया सिंह मोड स्थित अनीश अपार्टमेंट में रहता है। घटना को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदि घटना स्थल पर पहुच कर छानबीन में जुटे हैं। खबर लिखे जाने तक बीडीओ ने आत्महत्या क्यों की, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। गढ़वा के एसपी दीपक पांडेय ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हत्या एवं आत्महत्या के एंगल पर जांच की जाएगी।

रांची में बर्ड फ्लू ...

बिक्री पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गए हैं। डॉ रजनीश गुप्ता ने लोगों से आग्रह किया है कि बर्ड फ्लू की वजह से ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। बस सावधानी बरतने की जरूरत है, जिन लोगों के घरों आसपास मुर्गी पालन किया जाता है, उन्हें अलर्ट रहने की जरूरत है। यदि उन्हें तेज बुखार, गले में खराश, सर्दी-जुकाम, बदन दर्द, भूख में कमी जैसे लक्षण होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।

40 लाख की अफीम के...

बरामद अफीम का बाजार मूल्य एनसीबी की ओर से तय दर के अनुसार करीब 40 लाख रुपये है। बालक ने बताया कि उसे गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेय टोला निवासी राहुल पांडेय ने अफीम हजारीबाग पहुंचाने का जिम्मा दिया था। इसके एवज में उसे मोटी रकम देने की बात कही गई थी। बालक के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर राहुल पांडेय के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

एक बार फिर चोटिल हुईं सीएम ममता हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त फिसला पैर

कोलकाता। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दूसरे दिन ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गईं। दुगार्पुर में हेलीकॉप्टर पर चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया। उन्हें फिलहाल आसनसोल ले जाया गया है। इस घटना से जुड़ी एक वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया और वह गिर गईं। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें उठाने के लिए भागे। गिरने के कारण ममता को मामूली चोटें आईं है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी ममता कई बार चोटिल हो चुकी हैं। हाल ही में ममता को उनके आवास पर चोट लगी थी। परिसर में टहलने के दौरान वह गिर गई थी, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। उन्हें तुरंत इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्हें टांके भी लगाए गए थे। इससे पहले 2021 में चुनाव प्रचार के दौरान नंदीग्राम में उन्हें कुछ लोगों ने धक्का दिया था, जिससे उनके पैर में चोट लगी थी। रेयापारा में एक मंदिर के बाहर हुई इस घटना को उन्होंने साजिश का हिस्सा बताया था।

'नक्सलवाद व गरीबी के खात्मे के लिए मोदी को बनाएं पीएम'

राजकोट के जामकंडोरणा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने की जनसभा

एजेंसी। राजकोट

केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे। अमित शाह ने शनिवार को राजकोट जिले के जामकंडोरणा में पोरबंदर लोकसभा सीट के पार्टी उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि देश में हुए अबतक दो चरणों के चुनाव में राहुल गांधी का सूपड़ा साफ हो गया है। सूरत सीट पर भाजपा उम्मीदवार को चुनाव से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने अनुच्छेद 370 के खात्मे और राममंदिर निर्माण की भी चर्चा की।

शनिवार सुबह उन्होंने कहा कि गांधी-सरदार के गुजरात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में पहचान दिलाई। शाह ने कहा कि 10 वर्षों के शासनकाल में नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के किए गड्ढों को भरने का काम किया है। आगामी 5 साल में नींव डालने का काम होगा। मोदी ने गुजरात को 5 लाख 95 हजार करोड़ रुपये दिए हैं।

सरदार पटेल का स्मारक बनाया

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का नाम भुला दिया था, अब सरदार पटेल का स्मारक पीएम मोदी ने बनाया है। समुद्री किनारों को नरेन्द्र मोदी ने सुरक्षित किया है। कांग्रेस अपने शासन वाले राज्यों में 8 घंटे से अधिक बिजली नहीं देती थी। जबकि पीएम मोदी ने ज्योतिग्राम योजना के जरिए गांवों में 24 घंटे बिजली देने की शुरूआत कर दी है। पीएम मोदी के कारण समग्र सौराष्ट्र में विकास का पहिया तेज गति से घूमा है। उन्होंने पोरबंदर लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार मनसुख मांडविया का जिक्र कर कहा कि कोरोनाकाल में मांडविया ने घबराए बगैर एकदम शांत मन से वैक्सीन का काम पूरा किया। कांग्रेस सरकार में देश में 7 एम्स था, आज हर साल एक लाख डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। यह मोदी सरकार की देन है। जन औषधि केन्द्र मनसुख मांडविया ने शुरू कराया। सौराष्ट्र में पानी की समस्या का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि सौराष्ट्र को कांग्रेस सरकार ने जल संकट की ओर धकेल दिया था। मोदी सरकार ने नर्मदा के जरिए पीने का पानी कच्छ तक पहुंचाया।

जय श्रीराम के नाम हुआ समग्र वातावरण

अयोध्या की चर्चा कर शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार राममंदिर का मुद्दा 70 वर्षों तक भटकाती रही। आखिरकार मोदी ने दूसरी बार पीएम बनने के साथ ही राममंदिर का निर्माण करवा कर समग्र वातावरण जय श्रीराम के नाम कर दिया है। गरीबों को अनाज, शौचालय, खुद का घर, उज्ज्वला गैस, नल से जल और 5 लाख तक की स्वास्थ्य सहायता का काम मोदी ने किया। अनुच्छेद 370 का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 5 अगस्त 2019 को इसे हटा दिया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार के समय कोई भी ऐरा-गैरा हमला करता था लेकिन मोदी के पीएम बनने पर पाकिस्तान के घर में घुसकर एयर और सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मनों के हौसले पस्त कर दिए गए।

अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस उम्मीदवारों पर सस्पेंस बरकरार

एजेंसी। गुवाहाटी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केरल के वायनाड से लोकसभा चुनाव लड़ने के राहुल गांधी के फैसले का बचाव करते हुए अमेठी और रायबरेली में पार्टी उम्मीदवारों पर सस्पेंस बनाए रखा। यहां एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा, वायनाड के लोग राहुल गांधी को अपने सांसद के रूप में देखना चाहते थे। इसीलिए उन्होंने उस सीट से चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि अमेठी और रायबरेली सीटों के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के

नामों की घोषणा कुछ समय बाद की जाएगी। उन्होंने कहा, कुछ दिन और रुको। हम दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे।" वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी ने भी कई बार अपनी लोकसभा सीटें बदलीं। इस बीच, खड़गे ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की उस टिप्पणी पर भी चुटकी ली, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'अगर कांग्रेस अध्यक्ष चाहें, तो वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं।' इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "मैं राज्यसभा में विपक्ष का नेता हूं और मेरे प्रतिद्वंद्वी मोदी हैं, यहां के सीएम नहीं। इसलिए, मैं मोदी से बात करूंगा और उन्हें (असम के सीएम) यहां हमारे लोगों का सामना करने दूंगा।

अर्बन नक्सल विचारों के चंगुल में कांग्रेस सहित पूरा इंडी एलायंस : रामकृपाल

पटना। कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भाजपा के तमाम बड़े नेता हमलावर हैं। इसी कड़ी में पूर्व केंद्रीय मंत्री और पाटलिपुत्र से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने कांग्रेस और राजद के घोषणापत्र को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में लगी हुई है, जबकि कांग्रेस का घोषणापत्र लोगों के जीवन भर की कमाई का एक्स रे कर उसे लूटने की योजना बना रही है। उन्होंने आगे कहा कि 10 साल पहले देश की जनता पीएम मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया था। उसके बाद एनडीए सरकार ने देश के हालत बदलने का काम किया।

आदिवासी बहुल क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेगी कांग्रेस : प्रियंका

एजेंसी। धरमपुर

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर स्थित दरबार गढ़ कम्पाउंड में सभा को संबोधित किया। सूरत हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद यहां हेलिकॉप्टर खराब होने से वे सड़क मार्ग से धरमपुर पहुंची। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कांग्रेस मेनिफेस्टो की खूब चर्चा है, इसे न्याय पत्र नाम दिया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछले 10 सालों से लोगों के जीवन में तरक्की नहीं आई, लोगों को न्याय नहीं मिला है। कांग्रेस ने जो न्याय पत्र बनाया है इसमें काफी स्कीम और गारंटी लाए हैं, उसे पूरा करेंगे। जहां-जहां हमारी सरकारें हैं या थीं वहां हमने जो भी गारंटी दी,

उसे पूरा किया। हमारी सरकार आएगी तो वन अधिकार का कानून लागू करेंगे और पट्टों से संबंधित मामलों का फैसला एक साल के अंदर करवाएंगे। एससी-एसटी का सब प्लान लागू करेंगे। आदिवासी समाज की जहां अधिक जनसंख्या है, उसे अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेंगे, ताकी सब सुविधाएं मिले। न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये तय करेंगे जिससे कोई शोषण नहीं कर सके।

पहले चरण के बाद कांग्रेस के घोषणापत्र को मिली अहमियत : पी चिदंबरम

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने शनिवार को पार्टी के घोषणापत्र की लगातार आलोचना करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में अपनी हार निश्चित देखकर मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को महत्व देना शुरू कर दिया है। चिदंबरम ने कहा कि मोदी द्वारा लगातार आलोचना करने से पार्टी के घोषणापत्र की खूब चर्चा हुई और पार्टी का संदेश जनता तक पहुंचा है। कांग्रेस नेता ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव अभियान के प्रवाह को बदलने के लिए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा, ह्लमोदी सरकार चली गयी। यह कुछ दिनों के लिए भाजपा सरकार थी। कल से ये एनडीए सरकार है। क्या आपने 19 अप्रैल के बाद से हुए नाटकीय बदलाव पर ध्यान दिया है? 5 अप्रैल से 19 अप्रैल के बीच मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को नजरअंदाज कर दिया। 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के बाद घोषणापत्र को एक नया कद मिल गया है। धन्यवाद, प्रधान मंत्री! कांग्रेस घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष ने एक अन्य पोस्ट में कहा, जिन राज्यों में 26 अप्रैल को मतदान हुआ, वहां से खबरें कांग्रेस के लिए बेहद उत्साहजनक हैं। केरल को गौरवान्वित स्थान प्राप्त है। यूडीएफ को 2019 का शानदार प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद है।

अजित पवार ने सुप्रिया सुले पर साधा निशाना

'ये रिश्तों का नहीं, देश के भविष्य का चुनाव है'

एजेंसी। मुंबई

एनसीपी नेता अजित पवार का कहना है कि लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है, रिश्तों का नहीं। बारामती में अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार के समर्थन में चुनाव प्रचार करते हुए अजित पवार ने ये बात कही। सुनेत्रा पवार बारामती से तीन बार की सांसद सुप्रिया सुले के सामने चुनाव लड़ रही हैं। दोनों के बीच ननद-भाभी का रिश्ता है। बारामती सीट पवार परिवार का गढ़ मानी जाती है। अब शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले को उनकी ही भाभी सुनेत्रा पवार चुनौती दे रही हैं। ऐसे में यहां लड़ाई बेहद रोचक हो गई है। शनिवार को बारामती के

काम पर वोट दीजिए

अजित पवार ने सुप्रिया सुले पर निशाना साधते हुए कहा कि 'शांति से सोचिए कि बीते 15 वर्षों में क्या काम हुआ है और उसके बाद वोट दीजिएगा।' दरअसल बारामती सीट से सुप्रिया सुले साल 2009 से सांसद हैं। अजित पवार ने कहा कि जो लोग घड़ी के चुनाव चिन्ह पर जीतते थे, वो पीएम को गालियां देते थे, जबकि अब जो घड़ी के चुनाव चिन्ह पर जीतेंगे, वो मोदी का समर्थन करेंगे।

अंबेगांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा 'यह चुनाव एक गांव या रिश्तों के बारे में नहीं है।

भाजपा विस्तार मुख्यालय में डेढ़ हजार से ज्यादा सिख समुदाय के लोग पार्टी में हुए शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा के विस्तार मुख्यालय में शनिवार को 1500 से अधिक सिख समुदाय के लोग पार्टी में शामिल हुए। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने नए सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जानते हैं कि हमारे सिख भाइयों ने किस तरीके से देश के लिए अपनी कुबार्नी दी, देश के लिए बलिदान हुए। देश पर जितने भी आक्रमण हुए, उन सबको मुंहतोड़ जवाब देने और विजय हासिल करने में सिख भाइयों का बहुत बड़ा योगदान है। ऐसे सिख कौम के लोग भाजपा में शामिल हों, ये हमारे लिए गौरव और खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा

अकेली ऐसी पार्टी है, जिसके माध्यम से हम देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को आगे बढ़ा सकते हैं। इसमें बहुत बड़ा योगदान आपका है, आपके शामिल होने से हम यह काम और तीव्र गति से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि सिख कौम के लिए अगर सही मायने में किसी ने काम किया है, तो वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। मोदी लंबे समय तक पंजाब के प्रभारी रहे, इसलिए उन्हें सिख समुदाय से बहुत लगाव है। जे पी नड्डा ने कहा कि 1984 में जिस तरह से मानवता और इंसानियत का गला घोंटा गया, वो हम सबने देखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 1984 के दंगों पर एसआईटी का गठन किया और आज उन दंगों के दोषी जेल में हैं। नड्डा ने कहा कि आपके योगदान को पहचानना, उसकी इज्जत करना और आपको मुख्यधारा में शामिल करते हुए पूरी ताकत के साथ आपको आगे बढ़ाना अगर संभव है तो ये भाजपा में ही संभव है। सिख कौम के लोग भाजपा में शामिल हों, ये हमारे लिए गौरव और खुशी की बात है।

तेलंगाना में अभिनेता बाबू मोहन व मंदा जगन्नाथ का नामांकन खारिज

हैदराबाद। तेलंगाना में पूर्व मंत्री और अभिनेता पी. बाबू मोहन और पूर्व सांसद मंदा जगन्नाथ का नाम उन 267 उम्मीदवारों की फेहरिस्त में है, जिनका नामांकन लोकसभा चुनाव के लिए खारिज कर दिया गया है। चुनाव अधिकारियों ने 17 लोकसभा सीटों के 626 उम्मीदवारों का नामांकन खारिज किया है। 893 उम्मीदवारों द्वारा कुल 1,488 नामांकन दाखिल किए गए, जिनमें से कई ने एक से अधिक नामांकन सेट दाखिल किए। चुनाव आयोग के मुताबिक 1,060 नामांकन वैध पाए गए। बाबू मोहन ने वारंगल निर्वाचन क्षेत्र से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया था। हालांकि उन्होंने अपने नामांकन के साथ 10 मतदाताओं के नाम जमा किये थे, लेकिन उन्होंने अपने हस्ताक्षर नहीं किए थे।

कांग्रेस ने पहले देश को बांटा, आज संपत्ति बांटने की कर रही साजिश : सीएम योगी

एजेंसी। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री योगी ने हाथरस के सिकंदराराऊ में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वो कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी पर जमकर बरसे। सीएम योगी ने रैली में सैम पित्रोदा के विरासत कर वाले बयान को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले 1947 में देश का बंटवारा करवाया। आज वह आपकी संपत्ति को बांटने की साजिश कर रही है। सीएम योगी ने कहा, एक तरफ 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे के साथ भाजपा और एनडीए है और दूसरी तरफ कांग्रेस-सपा का इंडी गठबंधन है। कांग्रेस ने 1947 में देश का विभाजन कराया। पहले देश

को बांटा और अब कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में कह रही है कि हम भारत के अंदर संपत्ति का सर्वे करवाएंगे। ये आपकी संपत्ति का सर्वे कराकर आपके बाप-दादा की जो कमाई है, इस कमाई को वो लोग उसमें विरासत टैक्स लगाने की बात कर रहे हैं। आप लोगों ने सैम पित्रोदा का बयान सुना होगा। आपके बाप-दादा ने 4 कमरों का घर बनाया है तो आप 2 कमरो में रहो, 2 कमरे कांग्रेस और सपा के अधिकार में चला जाएगा। मेहनत और परिश्रम करेंगे आप और डकैती डालने के लिए कांग्रेस-इंडी गठबंधन के लोग आएंगे। क्या यह छूट देंगे आप। पहले देश को बांटा, आज आपकी संपत्ति को बांटने की साजिश ये लोग कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस को 65 वर्षों तक देश में शासन करने का अवसर प्राप्त हुआ। समाजवादी पार्टी को 4 बार और बहुजन समाज पार्टी को 3 बार प्रदेश में शासन करने का मौका मिला। लेकिन इन सबको मिलाकर जितना कार्य देश के अंदर इन लोगों ने 65-70 वर्षों में नहीं किया, जितना कार्य उत्तर प्रदेश के अंदर सपा, बसपा, कांग्रेस ने मिलकर नहीं किया, उतना पीएम मोदी के नेतृत्व में मात्र 10 साल के अंदर देश में हुआ है और सात साल में भाजपा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के अंदर हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा के समय में गरीब व्यक्ति भूखे मरता था। आज 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन का लाभ मिला।

अखिलेश का भाजपा पर हमला, कहा- ये लोग संविधान खत्म करना चाहते हैं

कानपुर। अखिलेश यादव ने कानपुर देहात के रसूलाबाद में एक रोड शो में बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये वहीं लोग हैं, जो बाबा भीमराव अंबेडकर साहब का संविधान खत्म करना चाहते हैं। भाजपा के लोग हमारे लोगों के अधिकार छीन रहे हैं। यह चुनाव नई सरकार चुनने के साथ संविधान बचाने का भी चुनाव है। उन्होंने आगे कहा कि आपने देखा होगा कि भाजपा धीरे-धीरे संविधान को खत्म करना चाहती है। याद रखना संविधान खत्म हुआ, तो हमारा आपका वोट देने का भी अधिकार छिन जाएगा। हमने तय किया है कि जब हमारी सरकार आएगी, तब गरीब किसानों का पूरा कर्ज माफ होगा। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि यह सरकार इतनी तानाशाह हो गई है कि आने वाले समय में अपनों को भी जेल में बंद कर देगी।

दो चरणों के चुनाव के बाद एनडीए के लोग अवसाद में : तेजस्वी यादव

एजेंसी। पटना

तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा कि दो चरणों के चुनाव बाद एनडीए के लोग अवसाद में हैं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश के किसान, नौजवान, महिला, छात्र, व्यापारी और कर्मचारी जान चुके हैं कि मोदी है तो नौकरी मिलना मुश्किल है, मोदी है तो बेरोजगारी हटना मुश्किल है, मोदी है तो महंगाई कम होना मुश्किल है, मोदी है तो मुद्दों पर बात होना मुश्किल है, मोदी है तो स्कूल-अस्पताल पर चर्चा मुश्किल है, मोदी है तो किसानों की आय दुगुनी होना मुश्किल है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री शुक्रवार को दो जगह बिहार में थे। एक बार भी उन्होंने अपने साल की किसी एक भी उपलब्धि का ज़िक्र नहीं किया।

संविधान और लोकतंत्र के मसले पर लालू प्रसाद और सम्राट चौधरी में वार-पलटवार

बिहार में लोस चुनाव के दो चरणों के मतदान के बाद शनिवार को राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने संविधान और लोकतंत्र को लेकर एक दूसरे पर निशाना साधा। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शनिवार को अपने अधिकारिक एक्स पर भाजपा से सवाल पूछते हुए लिखा, भाजपा, मोदी सरकार और बीजेपी के नेताओं को बाबा साहब अंबेडकर द्वारा रचित देश के सबसे पवित्र ग्रंथ संविधान से नफरत क्यों है? उन्होंने आगे लिखा कि मोदी सरकार दलितों, पिछड़ों, वंचितों और गरीबों का आरक्षण, नौकरी, लोकतंत्र और संविधान क्यों समाप्त करना चाहती है? जवाब दें? इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पलटवार करने में देरी नहीं की। उन्होंने अपने अधिकारिक एक्स पर लालू प्रसाद को जवाब देते हुए लिखा कि लालू जी, जब संविधान को दरकिनार कर मनमोहन सिंह गरीब, दलितों की संपत्ति पर मुसलमानों का पहला हक बता रहे थे, तो कहां थे आप? जब संविधान के पन्नों पर उकेरे प्रभु श्रीराम को सैकड़ों साल तक टेंट में रखा गया था तो कहां थे आप?

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com